हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765

• आरा • रविवार • 8 फरवरी 2026 • वर्ष 10 • अंक 274 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## 22 भाषाओं में बोलेगा भारत का देसी एआई, मॉडल तैयार!

● खेती-किसानी की समस्याओं का भी मिलेगा समाधान, इसी महीने आएगा टेक्स्ट वर्जन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार देश का अपना आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मॉडल तैयार कर रही है। देश के पहले सरकारी और देसी सॉवरेन एआई मॉडल, भारत जेनएआई के तहत बनने वाले टेक्स्ट आधारित एआई मॉडल का काम इसी महीने पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी है। उन्होंने बताया कि यह एआई सिस्टम सिर्फ अंग्रेजी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, उर्दू सहित देश की सभी प्रमुख भाषाओं में लोगों से संवाद कर सकेगा। वहीं, इसी का बोलने और देखने की क्षमता वाला रूप



स्पीच और विजन टेक्नोलॉजी से लैस होगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत जेनएआई, इंडिया एआई मिशन के तहत विकसित किया जा रहा है और यह भारत का पहला राष्ट्रीय फाउंडेशनल लार्ज लैंग्वेज मॉडल होगा। इसे पूरी तरह भारतीय जरूरतों और सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार डिजाइन किया गया है।

● **खेती, स्वास्थ्य और कानून में मिलेगा फायदा-** सरकार के मुताबिक भारत जेनएआई का इस्तेमाल सिर्फ चैट या जानकारी देने तक सीमित नहीं रहेगा। इसका इस्तेमाल कृषि, आयुर्वेद, स्वास्थ्य सेवाओं और कानूनी सहायता जैसे क्षेत्रों में भी किया जाएगा, ताकि आम लोगों को सीधे फायदा मिल सके। इस परियोजना का नेतृत्व आईआईटी बॉम्बे कर रहा है, जिसमें आईआईटी मद्रास, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मंडी और आईआईटी इंदौर जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं।

### ● एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हब और कंप्यूट सपोर्ट

सरकार के मुताबिक भारत जेनएआई के तीन मुख्य हिस्से हैं- टेक्स्ट, स्पीच और विजन। देशभर में 25 टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब बनाए गए हैं। एआई विकास के लिए जरूरी कंप्यूटिंग संसाधन जैसे कि जीपीयू और सर्वर आदि सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये का रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन फंड शुरू किया है, जिससे एआई और नई टेक्नोलॉजी के विकास को वित्तीय मदद मिलेगी। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने साफ किया कि भारत जेनएआई सरकारी स्वामित्व वाला सॉवरेन सिस्टम होगा लेकिन यह आम लोगों, स्टार्टअप और संस्थानों के लिए खुला रहेगा। इसके इस्तेमाल को लेकर नियम बनाए जा रहे हैं।

## भारत ने दुनिया को दिखाई परमाणु वाली ताकत

### ● मीडियम रेंज बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अपने दुश्मनों को एक बार फिर आगाह कर दिया है। शुक्रवार को भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया है कि इस



मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन और तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देख रेख में किया गया। अग्नि-3 एक परमाणु क्षमता वाली इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक इसके सफल परीक्षण ने मिसाइल सिस्टम की विश्वसनीयता की पुष्टि कर दी है। यह मिसाइल एक दो-स्टेज वाला सिस्टम है जो सॉलिड फ्यूल से चलता है। पहले स्टेज का ईंधन खत्म होने के बाद, दूसरा स्टेज शुरू होता है और मिसाइल तय रास्ते पर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता है। इससे मिसाइल की स्थिरता और सटीकता बनी रहती है। वहीं इसकी मारक क्षमता की रेंज की बात करें तो यह लगभग 3,000 से 3,500 किलोमीटर है।

## कांग्रेस से भाजपा में आईं, अब बनेंगी बीएमसी की बॉस

### ● मुंबई की नई मेयर होंगी रितु तावड़े, शिंदे की पार्टी को डिप्टी मेयर का पद

**मुंबई (एजेंसी)।** देश की सबसे धनी नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम में सत्ता का समीकरण अब पूरी तरह बदल गया है। शनिवार को महायुति गठबंधन ने भाजपा की वरिष्ठ पार्षद रितु तावड़े को महापौर (मेयर) और शिव सेना (शिंदे गुट) के नेता संजय शंकर घाडी को उप-महापौर पद का उम्मीदवार घोषित किया। बीएमसी के 227 सदस्यीय सदन में महायुति के पास स्पष्ट बहुमत होने के कारण रितु



तावड़े का मुंबई की अगली मेयर बनना तय माना जा रहा है। महापौर और उप-महापौर पद के लिए चुनाव 11 फरवरी को बीएमसी मुख्यालय में संपन्न होगा। रितु तावड़े मुंबई भाजपा का एक अनुभवी चेहरा हैं। वे तीसरी बार पार्षद चुनी गई हैं। उन्होंने 2012 (वार्ड 127) और 2017 (वार्ड 121) में जीत दर्ज की थी। हाल ही में 15 जनवरी 2026 को हुए चुनावों में वे घाटकोपर के वार्ड संख्या 132 से विजयी हुई हैं। वे पहले बीएमसी की महत्वपूर्ण शिक्षा समिति की अध्यक्ष रह चुकी हैं, जिससे उन्हें नागरिक प्रशासन का गहरा अनुभव है।

## भारत और मलेशिया की विरासत साझी है

### ● कुआलालंपुर में बोले पीएम मोदी, रिसीव करने खुद पहुंचे पीएम इब्राहिम

### मोदी ने शिवरात्रि और रमजान की दी शुभकामनाएं, बताया ऐतिहासिक दौरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया के दौरे पर हैं। उन्होंने मलेशिया के कुआलालंपुर में भारतीय डायस्पोरा इवेंट में शिवरात्रि और रमजान की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया की विरासत साझी है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल मैं आसियान समिट के लिए मलेशिया नहीं आ पाया था। लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द ही मलेशिया आऊंगा। वादे के मुताबिक, मैं यहां हूं। 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।



आपके स्वागत की गर्मजोशी हमारी साझा संस्कृति की खूबसूरत विविधता को दिखाती है। सबसे पहले, मैं अपने प्यारे दोस्त अनवर इब्राहिम को कम्युनिटी सेलीब्रेशन में शामिल होने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं उन्हें अभी अपने भाषण में भारत-मलेशिया दोस्ती के पैमाने और भविष्य की संभावनाओं पर उनके बहुत अच्छे शब्दों के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

**मलेशिया के प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय चर्चा करेंगे पीएम मोदी-** दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इस दौरान दोनों देश यह देखेंगे कि भारत और मलेशिया के बीच बनी कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप में अब तक कितना डेवलपमेंट हुआ है और आगे क्या किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बातचीत में व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और लोगों के आपसी संपर्क जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

**पीएम मोदी बोले-**

### भारतीयों ने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा-मैंने यह भी कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। मैंने बताया कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं।

## मंत्री-शाह ने कर्नल सोफिया मामले में चौथी बार मांगी माफी

### ● सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले वीडियो जारी किया, कहा-आवेश में निकले थे शब्द



**भोपाल (एजेंसी)।** कर्नल सोफिया को लेकर दिए बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से दो दिन पहले प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। शाह ने कहा- मैंने पहले भी कई बार कहा है, मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज, किसी वर्ग का अपमान हो। वे शब्द निस्संदेह मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। वे शब्द देश भक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे। गलती के पीछे की भावना को अवश्य देखा जाना चाहिए। आप सब जानते हैं कि मेरी कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने अंतःकरण से क्षमा याचना की। कई बार की है। आज फिर कर रहा हूं। मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है कि मेरी छोटी से त्रुटि से ऐसा विवाद उत्पन्न हुआ। मुझे विश्वास है कि मेरी भावनाओं को सही संदर्भ में देखा जाएगा।

### ● विजय शाह ने पिछले साल महू में दिया था बयान

11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था- उन्होंने (आतंकियों ने) कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। शाह ने आगे कहा-अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। हमारी बहनों के सुहाग का बदला वही आकर ले सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट में एमपी सरकार को देना है जवाब

मंत्री विजय शाह के खिलाफ अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की मंजूरी के मामले में मध्यप्रदेश सरकार को 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करना है। इससे पहले कोर्ट ने राज्य सरकार को 15 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। सरकारी और राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से और समय मांग सकती है। तर्क यह दिया जाएगा कि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है और विस्तृत परीक्षण जरूरी है। यही रुख शुरुआत से मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम का भी रहा है।

## पप्पू यादव के समर्थन में उतरे राहुल और प्रियंका

### ● गिरफ्तारी को बताया नीट छात्रा मामले का बदला

**पटना (एजेंसी)।** पप्पू यादव के समर्थन में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भीउतर पड़े हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी केवल राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की गई है। उन्होंने कहा कि नीट छात्रा की संदिग्ध मौत को लेकर ही उन्हें गिरफ्तार किया गया है और अब डराया धमकाया जा रहा है। शुक्रवार को देर रात पटना पुलिस ने 31 साल पुराने एक मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, पटना में नीट की आकांक्षी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर व्यवस्था की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित परिवार ने जब निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की, तो वही पुराना भाजपा-राजग मॉडल सामने आ गया कि मामले को भटकाओ, परिजनों को प्रताड़ित करो और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण दो। राहुल ने कहा, इस बेटी के लिए न्याय की आवाज बनकर साथी सांसद पप्पू यादव जी मजबूती से खड़े हुए। उनकी गिरफ्तारी साथ तौर पर राजनीतिक प्रतिशोध है ताकि जवाबदेही को दबाया जा सके।

● **प्रियंका गांधी बोलीं-अत्याचार के साथ खड़ी बीजेपी-** पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी पप्पू यादव के प्रति एकजुटता प्रकट की और आरोप लगाया कि भाजपा एवं उसके सहयोगी दल अत्याचार के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ बलात्कार और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह मामला सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्रियंका ने कहा, प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। प्रियंका ने आरोप लगाया कि इस मामले में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैये की एक और कड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है कि वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं।

## पूरा जम्मू-कश्मीर और अक्साई चिन भारत का है

### ● ट्रेड डील के साथ यूएस ने जारी किया अखंड भारत का नक्शा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच शनिवार को हुए अंतरिम व्यापार समझौते की चर्चा जितनी इसके आर्थिक पहलुओं को लेकर है, उससे कहीं अधिक चर्चा अमेरिकी प्रशासन द्वारा जारी किए गए भारत के एक नक्शे को लेकर हो रही है। ट्रंप प्रशासन के इस कदम ने न केवल सोशल मीडिया पर हलचल मचा




दी है, बल्कि कूटनीतिक गलियारों में भी बड़े संकेत दे दिए हैं। अमूमन अंतरराष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में जम्मू-कश्मीर के विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। लेकिन इस बार यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूटीआर) के कार्यालय द्वारा जारी नक्शे ने सबको चौंका दिया। संपूर्ण जम्मू-कश्मीर नक्शे में पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया है। इसमें पीओके को भी भारतीय सीमा के भीतर दर्शाया गया है।

## भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म, बड़ी उपलब्धि

● गोयल बोले-अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी ● किसानों-मछुआरों को बड़ा फायदा होगा, आखिर बन गई बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा- यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर



(45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

**भारत-अमेरिका बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करेंगे-** समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने प्रावधान शामिल होंगे।

● **नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करेंगे दोनों देश-** पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं। अमेरिकी मेडिकल डिवाइसेस कंपनियों को भारत में कीमत तय करने के नियम, रजिस्ट्रेशन में देरी जैसी रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा था। भारत ने वादा किया है कि इन लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करेगा, ताकि अमेरिकी मेडिकल डिवाइस आसानी से भारत में बिक सकें। इससे भारतीय अस्पतालों और मरीजों को बेहतर और सस्ती अमेरिकी तकनीक मिल सकती है। अमेरिकी उत्पाद के आयात के लिए भारत में लाइसेंस की प्रक्रिया बहुत जटिल और समय लेने वाली थी। भारत ने सहमति जताई है कि इन लाइसेंस प्रक्रियाओं को आसान और तेज करेगा। इससे अमेरिकी आईटी और टेक कंपनियों के लिए भारत में बाजार पहुंच आसान हो जाएगी और भारत में भी सस्ते और अच्छे उपकरण उपलब्ध होंगे। टेस्टिंग आवश्यकताओं को स्वीकार किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक हुआ घायल, रेफर

**कौआकोल।** कौआकोल-महुलियाटांड़ मुख्य पथ पर झिलार गांव स्थित जोगियास्थान के पास सड़क दुर्घटना में एक 25 वर्षीय युवक बुरी तरह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मड़पो गाँव निवासी रामस्वरूप महतो के पुत्र रूपेश कुमार जमुई जिला के गढ़ी से बाइक से शनिवार की सुबह अपने घर वापस लौट रहा था,तभी उसका बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद 112 आपातकालीन वाहन के द्वारा सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल युवक को कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

### इंटरमीडिएट परीक्षा में तीन फर्जी परीक्षार्थियों पर कार्रवाई, परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**नवादा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा दिनांक 07 फरवरी 2026 को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 का पाँचवाँ दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर निरंतर निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के पाँचवें दिन प्रथम पाली में रसायन शास्त्र तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में संचालित हुई, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक आयोजित की गई। उपस्थिति के अनुसार प्रथम पाली में कुल 20,336 परीक्षार्थियों में से 20,138 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 198 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए, इस पाली में एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। वहीं द्वितीय पाली में कुल 11,281 परीक्षार्थियों में से 11,061 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए, जबकि इस पाली में तीन फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए, जिनके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की गई।

### कौआकोल थाना गेट के पास नवनिर्मित मन्दिर में हुआ श्री मारुति नंदन का प्राण प्रतिष्ठा

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद**



**कौआकोल।** कौआकोल थाना गेट के पास नवनिर्मित श्री संकट मोचन मन्दिर में श्री मारुति नंदन के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। इसी के साथ चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ का समापन हो गया। समापन के पूर्व पूर्णाहुति एवं हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसके बाद आयोजन कर्ताओं के द्वारा ब्राह्मण भोजन एवं कन्या पूजन किया गया। वहीं इस दरम्यान विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। जहां आठ हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व मन्दिर निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले कौआकोल थाना के पूर्व थानाध्यक्ष व थाली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह एवं कौआकोल सीओ मनीष कुमार को पूजा कमिटी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय यज्ञ के दौरान पूजा कमिटी के द्वारा दूसरे दिन जागरण एवं झांकी कार्यक्रम की भी व्यवस्था की गई थी।

### सखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राओं को दी गई जानकारी




**कौआकोल।** प्रखण्ड के प्रोजेक्ट गायत्री बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए कार्यक्रम अंतर्गत अधिष्ठापित सखी सहायता डेस्क के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिका अंशु माला के द्वारा सखी सहायता डेस्क के माध्यम सेसखी सहायता डेस्क के माध्यम से छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव,मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं,मानसिक तनाव,पोषण की कमी और एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा किया गया।

### तंबाकू के सेवन से मुंह में होती है कैंसर जैसी घातक बीमारी, रहे सतर्कः डॉ. मुकेश कुमार



दंत चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में निःशुल्क कैंसर रोग सह परामर्श शिविर आरंभ किया गया है। 4 से 10 फरवरी तक आयोजित साप्ताहिक कैंसर स्क्रीनिंग सह परामर्श शिविर में वरीय दन्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने कैंसर के कारण एवं बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

डॉ. मुकेश कुमार ने बताया को मुंह के कैंसर से हर साल लाखों लोगो की जान चली जाती है। उन्होने मुंह के कैंसर के बारे में बताया कि पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटका व तंबाकू के सेवन करने से मुंह के कैंसर होते है। जबकि लंबे समय तक सड़े हुए दांत, पुअर ओरल हाइजीन, कोई नुकीली दांत, जो बार-बार जीव या गाल को काट रहा हो, यह भी कारण हो सकते है। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति लंबे समय से गुटका का सेवन कर रहा हो और उनका मुंह खुलना कम हो गया हो,जीभ का हिलना-डुलना कम हो गया हो और बिना नमक-मिर्च का खाना काफी तेज लगे एवं धीरे-धीरे सुनने की क्षमता कम हो जाए तो समझिए यह ओरल कैंसर से पहले की अवस्था है। मुंह के अंदर का कोई ऐसा छाला,जो दो से तीन सप्ताह के बाद भी ठीक नहीं हो ओरल कैंसर के शुरुआती अवस्था हो सकती है। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि अगर आपके मुंह में कोई भी बदलाव दिखाई दे,जो सामान्य नहीं है,तो तुरंत दंत चिकित्सक से संपर्क करें।

### रामजानकी मठ परिसर में 10 फरवरी को होगा विराट हिन्दू सम्मेलन

**केसरिया।** आगामी 10 फरवरी को केसरिया स्थित रामजानकी मठ परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन सह सामुदायिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खण्ड कार्यवाहक ब्रजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में आरएसएस उत्तर बिहार के प्रान्त कार्यवाहक अभय गर्ग मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर संघ कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ब्रजेश कुमार ने कहा कि आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है, जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव को सशक्त करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# खलिहान में लगी भीषण आग

निज संवाददाता। नारदीगंज (नवादा)



प्रखंड क्षेत्र के इचुआ करना पंचायत के पकरिया गांव स्थित खलिहान में शुक्रवार की आधी रात के बाद भीषण अग्निकांड हुआ। अग्निकांड में स्व. अर्जुन प्रसाद यादव का पुत्र विशुन कुमार,बिनोद कुमार के अलावा शशिभूषण कुमार का नेवारी, धान समेत अन्य समान की क्षति पहुंची है। इन तीनों किसानों का इस अग्निकांड में खलिहान में रखे 35 हजार नेवारी का पुंज,तीन सौ बोरा में रखे धान और दो ढेरी भूमि पर रखा हुआ धान (तकरीबन ढाई सौ किंवटल धान) के अलावा झरनी,मोटर समेत अन्य सामान जल गये। पीड़ित परिवार के अनुसार इस घटना में लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की क्षति पहुंची है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों के अथक प्रयासों के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया है। घटना की सूचना सीओ की देकर आपदा प्रबंधन कोष से क्षतिपूर्ति की मांग किया है।

पीड़ित परिवार के अलावा ग्रामीणों ने कहा इस खलिहान में पकरिया निवासी विशुन कुमार, बिनोद कुमार और शशिभूषण कुमार का नेवारी और धान समेत अन्य सामान रखा हुआ था। झरनी से धान युक्त नेवारी की पिटाई कर धान के बोरा में रख दिया गया था। कुछ धान खलिहान में दो जगहों पर रखा हुआ था। उक्त धान को सात फरवरी 2026 यानी शनिवार को बिक्री करने के लिए यही खलिहान रख दिया गया था। बीते शाम तक सभी कुछ ठीक था। अचानक शुक्रवार को आधी रात के बाद पड़ोसी जब अपने घर के छत पर धान उसनने के लिए पहुंची तो खलिहान में धुआं उठते देखी। उसके बाद शोर मचाने पर काफी संख्या लोग खलिहान की ओर दौड़ पड़े। पीड़ित किसानों के अलावा समाजसेवी बिनोद कुमार अकेला, ब्रहमदेव यादव, गुलाब यादव, रामदेव यादव, रूपलाल यादव, जितेंद्र कुमार, भृगु यादव, रिंकी देवी, सरोज देवी, इंद्रदेव यादव, रामाधीन यादव समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे, और हालात देखकर हतप्रभ रह गए। तब तक आग प्रचंड रुप में था। घटना होते देख लोगों ने आसपास रहे दो समरसेबल को चालू कर काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर हिसुआ और नारदीगंज थाना के 102 वाहन की पुलिस पहुंची। ग्रामीणों का कहना घटना के समय हिसुआ थाना के अग्निशमन को भी सूचना दी गई थी, लेकिन कहा गया वाहन खराब है। उसके बाद किसी तरह से आग बुझाया गया। पीड़ित परिवार ने कहा एक साल का मेहनत व पूंजी बर्बाद हो गया। अब आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। शशिभूषण कुमार की बिटिया की शादी करनी थी। सब आशा अरमान में पानी फिर गया। यह घटना से आर्थिक रीढ़ टूट गई है।

### महवतपुर में ग्यारह कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य ने किया गांव का दौरा, ग्रामीणों में उत्साह का माहौल



गांव का भ्रमण करते महामंडलेश्वर व ग्रामीण

निज संवाददाता। रजौली

रजौली अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला थाना अंतर्गत महवतपुर गांव में ग्यारह कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर यज्ञ संचलन कर्ता वृंदावन के झुनकी किला आश्रम के महामंडलेश्वर पवन शरण महाराज द्वारा शनिवार को भ्रमण किया गया। इस दौरान यज्ञ आयोजन के अध्यक्ष अंजनी कुमार एवं सचिव गुड्डु सिंह समेत ग्रामीणों द्वारा आगंतुकों को फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यज्ञ आयोजनकर्ता ने बताया कि महवतपुर गांव में आगामी 23 अप्रैल से लेकर 1 मई तक ग्यारह कुण्डलीय श्री सीताराम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वृंदावन से यज्ञाचार्य स्वामी बैंकटशाचर्य की उपस्थिति रहेगी। वृंदावन से स्वामी मुकुट बिहारी शर्मा द्वारा कृष्ण लीला का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका ऋत्वा मिश्रा द्वारा प्रवचन का आयोजन होना सुनिश्चित है। ग्रामीणों ने आसपास के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से अपील किया है कि वे महवतपुर गांव में आयोजित महायज्ञ में शामिल होयें। इस महायज्ञ की समाप्ति 2 मई को भव्य भंडारा के साथ होगा।

**रामलाल इण्टर विद्यालय में सजग कार्यक्रम आयोजित**

## संगीत के माध्यम से भूकंप से बचाव की दी गई जानकारी

निज संवाददाता। रजौली



सजग कार्यक्रम में शामिल बच्चे व शिक्षकगण

रजौली प्रखंड के लेंगुरा पंचायत स्थित रामलाल इण्टर स्कूल तारगीर में शनिवार को सजग और संगीत के तहत भूकंप से बचाव पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और भूकंप से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान, चांदनी, मोनिका, अंजली, रिया खातून, रुकसार प्रवीण, और रिया रानी को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार दिया गया। इन छात्राओं ने भूकंप से बचाव पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक राणा रंजीत आजाद ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं ताकि छात्र आपदाओं से निपटने के लिए तैयार रहें।

कार्यक्रम में अरविंद, विजय शंकर पाठक, काजल, मुकेश, संगीता, रुही, सोनी, अब्दुल सलाम, गौतम कुमार शर्मा, राजेश, आशुतोष, नाजिया, अनीता, विकास, संदीप, और संजय सहित विद्यालय के कई शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## युवक की हत्या मामले का पुलिस ने किया उदभेदन, पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। पकरीबरावां



पकरीबरावां थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी सुभाष कुमार की हत्या मामले का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित पीसी में एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को 6 फरवरी को सूचना मिली कि भगवानपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। पुलिस अधीक्षक के अनुश्रवण में एवं पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में एसडीपीओ के साथ पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष रंजन कुमार, वारिसलीगंज के थानाध्यक्ष पंकज सैनी, धमौल के थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार, पकरीबरावां के एएसआई अशोक पाल, चंदन कुमार एवं चंदन कुमार सिंह को शामिल किया गया। गठित टीम ने मृतक की बहन के फर्द बयान पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी का अनुसंधान शुरू किया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर 24 घंटे के अंदर तीन नामजद आरोपितों एवं दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। एसडीपीओ ने बताया कि सभी ने इस घटना को अंजाम देने में संलिप्तता स्वीकार करते हुए गमछा से गला घोंटकर युवक की हत्या किए जाने की बात बताई। गिरफ्तार आरोपितों में राजू यादव का पुत्र सुनील कुमार, रामअवतार प्रसाद का पुत्र दिनेश कुमार, स्व. महावीर यादव का पुत्र दिनेश यादव शामिल है। जबकि इस मामले में दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### केमेस्ट्री की परीक्षा में छात्रा हुई बेहोश, मजिस्ट्रेट और डायल 112 की टीम ने अस्पताल में इलाज करवाया

**इलाज के बाद छात्रा ने दी परीक्षा**



अस्पताल में इलाजरत छात्रा

निज संवाददाता। रजौली

रजौली अनुमंडल मुख्यालय के इंटर विद्यालय में इंटरमीडिएट की केमेस्ट्री की परीक्षा देने के दौरान एक छात्रा बेहोश हो गई। विक्षक द्वारा छात्रा के बेहोशी की सूचना केंद्राधीक्षक और मजिस्ट्रेट को दी गई। मजिस्ट्रेट द्वारा डायल 112 की टीम को मदद हेतु बुलाया गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम और मजिस्ट्रेट की सहायता से बेहोश छात्रा को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. हिमांशु कुमार ने बताया कि बेहोश हुई छात्रा की पहचान नरौली गांव की खुशी कुमारी है। चिकित्सक ने कहा कि छात्रा का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई दवाई दी गई। छात्रा इलाज के बाद मजिस्ट्रेट के साथ परीक्षा केंद्र पर पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने इंटर विद्यालय पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा के कमरे में एक अन्य छात्रा द्वारा सेंट का उपयोग किए जाने से एलर्जी हुई थी और छात्रा चक्कर खाकर बेहोश हो गई थी। इस संबंध में एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि परीक्षा के दौरान एक छात्रा की तबियत थोड़ी बिगड़ी थी,जिसका प्राथमिक इलाज करवाया गया है।

## महिलाओं पर बढ़ते अपराधों के खिलाफ अरवल पहुंची 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा'

निज संवाददाता। अरवल




महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों और नीट छात्राओं से जुड़े हालिया मामलों में न्याय की मांग को लेकर आयशा और एपवा के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' शनिवार को अरवल पहुंची। यात्रा के अरवल पहुंचने पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने नीट की छात्रा के साथ बलात्कार और हत्या की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि यह मामला राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने पटना के शम्भू हॉस्टल और परफेक्ट पीजी हॉस्टल में नीट छात्राओं की संदिग्ध मौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मामलों में परिजनों और सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार न्याय की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है।

वक्ताओं ने बताया कि इन घटनाओं के विरोध में 3 फरवरी से 9 फरवरी तक 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' निकाली जा रही है। यात्रा के समापन के बाद 10 फरवरी को गांधी मैदान से विधानसभा तक 'न्याय मार्च' निकाला जाएगा, ताकि सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दबाव बनाया जा सके।

सभा में यह आरोप भी लगाया गया कि चुनाव से पहले महिलाओं को आर्थिक सहायता और रोजगार के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन चुनाव के बाद राज्य में हत्या, हिंसा और बलात्कार की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सरकार का रवैया गंभीर नहीं है।

शम्भू हॉस्टल मामले का जिक्र करते हुए वक्ताओं ने कहा कि फॉरेंसिक रिपोर्ट में यौन हिंसा के स्पष्ट साक्ष्य सामने आए थे, इसके बावजूद पुलिस की शुरुआती कार्रवाई संदेह के घेरे में रही। बाद में विशेष जांच दल का गठन किया गया और कई संदिग्धों के डीएनए सैंपल लिए गए, लेकिन अब तक न्याय नहीं मिल सका है।

### स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक में डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश, टीकाकरण लक्ष्य की प्रगति की गई समीक्षा

निज संवाददाता। नवादा




जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 तक पूर्ण टीकाकरण के शत-प्रतिशत आच्छादन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सघन प्रयास किए जा रहे हैं। HMIS पोर्टल के अनुसार अप्रैल से नवंबर 2025 की अवधि में राज्य के कई प्रखंडों में पूर्ण टीकाकरण आच्छादन 90 प्रतिशत से कम पाया गया है। ऐसे प्रखंडों को हाई रिस्क मानते हुए विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में नवादा जिले के गोविंदपुर एवं कौवाकोल प्रखंड को विशेष फोकस क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. योगेंद्र प्रसाद द्वारा जानकारी दी गई कि नियमित टीकाकरण के अंतर्गत तीन चरणों में विशेष अभियान संचालित किया जाएगा—

प्रथम चरण : 09 से 14 फरवरी 2026,

द्वितीय चरण : 09 से 14 मार्च 2026 तथा

तृतीय चरण : 07 से 13 अप्रैल 2026 तक।

जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स की नियमित बैठकें आयोजित की जाए। कम आच्छादन वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहाँ अतिरिक्त टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाए तथा जीरो डोज एवं छूटे हुए लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर आच्छादित किया जाए। UWIN एवं HMIS डेटा के आधार पर सूक्ष्म योजना (डिजिटल माइक्रोप्लान) तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त घर-घर सर्वेक्षण, ड्यू लिस्ट का अद्यतन, AEFI एवं IPC से संबंधित प्रशिक्षण, बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, नियमित ईवनिंग ब्रीफिंग तथा सघन निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। आवश्यकता अनुसार NHM मद के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों के उपयोग की भी अनुमति प्रदान की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि नियमित टीकाकरण में शत-प्रतिशत आच्छादन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। साथ ही एमडीए कार्यक्रम के अंतर्गत सभी लक्षित लाभार्थियों को दवा सेवन कराना सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## पटना कैंसर हॉस्पिटल में आयोजित हुआ 'कैंसर वॉरियर्स' कार्यक्रम

**मरीजों के साहस और जिजीविषा को किया गया सम्मानित**

निज संवाददाता। पटना




नगर के वेली रोड स्थित पटना कैंसर हॉस्पिटल में 'कैंसर वॉरियर्स' कार्यक्रम का भावनात्मक एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर से जूझ रहे मरीजों का मनोबल बढ़ाना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और समाज को यह संदेश देना था कि कैंसर से लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, बल्कि हौसले और सकारात्मक सोच से भी जीती जा सकती है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दानापुर नगर परिषद की पार्षद शिल्पी मेहता रहीं, जबकि दानापुर के उप-पार्षद धीरज यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों ने कैंसर मरीजों के अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि ये मरीज समाज के लिए प्रेरणा हैं और उन्हें हर स्तर पर सहयोग मिलना चाहिए।

पटना कैंसर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कैंसर का इलाज केवल शारीरिक उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों को मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक सहयोग देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "मरीज जब खुद को अकेला नहीं समझता, तभी वह बीमारी से मजबूती से लड़ पाता है।"

डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि पटना कैंसर हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ मरीजों के लिए संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। उनका मानना है कि डॉक्टर का दायित्व केवल इलाज करना नहीं, बल्कि मरीज और उनके परिजनों को आशा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा देना भी है। इसी सोच के तहत हॉस्पिटल समय-समय पर जागरूकता और प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित करता है।उन्होने कहा की चिकित्सा के दौरान मरीजों को भी आत्मविश्वाश बढ़ाने एवं स्वस्थ्य हो जाने को लेकर सकारात्मक ऊर्जा भरने का प्रयास रहता है। जिससे मरीज जल्द ठीक होते हैं।कार्यक्रम के दौरान कैंसर वॉरियर्स को सम्मानित किया गया। मरीजों ने अपने संघर्ष और जीत के अनुभव साझा किए, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भावुक हो उठे। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश और नई ऊर्जा के साथ किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन बेचवाने के नाम पर ठगी और रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार



**बिहटा, पटना।** पटना जिले के बिहटा थाना पुलिस ने जमीन बेचवाने के नाम पर ठगी और रंगदारी मांगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई एक निजी कंपनी के मालिक की शिकायत के आधार पर की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दुर्गा कुमार उर्फ दुर्गा बिहारी के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय रामनारायण प्रसाद का पुत्र है और मूल रूप से रोहतास जिले के संझली थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वर्तमान में वह फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के बिरला कॉलोनी में रह रहा था। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी पर जमीन बिक्री से जुड़े विवाद में ठगी करने और रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप है। इस संबंध में अनिल कुमार नामक एक निजी कंपनी के मालिक ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि दुर्गा कुमार और उसके परिवार के सदस्य लगातार कंपनी और उसके अधिकारियों को परेशान कर रहे थे तथा रंगदारी की मांग की जा रही थी। शिकायत की सत्यता की जांच के बाद बिहटा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फुलवारी शरीफ के बिरला कॉलोनी से आरोपी को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया गया है कि बिहटा क्षेत्र में जमीन विवाद से जुड़े मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। ऐसे मामलों को लेकर अंचल प्रशासन और स्थानीय पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### तेज रफ्तार बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, NH-139 पर हादसे से मचा हड़कंप




**बिक्रम (पटना)।** पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत अंधरा चौकी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बिक्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हालांकि, अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अंधरा चौकी निवासी राम बाबू राय (लगभग 76 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद बस को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है।

### पंचायत सचिव पर 1.06 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज, डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई




**मसौढ़ी, पटना।** मसौढ़ी प्रखंड के पंचायत सचिव रमाकांत गिरी पर सरकारी राशि के बड़े गबन का मामला सामने आया है। रमाकांत गिरी के खिलाफ करीब एक करोड़ छह लाख 44 हजार 321 रुपये की सरकारी राशि के गबन को लेकर मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी स्तर से कराई गई जांच के बाद की गई है। डीएम के निर्देश पर मसौढ़ी के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने थाने में मामला दर्ज कराया। यह मामला वित्तीय वर्ष 2020-21 से जुड़ा हुआ है, जब रमाकांत गिरी मोकामा प्रखंड में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे और उनके पास 15 पंचायतों का प्रभार था। आरोप है कि उस दौरान 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं के तहत नल-जल, नली-गली, पंचायत सरकार भवन और स्वच्छता से जुड़ी कई योजनाओं का न तो ऑडिट कराया गया और न ही खर्च का कोई लेखा-जोखा विभाग को सौंपा गया। जांच में यह भी सामने आया कि विभिन्न योजनाओं के लिए निर्गत की गई सरकारी राशि किस मद में, कहां और कितनी खर्च की गई, इसकी कोई स्पष्ट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा कराई गई विस्तृत जांच में वित्तीय अनियमितता और गंभीर लापरवाही की पुष्टि होने के बाद मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत रमाकांत गिरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर वित्तीय अनियमितता, सरकारी कार्यों में सहयोग नहीं करने, दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही और विभागीय निर्देशों की अवहेलना करने के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में मसौढ़ी के बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि मामला मूल रूप से बख्तियारपुर प्रखंड से जुड़ा हुआ है। फिलहाल रमाकांत गिरी मसौढ़ी प्रखंड के रेवां पंचायत में पदस्थापित थे। बख्तियारपुर प्रखंड में 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं के अंतर्गत नल-जल, नाली-गली निर्माण और पंचायत सरकार भवन समेत कई कार्यों में अनियमितता पाई गई थी, जिनका न तो ऑडिट कराया गया और न ही निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना के गांधी मैदान में केवीआईसी की 10 दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय विपणन एवं पीएमईजीपी प्रदर्शनी का उद्घाटन

निज संवाददाता। पटना






माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त राज्य स्तरीय विपणन एवं पीएमईजीपी प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने किया। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद, स्थानीय जनप्रतिनिधि, उद्योग विभाग और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा केवीआईसी के लाभार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'वोकल फॉर लोकल', 'खादी फॉर फैशन' और 'खादी फॉर नेशन' के आह्वान को दोहराया। उन्होंने लोगों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों की खादी संस्थाओं द्वारा निर्मित सूती, रेशमी, ऊनी एवं पॉली खादी वस्त्रों के साथ-साथ ग्रामोद्योग से जुड़े विविध उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री की जा रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत स्वरोजगार स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए अनूठे उत्पाद भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रदर्शनी में खादी कारीगरों और ग्रामोद्योग लाभार्थियों द्वारा वस्त्र निर्माण और अन्य उत्पादन गतिविधियों का सजीव प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा बिहार के विभिन्न जिलों के 786 लाभार्थियों को भौतिक एवं आभासी माध्यम से कुल 1518 आधुनिक मशीनों और टूलकिट का वितरण किया गया। यह पहल ग्रामीण और कुटीर उद्योग से जुड़े कामगारों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत प्रतिवर्ष देशभर के गांवों और कस्बों में मधुमक्खी पालन, कुम्हारकारी, चर्मकारी, ताड़ गुड़ निर्माण, अगरबत्ती उद्योग, वेस्ट वुड एवं टर्न वुड क्राफ्ट जैसे अनेक ग्रामोद्योगी कार्यों से जुड़े कामगारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें संबंधित उद्योग से जुड़ी मशीनें और टूलकिट भी उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

बिहार राज्य में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के चार प्रमुख गतिविधि केंद्र कार्यरत हैं, जिनमें राज्य कार्यालय पटना, डॉ. राजेंद्र प्रसाद बहुउद्योगीय प्रशिक्षण केंद्र, खादी ग्रामोद्योग भवन तथा केंद्रीय पूनी संयंत्र हाजीपुर शामिल हैं। इन केंद्रों के माध्यम से राज्य में खादी और ग्रामोद्योग के विकास को लगातार नई दिशा दी जा रही है। वर्तमान में बिहार में 123 खादी संस्थाएं सक्रिय रूप से सूती, रेशमी, ऊनी और पॉली खादी वस्त्रों का उत्पादन और विपणन कर रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत अब तक 51 हजार से अधिक स्वरोजगार इकाइयों को 1,40,514 लाख रुपये से अधिक की मार्जिन राशि प्रदान की जा चुकी है, जिससे चार लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने महात्मा गांधी के खादी और स्वदेशी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों के उपयोग की अपील की, ताकि इसका सीधा लाभ ग्रामीण कुटीर उद्योग से जुड़े जरूरतमंद कामगारों तक पहुंच सके। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी।

## विधानमंडलों में गरिमा और मर्यादा में गिरावट पर लोक सभा अध्यक्ष ने जताई चिंता

निज संवाददाता। पटना



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों में लगातार कम होती गरिमा और मर्यादा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक जनप्रतिनिधि की मूल जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायिका लोकतंत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण संस्था है और इसकी शुचिता, अनुशासन तथा मर्यादा की रक्षा करना सभी सदस्यों का दायित्व है। ओम बिरला ने विधायी कार्यवाहियों में व्यवधान और अमर्यादित आचरण की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की प्रवृत्तियां लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने सदस्यों से संवाद, तर्कपूर्ण वाद-विवाद और रचनात्मक चर्चा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आलोचना नीतियों और तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए तथा उसका उद्देश्य जनकल्याण होना चाहिए।

संसदीय अनुशासन और रचनात्मक आलोचना पर आधारित सार्थक विधायी निगरानी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। लोक सभा अध्यक्ष ने ये विचार पटना में बिहार विधान सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित "सशक्त विधायक, सशक्त लोकतंत्र" कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सशक्त विधायक ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती निर्वाचित प्रतिनिधियों की क्षमता, दक्षता और ईमानदारी से जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि विधायक की शक्ति जनता के विश्वास से आती है और जनसमस्याओं को सदन में प्रभावी ढंग से उठाकर उनका समाधान निकालना ही जनप्रतिनिधि का वास्तविक कर्तव्य है। ओम बिरला ने कहा कि विधायकों का सशक्तीकरण केवल अधिकारों से नहीं, बल्कि लोगों की आवश्यकताओं को समझने, विधायी प्रक्रियाओं में सार्थक भागीदारी और नीति निर्माण में रचनात्मक योगदान से होता है। नैतिक आचरण, उत्तरदायित्व और जवाबदेही के बल पर ही विधायक व्यापक जनहित में कार्य कर सकते हैं। जब विधायक सुविज्ञ और उत्तरदायी होते हैं, तो लोकतांत्रिक संस्थानों की विश्वसनीयता और जनता का भरोसा दोनों मजबूत होते हैं। उन्होंने संवैधानिक जागरूकता और प्रक्रियाओं के समुचित ज्ञान को विधायकों की विश्वसनीयता बढ़ाने वाला बताते हुए कहा कि नियमों की जानकारी से जनप्रतिनिधि सदन में प्रभावी हस्तक्षेप कर सकते हैं और शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक जनता की अपेक्षाओं और सरकारी नीतियों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु होते हैं और सार्थक बहस, चर्चाओं तथा समिति कार्यों के माध्यम से शासन की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं। लोक सभा अध्यक्ष ने ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण और विधायी पहलों में शामिल करना जरूरी है। महिलाओं और युवाओं को विकास का प्रमुख हितधारक बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके मुद्दों का समाधान समावेशी विकास के लिए अनिवार्य है। इस अवसर पर ओम बिरला ने बिहार विधानमंडल में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) डिजिटल हाउस का उद्घाटन भी किया। उन्होंने इसे पारदर्शिता और दक्षता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि डिजिटलीकरण से अभिलेखों तक पहुंच आसान होती है, शोध क्षमता बढ़ती है और कागज पर निर्भरता कम होती है। उन्होंने विधायकों से विधायी कार्यों में डिजिटल साधनों के प्रभावी उपयोग का आह्वान किया और कहा कि सभी विधानमंडलों के सामूहिक प्रयास से 'एक राष्ट्र, एक विधायी मंच' की परिकल्पना साकार होगी। बिहार की लोकतांत्रिक परंपरा का उल्लेख करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि प्राचीन बिहार में सामूहिक विमर्श, जनसंवाद और सहभागितापूर्ण शासन की परंपराएं आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती ने भारत की संसदीय व्यवस्था को वैचारिक और नैतिक आधार प्रदान किया है। राज्य लंबे समय से राजनीतिक चिंतन और नेतृत्व का केंद्र रहा है और यहां के नेताओं ने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से इस समृद्ध विरासत को संरक्षित रखने और वर्तमान शासन व्यवस्था के अनुरूप आगे बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और बिहार सरकार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी अपने विचार रखे। बिहार विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने स्वागत भाषण दिया, जबकि उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तेल और गैस संरक्षण के लिए पटना में सक्षम्'26 साइक्लोथॉन का आयोजन




निज संवाददाता। पटना

तेल एवं गैस संरक्षण तथा सतत परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को पटना में सक्षम्'26 साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संरक्षण क्षमता महोत्सव 2026 (सक्षम्'26) के अंतर्गत आयोजित देशव्यापी तेल एवं गैस संरक्षण जन-जागरूकता अभियान का हिस्सा है।

साइक्लोथॉन के माध्यम से ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को अपनाने का संदेश दिया गया। सक्षम्'26 पखवाड़ा अभियान भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संरक्षण में तेल एवं गैस क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है, जो 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम "तेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ" रखी गई है, जो सीमित पेट्रोलियम संसाधनों के संरक्षण और सतत भविष्य के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित करती है। पटना में आयोजित साइक्लोथॉन में तेल उद्योग के अधिकारी, छात्र, युवा स्वयंसेवक, साइकिल चालक और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

यह सहभागिता ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। साइक्लोथॉन को ए. के. सामंतराय, कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख, बिहार राज्य कार्यालय, इंडियनऑयल तथा बिहार राज्य के तेल विपणन कंपनियों के राज्य स्तरीय समन्वयक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर इंडियनऑयल के अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए. के. सामंतराय ने कहा कि साइक्लिंग पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास की दिशा में एक प्रभावी और सरल माध्यम है। उन्होंने युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि साइक्लिंग न केवल ईंधन की बचत करती है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छ पर्यावरण को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण किसी पर बोझ नहीं, बल्कि देश की शक्ति है और युवा पीढ़ी इस परिवर्तन की सबसे बड़ी वाहक है। यह साइक्लोथॉन पर्यावरण के अनुकूल, स्वास्थ्यवर्धक और टिकाऊ परिवहन साधन के रूप में साइकिल को अपनाने का सशक्त संदेश देता है। साथ ही, यह तेल और गैस संसाधनों के संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है। सक्षम्'26 के तहत बिहार सहित देशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें साइक्लोथॉन और वॉकथॉन, विद्यालयों और महाविद्यालयों में क्विज, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताएं, विभिन्न वर्गों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, एलपीजी सुरक्षा और संरक्षण अभियान, तकनीकी कार्यशालाएं तथा ईंधन-कुशल ड्राइविंग प्रशिक्षण शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में व्यवहारिक बदलाव लाकर ऊर्जा संरक्षण की संस्कृति को मजबूत करना है।

सक्षम्'26 स्वच्छ, हरित और ऊर्जा-सुरक्षित भारत के निर्माण के प्रति तेल एवं गैस उद्योग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आम नागरिकों से अपील की गई कि वे ऊर्जा संरक्षण से जुड़े छोटे लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं, जैसे लंबे ट्रैफिक सिग्नल पर इंजन बंद रखना, सार्वजनिक परिवहन और कारपूलिंग का उपयोग, छोटी दूरी के लिए साइकिल अपनाना तथा ऊर्जा-कुशल उपकरणों का प्रयोग। ऊर्जा का संरक्षण कर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण और सशक्त राष्ट्र सुनिश्चित किया जा सकता है।

## पटना में 1224 विशेषज्ञ व मेडिकल ऑफिसर्स को मिला नियुक्ति पत्र, मुख्यमंत्री ने ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया वितरण

निज संवाददाता। पटना




पटना में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सोमवार को पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1224 नव-नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया था। मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से कुछ चयनित चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के हर नागरिक तक सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इसके लिए डॉक्टरों की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने नवनियुक्त चिकित्सकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का विशेष फोकस गांवों और दूर-दराज के इलाकों पर है, जहां अब तक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी रही है। इन क्षेत्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता से आम लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा और उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने डॉक्टरों से संवेदनशीलता के साथ सेवा देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव निशांत शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में नव-नियुक्त चिकित्सक उपस्थित रहे। नवनियुक्त डॉक्टरों की तैनाती से राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आने और आम जनता को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बिहार विधानसभा का 106वां स्थापना दिवस समारोह, डिजिटल हाउस का उद्घाटन

निज संवाददाता। पटना









बिहार विधानसभा का 106वां स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधानसभा भवन और परिसर को कोलकाता से मंगाए गए फूलों से सजाया गया। मुख्य समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू भी शामिल हुए। समारोह के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (NEVA) के तहत संचालित डिजिटल हाउस का उद्घाटन किया। इसके बाद "सशक्त विधायक–सशक्त लोकतंत्र" विषय पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें बिहार सरकार के मंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे।

अपने संबोधन में ओम बिड़ला ने कहा कि बिहार की राजनीतिक परंपरा और चिंतन देश के लोकतंत्र को दिशा देता रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभाओं से ही सशक्त नेतृत्व निकलता है और जनप्रतिनिधियों के मजबूत होने से जनता की अपेक्षाएं पूरी होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2026 के अंत तक देश की सभी विधानसभाओं का डिजिटलीकरण कर दिया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही और मजबूत होगी। ओम बिड़ला ने कहा कि विधायक केवल कानून निर्माण तक सीमित नहीं रहते, बल्कि जनता की रोजमर्रा की समस्याओं में भी सबसे पहले उनकी भूमिका सामने आती है। आपदा, दुर्घटना या संकट के समय लोग सबसे पहले अपने विधायक से संपर्क करते हैं, इसलिए विधायकों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इतिहास भविष्य को दिशा देता है और बिहार की विरासत देश को बहुत कुछ सिखाती है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा, स्वअनुशासन और नियमों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि सदन को जिद से नहीं, बल्कि नियम-कानून से चलना चाहिए। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि बिहार की धरती ज्ञान और संस्कृति की प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि बिहार से संसद में आने वाले प्रतिनिधि प्रायः अच्छे वक्ता और गंभीर जनप्रतिनिधि होते हैं। उन्होंने नेशनल ई-विधान को लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे विधायकों का काम आसान होगा और जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

डिजिटल हाउस के उद्घाटन के बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव से नहीं, बल्कि संस्थाओं की गरिमा और जनता की सहभागिता से मजबूत होता है। उन्होंने सदस्यों से सदन की मर्यादा और परंपराओं को बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि सकारात्मक आलोचना आधुनिक विधानसभा की पहचान होनी चाहिए। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा की स्थापना 7 फरवरी 1921 को हुई थी। उस दिन सर वाल्टर मोरे की अध्यक्षता में निर्वाचित प्रांतीय परिषद की पहली बैठक आयोजित की गई थी। 106वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित यह समारोह लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय मूल्यों और आधुनिक तकनीक के समन्वय का प्रतीक बना।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी मे राइस मील संचालक पर प्राथमिकी, लगा 12.33 लाख जुर्माना

**दिनारा/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता व बकायेदार उपभोक्ताओं की जाँच को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान के तहत प्रखंड दिनारा मे एक राइस मील संचालक पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया की गिरधरियां निवासी व औद्योगिक उपभोक्ता लाल बहादुर सिंह पिता-रामाशंकर सिंह द्वारा ट्रान्सफॉर्मर के एलटी टर्मिनल में अतिरिक्त तीन फेज तार जोड़कर मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड पटना को 1233424 राजस्व की क्षति हुई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनके परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा हुआ है तथा बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन विच्छेद प्रदर्शित हो रहा है वह रिचार्ज कराने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे है वह दुरुस्त कर लें एवं जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज, कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए है वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### राजपुर पुलिस ने नाबालिग अपहृता को सकुशल किया बरामद

**राजपुर / रोहतास ।** राजपुर थाना कांड संख्या 12/26 की नाबालिग अपहृता को पुलिस ने झाझा से सकुशल बरामद कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और लगातार प्रयास के बाद बच्ची को सुरक्षित ढूंढ लिया गया। बरामदगी के बाद नाबालिग को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**मसौढ़ी।** तारेगना रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी के दो लेडीज पर्स और नगद राशि बरामद की गई है। तीनों आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार तारेगना स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो के दक्षिणी छोर पर फुट ओवरब्रिज के पास तीन युवक संदिग्ध स्थिति में खड़े थे। पुलिस बल को देखकर तीनों घबरा गए और भागने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान जीआरपी जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को पकड़ लिया और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों का सामान और मोबाइल चोरी करते हैं। नाम और पता पूछने पर दो अभियुक्तों की पहचान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के कालीतला थाना क्षेत्र अंतर्गत पटकरी गांव निवासी बनारसी सिंह के पुत्र बनवारी सिंह और पठरी गांव निवासी रंजीत सिंह के पुत्र शंकर सिंह के रूप में हुई। तीसरे आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के पंडेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत आसनसोल गांव निवासी बनारसी सिंह के पुत्र विजय सिंह के रूप में की गई। तलाशी के दौरान दो आरोपियों के पास से लेडीज पर्स और नगद राशि बरामद हुई, जबकि तीसरे आरोपी के पास से केवल पैसे मिले। इस संबंध में तीनों अभियुक्तों के खिलाफ जीआरपी थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के बाद तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनु कुमार ने बताया कि तारेगना स्टेशन सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर जवानों की तैनाती बढ़ाई गई है ताकि यात्रियों को रेल सफर के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। चोरी, पॉकेटमारी, चेन कटर और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ट्रेनों में तैनात स्कॉट को भी निर्देश दिया गया है कि संदिग्ध व्यक्तियों से तुरंत पूछताछ कर सत्यापन करें। उन्होंने बताया कि रेलवे में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान 'ऑपरेशन क्लीन' और 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक कई अंतराज्यीय चोरों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### पुलिस ने फरार पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक के घर चिपकाया इश्तेहार



**मसौढ़ी!** लहसुना थाना क्षेत्र के उस्मानचक पैक्स धान खरीद में करीब लाख रुपए की सरकारी राशि गबन के मामले में पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक व पांच कार्यकारिणी सदस्य सहित कुल तीन अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है.सरकारी राशि के गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से सभी अभियुक्त फरार हैं. पैक्स अध्यक्ष अवधेश प्रसाद रामचंद्र बिंद और पुष्पेंद्र कुमार के घर लहसुना थाना अध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डंका व ढोल-नगाडा बजाकर इश्तेहार चिपकाया. साथ ही माइकिंग करते हुए चेतावनी भी दी कि शीघ्र ही थाना या कोर्ट में सरेंडर नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी.

### आंगनबाड़ी केंद्र पर गोद भराय रस्म में शामिल हुए सांसद सेविका विभा कुमारी के कार्यों का किया प्रशंसा



**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले के सेखोपुर प्रखंड अंतर्गत पांची गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 40 पर आयोजित गोद भराय कार्यक्रम में नवादा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर ने शामिल होकर केंद्र की सेविका विभा कुमारी के द्वारा किये जा रहें कार्यों की प्रशंसा किया। कार्यक्रम में पहुंचे सांसद को सेविका विभा देवी द्वारा अंग बस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम से करीब तीन घंटे लेट पहुंचे सांसद की अगुआनी पंचायत के मुखिया बेबी देवी एवं ग्रामीणों ने ढ़ोल बाजे के साथ किया। सांसद ने केंद्र पर नन्हें मुन्हे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत काव्य पाठ एवं उनकी प्रतिभा से अचभित रह गए। उन्होंने केंद्र पर वुनियादी सुविधाओं के लिये सहयोग करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश कुमार ने किया। उन्होंने विभा देवी के द्वारा किये जा रहें कार्यों एवं उपलब्धियों से सांसद को अवगत कराया। और कर्तव्यों के साथ सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र की पहचान देने जैसे कार्यों से भी अवगत कराया।कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के सदस्य विवेक कुमार ने उपस्थित महिलाओं को बच्चों के पोषण एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक किया।

इस अवसर पर मुखिया बेबी देवी एवं राजीव कुमार तथा पिंकी देवी को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया।मौके पर मनीष कुमार, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार एवं केंद्र की सहायिका सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# नारायण स्कूल ऑफ लॉ द्वारा पहलेजा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता। डेहरी/रोहतास**



गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल ऑफ लॉ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में आज सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत ग्राम पहलेजा, जिला रोहतास में एक व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का औपचारिक एवं प्रभावी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों, विधिक प्रावधानों तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक करना था, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर न्याय तक सुगम पहुँच सुनिश्चित कर सकें।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन फैकल्टी ऑफ लॉ के डीन डॉ. विनोद कुमार सरोज एवं सहायक प्रोफेसर मृत्युंजय तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. सरोज ने कहा कि विधिक जागरूकता किसी भी लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी नैतिक एवं पेशेवर जिम्मेदारियों को समझने और ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय तक सामान्य पहुँच तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक वर्ग कानून की मूलभूत जानकारी रखता हो।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. उमेश चंद्र द्विवेदी एवं डॉ. कलीम अख्तर, सहायक प्राध्यापक, नारायण स्कूल ऑफ लॉ के नेतृत्व में छात्रों की टीम ने गांव में जन-जागरूकता अभियान संचालित किया। इस अवसर पर महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराध से सुरक्षा, बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।

विद्यार्थियों ने जन-जागरूकता रैली, संवाद सत्र तथा प्रश्नोत्तर कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने कानूनी प्रश्न प्रस्तुत किए, जिनका समाधान विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों द्वारा सरल एवं स्पष्ट भाषा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

कार्यक्रम के संयोजकों ने कहा कि नारायण स्कूल ऑफ लॉ का उद्देश्य केवल विधि शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में न्याय एवं विधि के प्रति जागरूकता का प्रसार करना भी है। उन्होंने भविष्य में भी विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण का अवसर सिद्ध हुआ, बल्कि ग्रामीण समुदाय के लिए भी अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

# नाच के दौरान समियाना में मित्र ने मित्र को मारी गोली, मौके पर मौत



**निज संवाददाता। सूरजपुरा (रोहतास)**

सूरजपुरा थाना क्षेत्र के ढोढनडीह में शनिवार को अहले सुबह नाच के दौरान समियाना में एक मित्र ने अपने मित्र को ही गोली मार दिया। जिसमें घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

मौके पर पहुंचे एसडीपीओ ने हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करने की बात कही। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सूरजपुरा थाना क्षेत्र के ढोढनडीह गांव में शुक्रवार को मिथिलेश कुमार के बेटी की बारात भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के यादवपुर से आई थी। रात्रि मनोरंजन के लिए वर पक्ष की ओर से डीजे नाच लाया गया था। पूरी रात रंगारंग कार्यक्रम चलता रहा।

इसी बीच स्टेज पर चढ़कर मृतक एवं हत्यारे जो दोनों जिगरी दोस्त बताए जा रहे हैं को नर्तकियों के साथ नाचते हुए भी देखा गया था। शनिवार की अहले सुबह समियाना में ही स्वर्गीय बालेश्वर सिंह के पुत्र गुड्डू सिंह कुशवाहा ने राजेश्वर सिंह के पुत्र वीर बहादुर सिंह को अवैध हथियार से चेहरे पर गोली मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई। दोनों ढोढनडीह के ही निवासी हैं और आपस में उनकी खुब बनती थी। घटना के बाद समियाना में भगदड़ मच गया। सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ ने स्थिति को नियंत्रित किया।

## बिक्रमगंज में जनता दरबार आयोजित

# एसडीएम प्रभात कुमार ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी



**निज संवाददाता। बिक्रमगंज/रोहतास**

अनुमंडल कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार ने की । जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और बारी- बारी से अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखीं । जनता दरबार के दौरान एसडीएम प्रभात कुमार ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों की जानकारी ली । कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया,जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।एसडीएम ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी फरियादी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा ।जनता दरबार में आए लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा ।

# कर्ण विद्या विहार में रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज/रोहतास**



कर्ण विद्या विहार का प्रांगण उत्साह, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय में "श्रमदान दिवस" का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के निदेशक डॉ. कामेन्द्र सिंह, चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह के साथ-साथ समस्त शिक्षकगण एवं सभी छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन सभा से हुई, जहाँ स्वच्छता एवं श्रम के महत्व को व्यवहार में उतारते हुए सभी ने श्रमदान किया। इसके पश्चात करुणा हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ व विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सोनम सिंह के द्वारा क्रिकेट मैच एवं साइक्लिंग रेस के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर एक खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय निदेशक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कामेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को श्रम अनुशासन और सामूहिक प्रयास का महत्व बताया। उनके प्रेरणादायक शब्दों से प्रभावित होकर सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि प्रत्येक शनिवार विद्यालय परिवार की ओर से श्रमदान किया जाएगा, जिससे स्वच्छता के साथ सामाजिक चेतना बच्चों में विकसित हो। साथ ही विद्यालय की परंपरा के अनुरूप फरवरी माह में जन्म लेने वाले सभी विद्यार्थियों का सामूहिक जन्मदिन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. सोनम सिंह ने स्वयं बच्चों को केक खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया, जिससे वातावरण और भी आत्मीय बन गया। इसके बाद विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं के लिए पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कक्षा छः एवं सात के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता, कक्षा चार और पांच के लिए क्ले मॉडलिग( मिट्टी से बनी हुई आकृतियां) कक्षा एक,दो एवं तीन के लिए स्पेलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की उप - प्रधानाचार्य निशा सिंह एवं मैनेजमेंट हेड पप्पू सिंह द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। विभिन्न कक्षा समूहों में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने में रिंकू गुप्ता, नंदिनी सिंह, प्रियल सिंह, दिव्या सिंह, राहुल तिवारी, नागेन्द्र कुमार तोमर, आशा कुमारी, पूजा तिवारी, रवि कांत ओझा, आशीष पांडेय, मनीषा पांडेय, विशाल कश्यप,आदित्य पांडे कौशलेश पांडेय,एवं विशंभर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समग्र रूप से यह दिन कर्ण विद्या विहार के लिए अनुशासन, सृजनात्मकता और सामूहिक प्रयास का जीवंत उदाहरण बनकर यादगार सिद्ध हुआ।

# ग्रामीण रोजगार की तस्वीर बदलेगा नया कानून

- **मनरेगा का स्वरूप बदलेगा,125 दिन का गारंटीकृत काम**
- **विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट 2025 पर मीडिया संवाद**



**निज संवाददाता। काराकाट (रोहतास)**

ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट 2025 को लेकर के काराकाट प्रखंड मुख्यालय स्थित गोड़ारी मनरेगा कार्यालय कक्ष में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पीओ गजेंद्र कुमार ने की । मीडिया को संबोधित करते हुए पीओ गजेंद्र कुमार ने कहा कि यह अधिनियम मनरेगा में अब तक का सबसे बड़ा संरचनात्मक सुधार है,जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप ग्रामीण रोजगार को नई दिशा देना है । उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मिलने वाले गारंटीकृत रोजगार की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है ।उन्होंने स्पष्ट किया कि अब मनरेगा केवल मजदूरी योजना न रहकर टिकाऊ,उत्पादकता बढ़ाने वाली परिसंपत्तियों के निर्माण से जुड़ी योजना बनेगी,जिससे गांवों की आर्थिक नींव मजबूत होगी और स्थायी आजीविका के अवसर पैदा होंगे । अधिनियम की खास बात यह है कि विकास कार्यो की योजना ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी के माध्यम से तैयार की जाएगी । इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय स्तर की विकास प्रणालियों से जोड़कर एकीकृत राष्ट्रीय विकास ढांचा तैयार किया जाएगा । नई व्यवस्था में चार प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है जिसमें जल सुरक्षा,ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास,आजीविका से जुड़े आधारभूत ढांचे तथा मौसम जनित आपदाओं से निपटने हेतु आवश्यक कार्य । पीओ ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा बुआई और कटाई के मौसम में प्रति वर्ष 60 दिनों तक इस अधिनियम के अंतर्गत कार्य नहीं कराए जाएंगे । योजना के क्रियान्वयन में केंद्र एवं राज्य सरकार की हिस्सेदारी 60:40 के अनुपात में होगी,जबकि राज्यवार मानव-दिवस आवंटन केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा । उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तय अवधि में रोजगार उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का स्पष्ट प्रावधान अधिनियम में किया गया है,जिससे मजदूरों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे । मौके पर पीओ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## सतर्कता सम्मान समारोह

# आदर्श मध्य विद्यालय गोटपा, विक्रमगंज के शिक्षक विद्याभूषण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के निदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार ने किया सम्मानित



**निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड स्थित आदर्श मध्य विद्यालय गोटपा के शिक्षक विद्याभूषण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के द्वारा मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव निगरानी विभाग, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, तथा कई अन्य सम्मानित अधिकारीयो की उपस्थिति में निदेशक जितेंद्र सिंह गंगवार के द्वारा आयोजित तृतीय सतर्कता सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया।

बताया जाता है कि बीते वर्ष प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कांत शर्मा एवं लेखपाल सुभाष कुमार को निगरानी विभाग द्वारा रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए पकडा गया था। विभाग ने परिवादी विद्याभूषण की निडरता तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी इस साहसिक कार्रवाई के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने विद्याभूषण की उपलब्धि की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह सम्मान भ्रष्टाचार के विरुद्ध ईमानदार कर्मचारियों के संकल्प को मजबूत करने वाला कदम बताया है।

# सीएम द्वारा घोषित प्रगति यात्रा के आलोक में चल रही प्रस्तावित एवं प्रक्रियाधीन योजनाओं की डीएम की अध्यक्षता में प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित

**निज संवाददाता। सासाराम/रोहतास**



माननीय मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार द्वारा घोषित प्रगति यात्रा कार्यक्रम के आलोक में रोहतास जिले में चल रही, प्रस्तावित एवं प्रक्रियाधीन विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा आज जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डेहरी–तेतराढ़–राजपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप किया जा रहा है। इसी प्रकार आयरकोठा–अकोढ़ीगोला–अमरा तालाब पथ (भाग–A) एवं आयरकोठा–अमरातालाब टू-लेन पथ (भाग–B) का निर्माण कार्य संतोषजनक रूप से आगे बढ़ रहा है।

अकोढ़ीगोला बाईपास पथ निर्माण योजना, जिसकी अनुमानित लागत 88.78 करोड़ है, वर्तमान में भूमि अधिग्रहण चरण में है। RFCTLARR Act, 2013 के तहत अधिसूचना जारी हो चुकी है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को अधिग्रहण प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। नोखा–नासरीगंज पथ पर बक्सर मुख्य कैनाल के ऊपर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है, जो प्रगति पर है। वहीं कोचस में नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु नए बस स्टैंड का निर्माण भी तेजी से किया जा रहा है।

कुदरा–चेनारी–मल्हीपुर पथ के चौड़ीकरण कार्य में वन विभाग से NOC लंबित रहने के कारण विलंब की जानकारी दी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निकाय क्षेत्र से कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पुरानी जीटी रोड के बेदा कैनाल से रेलवे लिंक पथ, बेदा–बभनपुरा कैनाल से एनएच–19 पथ, कोचस बाईपास (आरा–मोहनिया पथ), डेहरी–बिक्रमगंज–दिनारा पथ पर नाला निर्माण, करगहर–बड़हरी–धर्मपुरा पथ तथा बरांव–जहानाबाद पथ उन्नयन योजनाओं की समीक्षा की गई, जो सभी प्रगति पर पाई गईं।

पर्यटन विकास के तहत इंद्रपुरी जलाशय के समीप पर्यटन हाट निर्माण एवं संझौली प्रखंड के वाजितपुर में कांव नदी पर पुल निर्माण कार्य जारी है। औद्योगिक विकास के अंतर्गत डेहरी औद्योगिक क्षेत्र विकास योजना में सामाजिक प्रभाव आकलन से संबंधित प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा अंतिम स्वीकृति की दिशा में कार्य चल रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन तथा काराकाट एवं तिलौथू सहित आवासीय परिसरों के निर्माण हेतु एजेंसी का चयन कर मोबिलाइजेशन का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ निर्माण योजना की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रगति यात्रा राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है और रोहतास जिले में सभी विकास योजनाओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राजगीर- 4 दिन से लटकी थी, मां, बच्चों की लाश, सभी की स्किन निकली, कमरे से 1.18 लाख कैश-गहने मिले



**नालंदा।** राजगीर स्थित दिगंबर जैन धर्मशाला में संदिग्ध हालात में चार पर्यटकों के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों में एक मां, दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। चारों के शव कमरे के चारों कोनों में फंदे से लटके मिले हैं। पुलिस के अनुसार, जिस रस्सी से शव लटके थे, वह नई थी। शव काफी हद तक डिकंपोज हो चुके थे। त्वचा निकलने लगी थी, जिससे आशंका है कि सभी की मौत कुछ दिन पहले हुई है। कमरे से 1.18 लाख रुपए कैश और गहने भी मिले हैं।

धर्मशाला के केयर टेकर मुकेश जैन ने बताया ये लोग 31 जनवरी को आए थे। तब 1 दिन के लिए कमरा बुक कराया था। 1 फरवरी को इनकी बुकिंग खत्म होने वाली थी, लेकिन इनलोगों ने कमरे की बुकिंग को बढ़वा लिया।बेटे ने कहा था- हमें 3-4 दिन के लिए और कमरा चाहिए। इसके वाद वे लोग कमरे से बाहर निकले ही नहीं। मृतकों की पहचान स्वर्गीय रत्नबाला राजू की पत्नी जीआर सुमंगला (78), बेटी शिल्पा जीआर (48), श्रुथा जीबी (43) और बेटे जीआर नागा प्रसाद (50) के रूप में हुई है। सभी कर्नाटक के तुमकुर जिले के बैलेडा पेटे, गुब्बी के रहने वाले थे। एसपी भारत सोनी के मुताबिक, नागा प्रसाद और शिल्पा अविवाहित थे, जबकि श्रुथा तलाकशुदा थी और मां सुमंगला दिव्यांग थीं। कमरे से बरामद दस्तावेजों और धर्मशाला के रजिस्टर के आधार पर इनकी पहचान हुई है। मामले की जांच के लिए पुलिस की टीम बनी है, जो बेंगलुरु जाकर जांच करेगी और पूरे परिवार के बारे में पता लगाएगी।

### नालंदा में स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक किशोर की हुई मौत, मौसेरा भाई जख्मी



**नालंदा।** बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन पर सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक किशोर की मौत हो गई। जबकि मौसेरा भाई आयुष कुमार(14) गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान बिंद थाना क्षेत्र के छतरपुर गांव निवासी विकास कुमार के बेटे(15) लव कुमार के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक लव अपने परिवार के साथ शुक्रवार को मौसा (जितेंद्र कुमार) के घर अयोध्या नगर सत्यनारायण स्वामी की पूजा में शामिल होने के लिए आया था। शनिवार की सुबह मौसेरे भाई के साथ स्कूटी से घूमने के लिए निकला था। इसी बीच कोसुक पुल पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लव दो भाइयों में सबसे छोटा था। नौवीं क्लास में पढ़ता था। मौत की सूचना पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह घटना हुई है। ट्रैफिक थाने की पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान में जुट गई है।

### नालंदा में एग्जाम सेंटर पर दो छात्राएं बेहोश, खाली पेट परीक्षा परीक्षा देने पहुंची थी, अचानक बिगड़ी तबीयत



**नालंदा।** नालंदा में इंटर परीक्षा के 5वें दिन सेंटर पर 2 छात्राएं अचानक बेहोश हो गईं। दोनों को तत्काल इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। जिसकी पहचान दीपनगर के डुमरावां गांव निवासी शैलेंद्र कुमार शर्मा की पुत्री ज्योति कुमारी और रहुई के देकपुरा निवासी संजय प्रसाद की पुत्री रश्मि कुमारी के तौर पर हुई है। सोहसराय थाना क्षेत्र स्थित दो अलग-अलग सेंटर्स की घटना है। पहली छात्रा राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में, जबकि दूसरी छात्रा रोस्ट इंटरनेशनल स्कूल में एग्जाम दे रही थी। एग्जाम शुरू होने के बाद अचानक दोनों की तबीयत बिगड़ने से परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में दोनों का इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दोनों छात्राएं घर से बिना कुछ खाए ही परीक्षा देने आई थीं। कमजोरी और खाली पेट होने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गईं। इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें बिहार शरीफ में 31, हिलसा में पांच और राजगीर में चार परीक्षा केंद्र है। पहले दिन को छोड़ दिया जाए तो शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा चल रही है।

### केसरिया नगर पंचायत में स्वास्थ्य जागरुकता कैंप का हुआ आयोजन



**केसरिया।** नपं के वार्ड 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 72 के परिसर में शनिवार को सीएचसी केसरिया व डॉक्टर्स फॉर यू के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। यह कैंप स्वस्थ माता-स्वस्थ बालक कार्यक्रम के तहत लगाया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कैम्प के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र की एक गर्भवती महिला की गोद भराई की भी रश्म की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ पूजा ने प्रसवपूर्व जांच की आवश्यकता, गर्भावस्था के दौरान संभावित खतरों की पहचान और उनके समय पर उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेने, नियमित जांच कराने तथा किसी भी समस्या होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। कहा कि जागरूकता से ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। वहीं डॉक्टर्स फॉर यू के बीसी शशिकांत सिंह ने सुरक्षित संस्थागत प्रसव के महत्व और इसके फायदे पर प्रकाश डाला। बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कराने से मां और बच्चे दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। आशा कार्यकर्ताओं व आंगनबाड़ी सेविकाओं को घर-घर जाकर इसके प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। डॉ पूजा गुप्ता व डॉ केशा कुमारी ने गर्भवती महिलाओं में खून की कमी से बचाव पर जोर देते हुए हरी सब्जियां, फल, अंकुरित अनाज व पौष्टिक भोजन नियमित रूप से लेने की सलाह दी।

# शेरघाटी के नया बाजार में अतिक्रमण हटाने गई नगर परिषद टीम से मारपीट

## तीन कर्मी घायल

**निज संवाददाता। गयाजी**



शेरघाटी शहर के नया बाजार इलाके में शनिवार सुबह अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद की टीम के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में नगर परिषद के सफाई कर्मी अजय कुमार और अमित कुमार के साथ-साथ सुपरवाइजर चंदन कुमार घायल हो गए। घटना के बाद नगर परिषद कर्मियों में भारी रोष देखा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर परिषद की टीम नियमित अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत नया बाजार क्षेत्र में कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान कुछ दुकानदारों ने अभियान का विरोध शुरू कर दिया। पहले नोकझोंक हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया, जो हाथापाई में तब्दील हो गया। आरोप है कि विरोध कर रहे दुकानदारों ने सफाई कर्मियों और सुपरवाइजर के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना के बाद घायल कर्मी नगर परिषद के अन्य अधिकारियों के साथ शेरघाटी थाना पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने घायल कर्मियों से बातचीत कर घटना की पूरी जानकारी ली और शेरघाटी थाना को औपचारिक रूप से इसकी सूचना दी।

इसके बाद शेरघाटी थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर परिषद के सफाई कर्मियों और सुपरवाइजर के साथ मारपीट किया जाना बेहद निंदनीय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

घटना के बाद नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों में नाराजगी देखी जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान उन्हें अक्सर विरोध और मारपीट जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका काम प्रभावित होता है और जान का खतरा भी बना रहता है। फिलहाल इस मामले को लेकर दुकानदारों और नगर परिषद कर्मचारियों के बीच बातचीत जारी है, वहीं पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

## बाराचट्टी में दो फरार वारंटी गिरफ्तार



**निज संवाददाता। गयाजी**

गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत जागीर टोला गोबरिया से पुलिस ने शनिवार को दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बेलटूटी यानी बेल जंपिंग से जुड़े एक मामले में की गई, जिसमें दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटियों की पहचान महेंद्र चौधरी और राजेंद्र चौधरी के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ पूर्व से न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत था, लेकिन वे गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस और अपराध अनुसंधान टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस का स्पष्ट उद्देश्य है कि कानून से भागने वाले अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। फरार आरोपियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून का प्रभाव मजबूत हुआ है और आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। साथ ही यह संदेश भी गया है कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम आवास के सामने दिनदहाड़े बाइक चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**निज संवाददाता। गयाजी**



जिले के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले इलाके में अपराधियों के हौसले एक बार फिर सामने आए हैं। डीएम आवास के मुख्य गेट के ठीक सामने स्थित रेड हाउस कंपाउंड, जगजीवन रोड से दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आई है। चोरी की यह वारदात महज कुछ मिनटों में अंजाम दी गई, जिससे इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़ित नवीन कुमार, जो प्रहलाद स्वीट्स एंड नमकीन के प्रोपराइटर हैं, ने बताया कि 6 फरवरी को उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। किसी जरूरी काम से वह केवल पांच मिनट के लिए मोबाइल फोन लेने घर के अंदर गए थे। बाहर लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली। पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ, लेकिन आसपास काफी तलाश करने के बावजूद जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला, तब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाला।

सीसीटीवी फुटेज में चोरी की पूरी घटना स्पष्ट रूप से कैद है, जिसमें एक अज्ञात युवक बाइक लेकर आराम से फरार होता नजर आ रहा है। फुटेज सामने आने के बाद चोरी की पुष्टि हुई, जिसके बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

नवीन कुमार का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इसी इलाके में मोबाइल छिनतई और संदिग्ध गतिविधियों की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। डीएम आवास जैसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र के सामने चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है और प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है। पीड़ित और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस से इलाके में नियमित गश्ती बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी को और मजबूत करने तथा जल्द से जल्द चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब अतिसुरक्षित क्षेत्र में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो शहर के अन्य इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

## डोभी चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

# कार से 279 लीटर विदेशी शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**निज संवाददाता। गयाजी**



गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोभी स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान कुल 279 लीटर विदेशी शराब, जो 504 बोतलों में भरी हुई थी, जब्त की गई है। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है और मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम ने झारखंड से गया की ओर आ रही कार को नियमित वाहन जांच के दौरान डोभी चेकपोस्ट पर रोका था। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें छिपाकर रखी गई शराब की कई पेटियां बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि तस्कर झारखंड से शराब की बड़ी खेप लेकर गया में खपाने की फिराक में थे।

गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी संजय सिंह के पुत्र रौशन कुमार (32 वर्ष) और टिकारी थाना क्षेत्र के सिंगापुर निवासी रामप्रसाद पासवान के पुत्र सुदर्शन पासवान (33 वर्ष) के रूप में की गई है। दोनों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। जब्त की गई कार का निबंधन संख्या BR 01 PE 2563 बताया गया है। उत्पाद निरीक्षक रामप्रीती कुमार ने शनिवार दोपहर करीब तीन बजे जानकारी देते हुए बताया कि मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद उत्पाद विभाग की सतर्कता से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# इमामगंज में भूमि विवाद निपटारे के लिए जनता दरबार आयोजित, 8 से 10 मामलों के निष्पादन की संभावना

**निज संवाददाता। गयाजी**




इमामगंज प्रखंड के ब्लॉक कैंपस स्थित सभा सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य भूमि से संबंधित लंबित विवादों का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से समाधान करना रहा। पूर्व में नोटिस प्राप्त करने वाले आवेदक आवश्यक कागजातों के साथ जनता दरबार में उपस्थित हुए और अपने-अपने मामलों को अधिकारियों के समक्ष रखा।

अंचलाधिकारी सुकेश कुमार ने बताया कि इस जनता दरबार में करीब 8 से 10 मामलों के निष्पादन की संभावना है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर शनिवार अलग-अलग थाना क्षेत्रों के मामलों की सुनवाई निर्धारित समय पर की जा रही है, ताकि दूर-दराज के इलाकों से आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो।

निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सोहेल थाना क्षेत्र से जुड़े भूमि विवादों की सुनवाई की गई। सोहेल थाना क्षेत्र अंचल कार्यालय से अधिक दूरी पर स्थित होने के कारण इसे प्राथमिकता दी गई। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक कोठी थाना क्षेत्र के मामलों पर सुनवाई हुई, जबकि दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक इमामगंज थाना क्षेत्र से संबंधित भूमि विवादों पर विचार किया गया, क्योंकि यह क्षेत्र अंचल कार्यालय के नजदीक है।

अंचलाधिकारी ने बताया कि यह व्यवस्था प्रत्येक शनिवार को लगातार जारी रहेगी और औसतन हर जनता दरबार में लगभग 10 मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल से भूमि विवादों के समाधान में तेजी आने के साथ-साथ आम लोगों को बार-बार अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। जनता दरबार में सोहेल थाना प्रभारी, अंचल निरीक्षक गुड्डु कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और नियमानुसार समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

## मसौढ़ी में युवक की संदिग्ध मौत, पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई नामजद प्राथमिकी

**निज संवाददाता। मसौढ़ी**

मसौढ़ी थाना क्षेत्र के न्यू मणिचक मोहल्ले में शुक्रवार को हुई एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक के पिता ने इस घटना को हत्या बताते हुए कई लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सुखदेव प्रसाद के पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी, जिसके बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। पिता सुखदेव प्रसाद ने थाना में दिए गए बयान में न्यू मणिचक निवासी किशोरी राम के पुत्र राजू कुमार और उमेश राम के पुत्र कारू राम के अलावा अपने पुत्र के ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर

♦ **मसौढ़ी में युवक की संदिग्ध मौत, पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई नामजद प्राथमिकी**

लिया गया है और सभी आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में सच्चाई सामने लाने के लिए हर पहलू पर जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस संभावित आरोपियों की गतिविधियों और घटनास्थल से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं, वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जांच निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

# मॉडल हॉस्पिटल में 'ईज ऑफ लिविंग' की शुरुआत, एआई कैमरे से अस्पताल की निगरानी, बाउंड्री बॉल भी होगी ऊंची

## डीएम ने किया निरीक्षण

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने शनिवार को बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की व्यवस्था को बेहतरीन बताते हुए कहा कि पिछले डेढ़-दो महीने से लगातार छोटे-छोटे बदलाव किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है। राज्य सरकार की 'सात निश्चय' योजना के तहत 'ईज ऑफ लिविंग' पहल के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इस पहल का मूल उद्देश्य है कि आम लोगों का जीवन आसान हो और उन्हें न्यूनतम खर्च में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

**डिजिटल सूचना पैनल से मिली पारदर्शिता**: अस्पताल के मेन एंट्री गेट पर एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक पैनल लगाया गया है, जिस पर सभी डॉक्टरों का नाम, प्रोफाइल, मोबाइल नंबर और ओपीडी का समय विस्तार से दर्शाया गया है। डीएम ने बताया कि इससे मरीजों को काफी सुविधा हो रही है। वे समय पर संबंधित विशेषज्ञ से मिल पा रहे हैं। इसके अलावा, अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाओं और राज्य सरकार की ओर से मुहैया कराई जा रही दवाइयों की विस्तृत सूची भी बड़े-बड़े फ्लैक्स और साइन बोर्ड पर प्रदर्शित की गई है।

**अत्याधुनिक आईसीयू मशीन की शुरुआत**: अस्पताल में महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक आईसीयू मशीन की शुरुआत की गई है। डीएम ने इसे 'स्टेट ऑफ द आर्ट' तकनीक बताते हुए कहा कि जल्द ही ऑर्थोपेडिक से संबंधित सुविधाएं भी शुरू की जाएगी। डीएम ने अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर को विश्व स्तरीय बताया। मरीजों के परिजनों से बातचीत में उन्होंने इन सुधारों की सराहना की है। कहा कि अब लोगों को सभी आवश्यक दवाइयां और सुविधाएं अस्पताल में ही मिल रही हैं। उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।



**बिचौलियों पर लगाम और सुरक्षा व्यवस्था**: डीएम कुंदन कुमार ने स्वीकार किया कि अस्पताल में बिचौलियों की समस्या थी, लेकिन अब इस पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और इसमें कमी आई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही एआई कैमरे लगाए जाएंगे और अस्पताल की बाउंड्री वॉल की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी।

एक मैट्रिक्स तैयार किया जा रहा है, जिसके तहत सभी व्यवस्थाओं की दैनिक आधार पर निगरानी की जाएगी। अगर किसी मशीन में खराबी आती है, तो उसे न्यूनतम समय में ठीक करने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस से दूसरे पीएचसी भेजने का बैकअप प्लान भी तैयार किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि डॉक्टरों, नर्सों और जीविका द्वारा संचालित स्वच्छता एवं भोजन व्यवस्था भी उत्कृष्ट है। पूरी टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि छोटे-छोटे सुधारों से ही बड़े बदलाव आते हैं। इस अवसर पर सीएस, डीपीएम, डीएस और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### गोशाला से कल निकलेगी शोभायात्रा कांवर लेकर 50 भक्त होंगे शामिल

**भागलपुर**। बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल की ओर से रविवार को गोशाला परिसर में निशान शोभायात्रा व कांवर यात्रा निकाली जाएगी। गाजे-बाजे के साथ गोशाला से निकली शोभायात्रा शहर का भ्रमण करते बूढ़ानाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां सभी भक्त बाबा भोलेनाथ को निशान और कांवर अर्पित कर पूजा कर आशीर्वाद लेंगे। शोभायात्रा में महिला-पुरुष, युवा-युवतियां बाबा के भक्त शामिल होकर निशान और कांवर लेकर साथ-साथ चलेंगे। संस्था के अध्यक्ष संजय साह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इसमें सूरत से भी कई व्यापारी यात्रा में शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी मनीष दास ने कहा कि सुबह 8 बजे आरती पूजन के साथ निशान शोभायात्रा व कांवर यात्रा निकलेगी। करीब 500 भक्त हाथ में निशान और 50 भक्त कांवर लेकर साथ-साथ चलेंगे। इसमें बिहार स्तर के कई भाजपा नेता शामिल होंगे। यात्रा समापन के बाद भंडारा का आयोजन होगा। संस्था के महासचिव नितिन भुवानिका ने कहा कि इस बार 12वीं निशान शोभायात्रा निकाली जा रही है। मौके पर संरक्षक प्रति शेखर, अमित कुमार, सुनील लाठ, सनी शरीन, योगेश शर्मा, पवन जैन, मनोज मंगलम, आकाश कुमार, प्रशांत कुमार समेत अन्य मौजूद थे। भक्तों पर जगह-जगह होगी फूलों की वर्षा निशान शोभायात्रा में शामिल भक्तों पर शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह फूलों की वर्षा होगी। साथ ही जल और फ्रूटी भी मिलेगा। इसके लिए मुख्य बाजार में अलग-अलग जगहों पर विभिन्न संस्था के सदस्य स्टॉल लगाएंगे।

### असिस्टेंट साइंटिस्ट सुमित का सम्मान

**भागलपुर**। असिस्टेंट साइंटिस्ट के पद पर चयनित गोसाईं गांव निवासी सुमित कुमार को जिला परिषद अध्यक्ष विपिन मंडल ने गुरुवार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सुमित की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। सुमित ने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों को दिया।

### नदियों में डॉल्फिन की गणना की जाएगी

**भागलपुर**। भागलपुर समेत आस-पास की सभी नदियों में कितनी संख्या में डॉल्फिन है, इसकी गणना की जाएगी। इसके लिए शुक्रवार को वन विभाग (सुंदर वन) में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें डब्ल्यूआईआई टीम (भारतीय वन्यजीव संस्थान) ने भागलपुर समेत आस-पास के जिले के वन अधिकारी और कर्मियों को गंगा नदी में डॉल्फिन गणना करने का प्रशिक्षण दिया। टीम के सीनियर प्रोजेक्ट असिस्टेंट सूर्यजीत मोहित्रा और प्रोजेक्ट असिस्टेंट जयेश सिंह ने विभिन्न प्रकार के उपकरण दिखाकर अलग-अलग तरीके से डॉल्फिन गणना करने के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के बाद डब्ल्यूआईआई टीम ने वन अधिकारी और कर्मियों को गंगा नदी में ले जाकर अलग-अलग यंत्रों से डॉल्फिन गणना करने का लाइव डेमो भी दिखाया। मौके पर क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक डॉ. एस कुमारासमी, वन क्षेत्र पदाधिकारी कंपनी कुमार, वनरक्षी आदित्य अभिनव समेत अन्य वन कर्मी मौजूद थे। पैसिव एकाउस्टिक मॉनिटरिंग और हाइड्रोफोन की मदद से गंगा में डॉल्फिन की संख्या का पता लगाया जाएगा। वन विभाग को कई अन्य प्रकार के यंत्र मिला, जिससे डॉल्फिन के विभिन्न गतिविधियों का पता लगा सकें। बता दें कि पैसिव एकाउस्टिक मॉनिटरिंग से पानी के अंदर डॉल्फिन की ध्वनि का पता लगाने में उपयोगी होगी। हाइड्रोफोन पानी के अंदर डॉल्फिन की आवाज को रिकॉर्ड करता है, जिससे पता चलेगा कि इलाके में डॉल्फिन है।

### फ्रॉड ने शेयर मार्केट में मुनाफा का लालच देकर 4.93 लाख रुपए ठगे

**बेगूसराय**। शेयर मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर साइबर जालसाजों ने नगर थाना क्षेत्र के विष्णुपुर निवासी श्रेया कौशिक से 4 लाख 93 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में पीड़िता के पिता सुधीर कुमार ठाकुर ने साइबर थाना बेगूसराय में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, 1 अगस्त को श्रेया कौशिक के फेसबुक अकाउंट पर एक लिंक आया। लिंक से जुड़ने पर शेयर मार्केट में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। इसके बाद साइबर ठगों ने पीड़िता का एक फर्जी ट्रेडिंग अकाउंट खोल दिया। 8 अगस्त को श्रेया कौशिक ने ठगों के बताए खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। अगले ही दिन, 9 अगस्त को ठगों ने पीड़िता के पिता सुधीर कुमार ठाकुर के नाम से भी एक फर्जी अकाउंट खोल दिया। इसके बाद 14 अगस्त को 50 हजार और 2 लाख 8 हजार रुपये, 16 अगस्त को 59 हजार और 70 हजार रुपये तथा 26 अगस्त को 50 हजार रुपये ठगों के खाते में भेजे गए। इस तरह अलग-अलग तिथियों में कुल 4.93 लाख रुपये ट्रांसफर कराए गए। पीड़िता का भरोसा जीतने के लिए साइबर ठगों ने 12 अगस्त को 5 हजार रुपये और 27 अगस्त को 28 हजार 713 रुपये 27 पैसा मोबाइल बैंकिंग के जरिए श्रेया कौशिक के खाते में भेजे। कुछ दिनों बाद ठगों ने दावा किया कि निवेश पर 20 लाख 52 हजार 867 रुपये 56 पैसा का मुनाफा हो गया है। इसके बाद वाट्सएप पर एक मैसेज भेजकर ठगों ने एक खाता नंबर दिया और कहा कि मुनाफे की राशि पाने के लिए 10 प्रतिशत कमीशन पहले जमा करना होगा। इस पर पीड़िता ने कहा कि लाभांश की कुल राशि में से ही 10 प्रतिशत काटकर शेष रकम उसके खाते में भेज दी जाए। लेकिन ठग इसके लिए तैयार नहीं हुए। यहीं पर पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। फिलहाल साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल ट्रांजैक्शन की जांच शुरू कर दी है।

### विद्या रत्न मॉडर्न स्कूल में 10वीं प्रथम बैच का विदाई

**बेगूसराय**। विद्या रत्न मॉडर्न स्कूल, चित्रगुप्त नगर में कक्षा 10 के प्रथम बैच के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया है। आयोजन में कक्षा 8-9 के छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डाक अधीक्षक शीतल पासवान ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक लाने के टिप्स बताए। मौके पर स्कूल चेयरमैन आरती कुमारी, प्रधानाचार्य अमित कुमार, उप-प्रधानाचार्या रागिनी कुमारी एवं स्कूल प्रबंधक विजय कुमार ने छात्रों को मेहनत और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया है। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राम मिलन, विजय, बिनोद, नितीश, अजय, सुनील तथा रामानंद ने भी सभी विद्यार्थियों को परीक्षा एवं भविष्य के लिए शुभाशीष दिया।

### पूर्व मुखिया स्मृति में बांटे गए 400 कम्बल

**बीहट**। समय की पुकार संस्थान द्वारा मोसादपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सालिम खान की स्मृति में 400 जरूरतमंदों के बीच कम्बल बांटे गए। साजदा खातून, मो. मासूम खान द्वारा एस के इंटरनेशनल स्कूल देवना के प्रांगण में कम्बल बांटा गया। आसपास के क्षेत्रों के कलावती देवी, बेलाल साह, रौशनी खातून, रहमती खातून, मो. जमाल, रोशन खातून, खुशबु, कुरैशी, नरगिस, रानी देवी, गणेश दास, गणेश्वर दास सहित 400 जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया। मो. मासूम खान ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी अपने पिता पूर्व मुखिया मोसादपुर मो. सालिम खान के याद में वर्ष 2013 से कम्बल वितरण, आपदा एवं अन्य विकट स्थितियों में तथा स्वास्थ्य से जुड़े लाभों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

### टाउन हॉल में सेमिनार और मुशायरा आज

**भागलपुर**। उर्दू निदेशालय और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को टाउन हॉल में एक दिवसीय 'फरोगे-ए-उर्दू' सेमिनार, कार्यशाला एवं मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी सुबह 10 बजे करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में उर्दू निदेशालय के निदेशक श्री एस.एम. मोहम्मद परवेज आलम उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में भागलपुर के नामचीन उर्दू साहित्यकार और शायर अपनी रचनाओं से समां बांधेंगे। जिला उर्दू भाषा कोषांग ने कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली है जहां लोगों को बेहतरीन शायरी सुनने का अवसर मिलेगा।

# फारबिसगंज केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन का चुनाव 5 अप्रैल को

निज संवाददाता। अररिया



फारबिसगंज केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन का त्रिवार्षिक कार्यकाल के लिए चुनाव 5 अप्रैल को होगा। चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार साह की अध्यक्षता में एक व्यवसायिक परिसर में शनिवार को हुए कोर कमिटी की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के सचिव मनोज कुमार भारती, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, संगठन सचिव कुंदन कुमार, संयुक्त सचिव मुकेश जायसवाल,राकेश रौशन,गोपाल कृष्ण सोनू , दीपक शर्मा, गणेश यादव,घनश्याम जायसवाल,जुबेर आलम,रवि कुमार आदि मौजूद थे। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु तीन सदस्यीय चुनाव संचालन समिति गठित की गई, जिसमें मुख्य चुनाव पदाधिकारी संदीप डाबरीवाला को बनाया गया है।वहीं मो.जासीम आलम एवं अजीत कुमार झा सह चुनाव पदाधिकारी होंगे। जबकि संघ के संरक्षक विनोद सरावगी को मुख्य चुनाव मार्गदर्शक बनाया गया है ।चुनाव कार्यक्रम प्रभारी घनश्याम जायसवाल को एवं सहयोगियों के रूप में रवि कुमार,नौशाद आलम,रूपेश ठाकुर को चुना गया है। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सालाना वार्षिक बैठक एवं चुनाव सिद्धसागर भवन में संपन्न होगा। आगामी सत्र के लिए पुराने सदस्यों की सदस्यता का नवीकरण एवं नए सदस्य बनाए जाने का डोर टू डोर अभियान आगामी 28 फरवरी तक चलेगा,इसके बाद छूटे दुकानदार 5 मार्च तक चुनाव कार्यालय में अपनी सदस्यता का नवीकरण कराकर रसीद कटा सकते हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन 6 मार्च तक कर दिया जाएगा। संघ के संगठन सचिव कुंदन कुमार ने जानकारी दी कि चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

# कैम्प में छह लाभुकों को मिली ऋण स्वीकृति




निज संवाददाता। अररिया

डीएम विनोद दूहन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत कुल छह लाभुकों को ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।शिविर में लाभुकों को उनके प्रस्तावित उद्योगों क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के लिए बैंक ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई है। मौके पर डीएम विनोद दूहन ने लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार की ये योजनाएं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लाभुकों से ऋण का सदुपयोग करते हुए समय पर उद्योग स्थापित करने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की अपील की। साथ ही संबंधित बैंक अधिकारियों एवं उद्योग विभाग के पदाधिकारियों को योजनाओं के त्वरित एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। शिविर में उद्योग विभाग के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधि तथा लाभुक उपस्थित थे।

### जनता दरबार में 85 फरियादियों ने डीएम के समक्ष लगाई फरियाद



**अररिया**। समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम विनोद दूहन के जनता दरबार में 85 फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर फरियाद लगाई शनिवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गईं। जनता दरबार में भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतों की संख्या अधिक रहीं। इसके अलावा जीविका, विद्युत, समाज कल्याण, पीएचईडी सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं भी सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों के फरियाद को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निष्पादन के निर्देश दिए।

## प्रावि आदिवासी टोला मधुरा में गुलाब दिवस पर मानव श्रृंखला

निज संवाददाता। अररिया



फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में शनिवार को गुलाब दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय परिवार के द्वारा एक मिनट का मौन रखकर पुलवामा हमले में शहीदों की तस्वीर पर गुलाब फूल अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि फरवरी महीना प्रेम का महीना कहा जाता है और गुलाब प्रेम का प्रतीक है।गुलाब का फूल कोमलता सुंदरता के लिए जाना जाता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हमलोगों को फूलों की खेती पर भी बल देना चाहिए। यह रोजगार का अच्छा विकल्प है।इससे आर्थिक आय में वृद्धि होगी और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस दिशा में सकारात्मक प्रयास की आवश्यकता है।खैरखा पंचायत अंतर्गत सुरहा धार के ऊपर में बहुत सारे फूलों की खेती लोग कर रहे हैं और अच्छी आमदनी कर रहे हैं।फूल सुंदरता के साथ जीविकोपार्जन का भी साधन हो गया है।किया जाता है। मौके पर बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर रोज डे लिखा।कार्यक्रम को प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह,शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने भी संबोधित किया।फोकल शिक्षक सह कवि संजीव कुमार निगम ने स्वयं रचित कविता मेरी बगिया की कचनार की कली हो तुम का पाठ किया।

# सड़क किनारे मिली युवक की लाश

निज संवाददाता। बेगूसराय



लालबाबू महतो, मृतक



बेगूसराय में सड़क किनारे एक युवक का शव मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटनास्थल के पास ही बाइक पड़ी हुई थी। मृतक की पहचान कुंभी गांव निवासी उमाशंकर महतो के पुत्र लालबाबू महतो (26) के तौर पर हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंझौल डीएसपी भी मौके पर पहुंचे। घटना छौड़ाही थाना क्षेत्र के नारायणपीपड़ और परोड़ा गांव के बीच की है। जानकारी के मुताबिक लाल बाबू दो दिन पहले बाइक से अपने ससुराल गया था। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे परिवार के लोगों से उसकी बात हुई थी। इसके बाद कोई संपर्क नहीं हुआ। मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने सुनसान जगह पर शव देखा। पास में ही एक बाइक पड़ी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बाइक में मिले कागजात के आधार पर इसकी सूचना परिजनों को दी गई। घरवालों ने युवक के गले पर खरोंच और बाइक की हालत देखकर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। जांच के लिए FSL की टीम को भी बुलाया गया है।

**पुलिस से मौत की सूचना मिली:** मृतक के चचेरे भाई राजीव कुमार ने बताया कि लाल बाबू महतो ससुराल से बाइक पर सवार होकर अपने गांव कुंभी लौट रहा था। इसके बाद संपर्क नहीं हो रहा था। सुबह में पुलिस से लाश मिलने की सूचना मिली। गले और सिर के अलावा कहीं चोट का निशान नहीं है। बाइक के दोनों चक्के ऊपर की तरफ थे, एक्सिडेंट में ऐसा नहीं हो सकता। किसी ने साजिश के तहत उसे मारा है। गांव में ही रहता था। खेती करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी है। तीन भाइयों में मंझले थे। सभी मिलकर खेती करते थे।

**सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है:** मंझौल डीएसपी नवीन कुमार के नेतृत्व में छौड़ाही थाना की पुलिस सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कारणों का पता लगाने में जुटी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# सात निश्चय-3 से कृषि में प्रगति और प्रदेश में आएगी समृद्धि : ई शैलेन्द्र

निज संवाददाता। भागलपुर



बिहपुर बिस के भाजपा विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक ई.शैलेंद्र ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि सात निश्चय-3 के तीसरे निश्चय 'कृषि में प्रगति-प्रदेश में समृद्धि आएगी। इसके तहत डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। विधायक ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुनिश्चित किया है कि पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य मिल सके। बताया गया कि राज्य के कुल 39,073 गांवों में से 25,593 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जा चुका है। राज्य सरकार ने शेष सभी गांवों में अगले दो वर्षों के अंदर दुग्ध उत्पादन समितियों के गठन का निर्देश पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को दिया है। इससे पशुपालकों की आमदनी बढ़ेगी और राज्य में दूध की उपलब्धता में वृद्धि होगी। सात निश्चय-2 के तहत राज्य के सभी प्रखंडों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है। अब सात निश्चय-3 के अंतर्गत राज्य की सभी पंचायतों में भी सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में राज्य की कुल 8053 पंचायतों में से 100 पंचायतों में सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र स्थापित हो चुके हैं। अब शेष सभी 7953 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंत तक सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है। विधायक ने कहा कि राज्य के पंचायतों में खुलने वाले नए सुधा दुग्ध बिक्री केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से लाभान्वित जीविका दीदियों को आवंटित करने का निर्देश दिया गया है। इससे राज्य के ग्रामीण इलाकों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में डेयरी व्यवसाय बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में अपने गांव में ही लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और उनकी आमदनी बढ़ेगी। नवगछिया जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और राज्यवासियां के जीवन में समृद्धि आएगी।

### जदयू जिला निर्वाची पदाधिकारी तथा निर्वाची पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्ति

**भागलपुर**। जनता दल यूनाइटेड भागलपुर संगठन को सुदृढ़ एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से और अधिक मजबूत करने की दिशा में प्रदेश नेतृत्व द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन साह को जिला निर्वाची पदाधिकारी तथा वरीय नेता मनोरंजन मजूमदार को जिला निर्वाची पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। दोनों नेता संगठन के पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर संगठनात्मक निर्वाचन कार्यों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराएंगे। इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जिन अनुभवी, समर्पित एवं संगठन के प्रति निष्ठावान नेताओं को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उससे निश्चित रूप से संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलेगी।

### मायागंज में तेल मिल संचालक की मौत

**भागलपुर**। भागलपुर के मायागंज में इलाज के दौरान सड़क हादसे में घायल तेल मिल संचालक की मौत हो गई। मृतक प्रदीप कुमार(38) खरीक थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव के रहने वाले थे। शुक्रवार को दोपहर में बाइक से नवगछिया जा रहे थे। रास्ते में दूसरी बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परबत्ता पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में एडमिट कराया। जहां शनिवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। एक बेटा और बेटी है। तेल मिल चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** अस्पताल परिसर में मौजूद बरारी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परबत्ता थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### इंटर एग्जाम का 5 वां दिन

**भागलपुर**। भागलपुर में इंटरमीडिएट परीक्षा का पांचवां दिन है। कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के 59 केंद्रों पर पहली पाली में केमिस्ट्री की परीक्षा हुई। पहले दिन की सख्ती के बाद परीक्षार्थी निर्धारित समय पर सेंटर पर पहुंचे। जहां चेकिंग के बाद एंट्री दी गई। किसी सेंटर से हंगामे की सूचना नहीं है। परीक्षा को नकलमुक्त और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात है। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध है। केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संचालन में किसी भी लापरवाही के प्रति सख्त निर्देश दिए गए हैं।

**सीसीटीवी से निगरानी:** जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी और दंडाधिकारी लगातार कई केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

**शांतिपूर्ण माहौल में एग्जाम:** यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए भी पुलिसकर्मी मौजूद हैं। प्रशासन ने कहा कि इंटरमीडिएट परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। अधिकारियों ने परीक्षार्थियों से समय पर केंद्र पहुंचने, केवल आवश्यक सामग्री लाने और किसी भी अफवाह से बचने की अपील की है। अब तक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में चल रही है।

### 2 लोडेड ट्रकों की आमने-सामने टक्कर

**भागलपुर**। भागलपुर में शनिवार सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल है। हादसे के बाद एनएच-31 पर करीब 10 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया घटना भवानीपुर थाना क्षेत्र की है। हादसे के बाद एक ट्रक ड्राइवर गाड़ी के स्टीयरिंग में फंस गया। करीब 10 मिनट तक जान की भीख मांगता रहा, लेकिन तड़प-तड़प कर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शव को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

**टक्कर के बाद गाड़ी पलट गई:** जानकारी के अनुसार, खगड़िया से चावल लदा ट्रक नवगछिया की ओर जा रहा था, जबकि नवगछिया से गिट्टी लदा ट्रक खगड़िया की ओर आ रहा था। इसी दौरान दोनों ट्रकों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों गाड़ी पलट गई। घायल को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारायणपुर में भर्ती कराया है। फिलहाल पुलिस यातायात बहाल करने में जुटी हुई है। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## कृष्ण विवाह और सुदामा चरित्र ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर



निज संवाददाता। अररिया

फारबिसगंज के एसके रोड स्थित राम प्रकाश प्रसाद के आवास पर आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन शनिवार को कथा स्थल भक्ति,श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत रहा। कथावाचक आचार्यश्री नारायण शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रोताओं को भक्ति के सागर में डुबो दिया।सातवें दिन की कथा में भगवान श्रीकृष्ण के अनेक विवाहों, सुदामा चरित्र, भागवत धर्म का गायन, चौबीस गुरुओं के मर्म, राजा परीक्षित के सफल श्रवण, भागवत पूजन एवं व्यास पूजन का प्रसंग सुनाया गया।सुदामा चरित्र के दौरान मित्रता, त्याग और निष्काम भक्ति का ऐसा मार्मिक चित्रण किया गया कि श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। आचार्यश्री नारायण शर्मा ने अपने प्रवचन में कहा कि भागवत धर्म जीवन को सही दिशा देता है और मानव को अहंकार से मुक्त कर प्रभु चरणों में समर्पण का भाव सिखाता है। चौबीस गुरुओं के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि प्रकृति और जीवन के प्रत्येक अनुभव से मनुष्य शिक्षा ग्रहण कर सकता है। कथा के दौरान भजनों और कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को आपदा से बचाव को लेकर किया गया प्रशिक्षित



निज संवाददाता। अररिया

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार के तहत तिरसकुंड पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में फरवरी माह के पहले शनिवार को बच्चों को आपदा को लेकर मॉकड्रिल के साथ प्रशिक्षण दिया गया।बच्चों को आग,भूकंप,डूबने से बचाव, बिजली से बचाव के उपाय की जानकारी मॉकड्रिल से दी गई।बच्चों को सुरक्षित स्थान पर जाने,प्राथमिक उपचार और आपातकालीन स्थितियों से निबटने का व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। फोकल शिक्षक संजीत कुमार निगम ने फरवरी की संभावित ठंड को देखते हुए बच्चों को शीतलहर से बचाव के उपायों पर चर्चा की।मौके पर बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह,शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने कुपोषण को लेकर बच्चों को जागरूक किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आदिवासी नृत्य और गीत गाकर मनोरंजन किया। संध्या कुमारी,अनिता कुमारी,सोनाक्षी कुमारी,नीलम, अनिता और फूल कुमारी ने शिक्षण अधिगम सामग्री के द्वारा अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सुप्रीम कोर्ट की नजर में क्या है चुनाव आयोग की प्रक्रिया ?

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार से शुरू हुआ विवाद उत्तर प्रदेश से होकर अब पश्चिम बंगाल में केंद्रित हो गया है। पुनरीक्षण प्रक्रिया का मकसद मतदाता सूची से अपात्र लोगों को बाहर करना है, जिनमें स्थान बदलने वाले नागरिक या जिनकी मौत हो चुकी है या फिर गलत तरीके से नाम दर्ज कराने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। चुनाव में शुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस कवायद को जरूरी माना गया है और इस पर किसी को आपत्ति नहीं होगी, मगर इसमें सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू है पारदर्शिता और निष्पक्षता का। विभिन्न राज्यों में इस प्रक्रिया के तहत मसविदा मतदाता सूची से जितनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर होने के दावे किए जा रहे हैं, उससे आम नागरिकों के मन में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे संबंधित मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि राज्य के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हर समस्या का समाधान होता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रहे। गौरतलब है कि पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि नागरिकों के नाम मनमाने तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए और उन्हें इस संबंध में कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई। ऐसे में निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में मतदाता सूची से बाहर होने वाले लोगों को समय पर सूचित करने और उन्हें अपनी पात्रता साबित करने के पर्याप्त अवसर देने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है, अगर पुनरीक्षण को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने को प्राथमिकता दी जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद खड़े नहीं होते। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिया था कि इस पूरी प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं का सत्यापन पारदर्शी ढंग से होना चाहिए।

### डिजिटल एडिक्शन का खतरनाक खेल, गाजियाबाद त्रासदी,पेरेंट्स के लिए सबक

ऑनलाइन खेल मनोरंजन का साधन हो सकता है, लेकिन इसके लिए सीमित समय तय करना और आत्मनियंत्रण बेहद जरूरी है। अगर किसी बच्चे या किशोर को इसकी लत लग जाए, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। आज की आभासी दुनिया में ऐसे खेल भी आ गए हैं, जिनमें उपयोगकर्ताओं को जोखिम भरे कार्य दिए जाते हैं। बच्चे इन खेलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं, जिससे वे न केवल शारीरिक एवं मानसिक विसंगतियों का शिकार हो जाते हैं, बल्कि कई बार आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां तीन नाबालिग बहनें मंगलवार देर रात इमारत की नौवीं मंजिल से कूद गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस को प्रारंभिक जांच-पड़ताल में पता चला कि ये तीनों बहनें एक ऐसे आनलाइन खेल की आदी थीं, जिसमें खेल के दौरान कुछ इस तरह के कार्य दिए जाते हैं, जो खतरे से खाली नहीं होते। इसमें दोराय नहीं कि इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन तकनीक के इस साधन में कई तरह के खतरे भी छिपे हुए हैं। मोबाइल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से न केवल बच्चों और किशोरों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि उनके व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गाजियाबाद में इमारत से कूदकर जान देने वाली लड़कियों के परिवारवाले भी इस बात से चिंतित थे और उनके आनलाइन गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे।कहा जा रहा है कि परिवार वालों ने इन तीनों बहनों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिससे वे बेहद निराश थीं। सवाल है कि ऐसे आनलाइन खेलों की अनुमति कैसे दे दी जाती है, जो किसी बच्चे के जीवन को खतरे में डाल दे या फिर उसकी मौत का कारण बन जाए? जाहिर है, इसके पीछे कानून में स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव हो सकता है। मगर अभिभावकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे इस तरह के जोखिम को हल्के में न लें और बच्चों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल के दौरान उन पर नियमित नजर रखें।

*विस्तृत सैन्य विवरणों से परहेज करते हैं। भारत में भी ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगे, परंतु सेना और सुरक्षा संस्थानों की साख को राजनीतिक संघर्ष का अखाड़ा न बनाया जाए। यही संतुलन लोकतंत्र को मजबूत करता है। लेकिन राहुल गांधी पूर्व में भी सैन्य बयानों से न केवल सुरक्षा के लिये खतरा बनते रहे हैं बल्कि हमारे जवानों के मनोबल को भी आहत करते रहे हैं।*

## राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता

**(ललित गर्ग)**

यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया। यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो। संसद के भीतर अप्रकाशित 'संस्मरण' के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मर्यादा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि सच्चाई यह है और सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई।

कांग्रेस की भूमिका पर भी गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। एक समय देश को नेतृत्व देने वाली पार्टी आज बार-बार ऐसे प्रसंगों में उलझती दिखती है, जहां बयानबाजी मुद्दों पर भारी पड़ जाती है। राहुल गांधी एक प्रभावशाली वक्ता हैं, जनभावनाओं को छूने की क्षमता रखते हैं और युवाओं में संवाद स्थापित कर सकते हैं। किंतु यही कारण है कि उनसे अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। बार-बार ऐसे मुद्दे उठाना जिन्हें सत्ता पक्ष राष्ट्रीय एकता के लिए घातक बताता हो, कांग्रेस की छवि को गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में मजबूत करता है। यह धारणा चाहे पूरी तरह सही न हो, लेकिन राजनीति में धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है जितना तथ्य। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो परिपक्व लोकतंत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए अलग-अलग संसदीय समितियां, बंद सत्र और संस्थागत प्रक्रियाएं होती हैं। सार्वजनिक मंचों पर बयान देते समय नेता प्रायः संकेतों और नीतिगत प्रश्नों तक सीमित रहते हैं।

## भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है

**(प्रह्लाद सबनानी)**

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को 'मदर आफ ऑल डील्स' कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है। उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5997

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5997

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 13 जून 1940 का जलियावाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या की (5)
5. एक बार सांस लेने का समय, बल (2)
7. खिंचकर कड़ा होना, फैलना (3)
8. जब एक-दूसरे के मत परस्पर मिलते हो (4)
9. मंत्री, शतरंज की एक मोहर (3)
10. मान-मर्यादा, प्रतिज्ञा (2)
11. प्रकार, ढंग, उपाय, युक्ति (3)
12. क्रय-विक्रय की सामग्री, भोजन (2)
13. नित्य प्रतिदिन, गुलाब (अंग्रेजी)(2)
14. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)
16. क्रोध या आवेश में आने का भाव (3)
18. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधियों के रक्षक कहे गए है (2)
20. पानी, जल, वारि, सलिल (2)
21. आंख के बीच का काला भाग जिसके मध्य प्रकाश की किरणें प्रवेश करती है (3)
23. नक्षत्र, सितारा (2)
24. पार्वती का एक नाम (2)
25. सिर्फ, केवल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्राणीशास्त्र के अनुसार तंतु समूह कोशिकाओं का बना अंग (3)
2. गणित में जोड़ का चिन्ह, संपत्ति, रूपैया-पैसा (2)
3. मनाने का काम (4)
4. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
5. बर्बरतापूर्वक दबाने वाला, अत्याचारी (5)
6. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
10. भारत की पहली सवाक (बोलती)फिल्म (5)
12. शिकस्त, पराजय (2)
15. दिनांक, तारीख (2)
17. किस समय, किस वक्त (2)
19. घायल, हानि पहुंचाया हुआ, जख्मी (2)
22. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक देश (2)

### वर्ग पहेली 5996 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | ■ | गु | ज | रा | त |
| गु | ल | ब | द | न | ■ | ति | ल |
| र | ■ | ड़ | ■ | गु | ला | ब | ■ |
| ■ | सं | ■ | बे | ना | म | ■ | ■ |
| सा | के | त | ■ | ना | का | ■ | मु |
| म | त | ल | बी | ■ | फ | की | र |
| वे | ■ | घ | न | ■ | ■ | क | ली |
| द | रा | र | ■ | सा | ग | क | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका दिन व्यस्त रहने वाला है। अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। हालांकि आपके निर्णय लेने की क्षमता आपको लाभ के अवसर प्रदान करेगी। आपके रुके हुए कार्य तेजी के साथ पूरे होंगे। अगर किसी कार्य के लिए धन खर्च करना आगे चलकर आपके लिए लाभ देने वाला साबित होगा। शाम का समय आपका मांगलिक कार्यों में शामिल होने का है।

### वृष
आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। दिन की शुरुआत में थोड़ी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ सकती है। हालांकि माता-पिता के आशीर्वाद से दोपहर तक हालात सामान्य होते जाएंगे। वहीं, ससुराल पक्ष से भी तनातनी के संकेत मिल रहे हैं। इस दौरान अपने शब्दों का चयन सोच समझकर करें। आंखों से संबंधित परेशानी में सुधार होगा।

### मिथुन
आज दिन आपके लिए शुभ और लाभकारी रहेगा। इस दौरान आपकी संपत्ति में इजाफा होगा। कुछ नए अधिकार भी आपको प्राप्त हो सकते हैं। दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है। गुरुजनों का आदर और सम्मान करने से आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

### तुला
आज आपको अपने स्वास्थ्य पर थोड़ा अधिक ध्यान देना होगा। किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों के कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक कार्यों में अड़चन आ सकती है। हालांकि, अचानक धन लाभ के योग भी बनते दिख रहे हैं। अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। वहीं, संतान से भी आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी कड़ी मेहनत का अच्छा फल प्राप्त होगा। संतान के साथ आपका जुड़ाव और अधिक मजबूत होता दिखेगा। ननिहाल पक्ष से आपको सहयोग या कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। अपनी शान शौकत पर आप धन खर्च कर सकते हैं। इससे आपके विरोधी परेशान रहेंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।आप सरकारी क्षेत्र से जहा लाभ ले पाएंगे।

### धनु
आज आपको पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही कुछ अच्छे लोग भी आपके साथ जुड़ेंगे। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए किसी बैंक के लोन भी लेना पड़ सकता है। ऐसे में जो भी निर्णय लें सोच समझकर ही लें। परिवार का आपको साथ मिलेगा। पत्नी पक्ष से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। रात के समय परिवार के साथ आनंद से बीतेगा।

### कर्क
आज आप कठिन से कठिन कार्य आसानी से पूरा कर पाएंगे। माता-पिता से सुख और सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद से आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर आप थोड़े परेशान रह सकते हैं। इस दौरान आपको फिजूल खर्च से बचना होगा। व्यापार में धन लाभ के प्रबल आसार नजर आ रहे हैं।

### सिंह
आज लंबे समय से अटका हुआ कोई विवाद समाप्त होता दिख रहा है। समाज में आपके छवि मजबूत होगी। लोग आपकी तरफ खिंचे चले आएंगे। मान-सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा। रात का समय आपको परिवार के लोगों के साथ मौज-मस्ती में बीतेगा। सुख साधनों में वृद्धि होने का भी संयोग बना है। कल का दिन प्रेम संबंध के लिहाज से भी कन्या राशि के लिए अनुकूल है।

### कन्या
आज आपको सोच-समझकर खर्च करना होगा। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से परेशानी में पड़ सकते हैं। आपको परिवार के लोगों से बी थोड़ा संभलकर रहना होगा। विश्वासघात होने की संभावना नजर आ रही है। सांसारिक सुख भोग की वस्तुओं में इजाफा होगा।

### मकर
आज दिन की शुरुआत में आपका मन कुछ परेशान रहेगा। व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे आपके प्रयास असफल हो सकते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपके लिए कमाई के नए रास्ते खुलते चले जाएंगे। शाम तक आपको अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। किसी पुराने वाद-विवाद में आपको सफलता मिलेगी।

### कुंभ
धार्मिक कार्यों की तरफ आपकी रुचि बढ़ेंगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना आपको समाज में मान-सम्मान दिलाएगी। इस दौरान आपको भाग्य का भी पूरा सहयोग मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होती चली जाएगी। हालांकि, शाम के समय आपको अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। पेट से संबंधित समस्या आपको परेशान कर सकती है।

### मीन
आज दिन आपके लिए लाभकारी रहने वाला है। किसी कीमती वस्तु को पाने की आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। हालांकि, न चाहते हुए भी आपके खर्चों में भी इजाफा होगा। वहीं, ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलता दिख रहा है। व्यवसाय में लंबे समय से रुके हुए आपके कार्य पूरे होते जाएंगे। नए निवेश से आपको लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड पहुंचा अजित पवार का अस्थि कलश, रांची में श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ शांति पाठ

**रांची, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनीतिक नेता स्वर्गीय अजित पवार का अस्थि कलश पारिवारिक संबंधों के चलते झारखंड लाया गया। उनके सुपुत्र पार्थ पवार द्वारा अस्थि कलश झारखंड भेजा गया था, जिसे दिल्ली से अनिल वर्मा स्वयं रांची लेकर पहुंचे और झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा झारखंड के पूर्व एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह को पूरे सम्मान और श्रद्धा भाव के साथ सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय अजित पवार और सिंह परिवार के बीच वर्षों से राजनीतिक के साथ-साथ पारिवारिक, आत्मीय और विश्वासपूर्ण संबंध रहे हैं। इसी गहरे पारिवारिक जुड़ाव के कारण अस्थि कलश झारखंड भेजा गया, जिसके बाद राजधानी रांची में शांति पाठ एवं अस्थि विसर्जन से संबंधित धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची के पुंदाग स्थित विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं प्रदेश अध्यक्ष (झारखंड) के आवास पर श्रद्धा, शांति और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांति पाठ किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना की गई। कार्यक्रम में मनीषा सिंह सहित सिंह परिवार के सदस्य, रिश्तेदार एवं सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य मौजूद थे।

### रांची प्रेम रंजिश में पेंटर वसीम मंसूरी की चाकू-डंडे से हत्या, दो गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** पुंदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत अनसूल अपार्टमेंट के सामने निर्माणाधीन भवन में मिले शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 4 फरवरी की सुबह सूचना मिली कि अनसूल अपार्टमेंट के सामने निर्माणाधीन अपार्टमेंट के लिफ्ट स्पेस के नीचे पानी में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना के सत्यापन के दौरान शव की पहचान उसी अपार्टमेंट में पेंट-पुट्टी का काम करने वाले वसीम मंसूरी के रूप में की गई, जो 2 फरवरी से लापता था। शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हुआ। घटना के संबंध में मृतक के पिता जसीम मंसूरी ने थाना में लिखित आवेदन दिया, जिसमें मृतक के साथ काम करने वाले साहिद अंसारी और दिलशाद सहित अन्य अज्ञात को नामजद किया गया। इसके आधार पर दो अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, डंडा तथा घटना के समय पहने गए खून लगे कपड़े बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त साहिद अंसारी ने बताया कि उसका मृतक वसीम मंसुरी की बहन के साथ प्रेम संबंध था। 15 जनवरी को वह अपनी प्रेमिका के साथ लोहरदगा में मिला था, जहां वसीम मंसुरी और उसके घरवालों ने उसे पकड़कर मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रंजिश में साहिद अंसारी ने अपने साथी मुसरफ अंसारी और एक अन्य के साथ मिलकर 2 फरवरी को योजना बनाकर वसीम मंसुरी को काम के बहाने बुलाया। आरोप है कि लाजपत नगर, पुंदाग स्थित अनसूल अपार्टमेंट के सामने निर्माणाधीन भवन के प्रथम तल के एक कमरे में चाकू और लाठी से वार कर वसीम मंसुरी की हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को छुपाने के उद्देश्य से उसी भवन के लिफ्ट लगाने के लिए बनाए गए ग्राउंड फ्लोर के पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, डंडा, अभियुक्त के खून लगे कपड़े तथा दोनों अभियुक्तों के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### झारखंड को 15वें वित्त आयोग की दूसरी किस्त मंजूर

**रांची, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने झारखंड को 15वें वित्त आयोग के तहत बड़ी वित्तीय सौगात दी है। पंचायती राज मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बेसिक (अनटाइड) ग्रांट की दूसरी किस्त जारी करने की सिफारिश कर दी है। इसके तहत झारखंड को कुल 275.12 करोड़ रुपये की राशि अगले सप्ताह जारी की जाएगी। यह निर्णय सभी निर्धारित पात्रता शर्तों की समीक्षा के बाद लिया गया है। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार झारखंड सरकार ने केंद्र द्वारा तय की गई सभी आवश्यक शर्तों का अनुपालन किया है। राज्य ने पहली किस्त के उपयोग का विवरण, पंचायतों के गठन, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं की अपलोडिंग, खातों का समापन, ऑडिट प्रक्रिया और राज्य वित्त आयोग से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों को पूरा किया है। इन्हीं आधारों पर दूसरी किस्त जारी करने की सिफारिश की गई।मंत्रालय ने बताया कि झारखंड को पहली किस्त 24 दिसंबर 2025 को जारी की गई थी। राज्य सरकार ने इस राशि को तय समय सीमा के भीतर पंचायतों को हस्तांतरित कर दिया था। पहली किस्त के सही और समयबद्ध उपयोग ने दूसरी किस्त की मंजूरी का रास्ता साफ किया।अनुदान की कुल राशि में से 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों, 15 प्रतिशत पंचायत समितियों (ब्लॉक पंचायतों) और 10 प्रतिशत जिला परिषदों को दी जाएगी। इसके तहत पात्र ग्राम पंचायतों को लगभग 207.61 करोड़ रुपये, पंचायत समितियों को 39.82 करोड़ रुपये और राज्य की सभी 24 जिला परिषदों को 27.70 करोड़ रुपये मिलने की सिफारिश की गई है।

# बोकारो में हाथियों का तांडव जारी

## दो दिन में दादा-पोते और पति-पत्नी समेत पांच की मौत से मातम

**ललपनिया, एजेंसी।** झारखंड में हाथियों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी लगातार हमले कर रहे हैं और निर्दोष लोगों की जान जा रही है।

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड में हाथियों ने एक बार फिर से हमले किए हैं। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही गोमिया प्रखंड में दो दिन में हाथी हमले में मृतकों की संख्या पांच हो गई है।

गोमिया प्रखंड के महुआटांड़ पंचायत अंतर्गत गांगपुर गांव में हाथियों के हमले से गांव में कोहराम मच गया। हाथियों के तांडव में दादा-पोते की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों की पहचान 60 वर्षीय सोमर साव और उनके 8 वर्षीय पोते अमन कुमार (आयुष) के रूप में की गई है। वहीं, इस घटना में 10 वर्षीय राहुल कुमार (सोमर साव का नाती) तथा शांति देवी (सोमर साव की समधन) गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसके अलावा 10 वर्षीय राशि कुमारी भी इस घटना में घायल हुई हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, तीन हाथियों का झुंड गुरुवार की रात 8:30 बजे गांव में घुस आया और घर में तोड़फोड़ करते हुए जमकर उत्पात मचाया। इसी दौरान हाथियों ने घर में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि एक व्यक्ति अब भी लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि हाथी उसे अपने साथ ले गए हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बिजली नहीं थी और अंधेरा होने का फायदा उठाकर हाथियों ने घर के दरवाजे व दीवारें तोड़ दीं। सभी लोग घर के अंदर ही थे, तभी हाथी घर में घुस आए और हमला कर दिया।



गोमिया प्रखंड के बड़की पन्नू गांव में हाथियों के हमले में पति-पत्नी सहित एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। यह दर्दनाक घटना बुधवार देर रात करीब तीन बजे की है, जब पांच सदस्यीय हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और एक घर के आंगन तक पहुंच गया।

गोमिया प्रखंड में ही एक दिन पहले बड़ी पन्नू गांव में हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी। हमले के बाद जान बचाने के लिए घर से बाहर भाग रहे गंगवा करमाली को हाथियों ने सूंड में लपेटकर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पति की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी कमली देवी बाहर आईं, लेकिन हाथियों ने उन्हें भी कुचल दिया। इस तरह पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान गंगवा करमाली की भाभी भगिया देवी ने भी बचने का प्रयास किया, लेकिन एक हाथी ने उन्हें भी कुचल दिया, जिससे उनकी भी मौत हो गई।

## हजारीबाग में परीक्षा देने जा रहे छात्रों की मिनी बस डिवाइडर से टकराई, बाइक सवार की मौत, 3 की हालत गंभीर

**बरही (हजारीबाग), एजेंसी।** बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव स्थित जीटी रोड पर शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों से भरी एक मिनी बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद अनियंत्रित बस डिवाइडर से जा टकराई।

हादसे में बाइक सवार ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मिनी बस में सवार पांच परीक्षार्थी घायल हो गए। मृतक की पहचान बरकट्ठा थाना क्षेत्र के चेचकपी गांव के 55 वर्षीय निवासी जयप्रकाश मेहता (पिता-ननक मेहता) के रूप में की गई है। बताया गया कि वह अपने गांव चेचकपी से बाइक पर सवार होकर अपने नए घर रोमी जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, सभी घायल परीक्षार्थी डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल, मलकोको के छात्र हैं, जो मिनी बस से मां विंध्यवासिनी बीएड कॉलेज, पदमा स्थित परीक्षा केंद्र जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल, बरही में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घायलों में खालिद राजा (16) (पिता-अब्दुल कुदुस), जावेद अख्तर (16) (पिता-मो. जब्बार), फरहान राजा (17) (पिता-हाशिम अंसारी), इलियास आलम (15) (पिता-कलीम अंसारी) व अमन पासवान (16) (पिता-सकलदेव पासवान) शामिल हैं।

इनमें से तीन छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है, हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्र खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बरही बीडीओ जयपाल महतो, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी सहित कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज की व्यवस्था में सहयोग किया। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हजारीबाग में दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम से 25 लाख की लूट, दहशत फैलाने के लिए की फायरिंग



**बड़कागांव (हजारीबाग), एजेंसी।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत डेली मार्केट के समीप शनिवार को करीब 11:30 बजे दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने ज्वेलरी शोरूम में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने ज्वेलरी दुकानदार प्रभु सोनी से करीब 22 से 25 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात लूट लिए। लूट के बाद अपराधी फरार हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन की संख्या में अपराधी अपाचे बाइक पर सवार होकर ज्वेलरी दुकान पहुंचे थे। लूटपाट के दौरान जब लोगों ने विरोध किया तो अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से 4 से 5 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग की चपेट में आकर सुधीर सोनी नामक व्यक्ति के हाथ में गोली लग गई।

घटना के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घायल सुधीर सोनी को तत्काल बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान भी तेज कर दिया गया है।

दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम में हुई लूट की इस घटना से क्षेत्र के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## रांची के रातू प्रखंड में कृषि मेला का मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया उद्घाटन

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के रातू प्रखंड के तिगरा में शुक्रवार को जिलास्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी-कार्यशाला-2026 का उद्घाटन राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया. इस मौके पर कृषि मंत्री ने स्टॉल भ्रमण के बाद किसानों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया .

कृषि मेला को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में जिलास्तरीय कृषि मेला के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना है. राज्य में चल रही महागठबंधन की सरकार में सफल और समृद्ध किसान बनाने के लिए हर तरह की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. चाहे बात खेती-बाड़ी से जुड़ी हो, मत्स्य पालन से जुड़ी हो, पशुपालन से जुड़ी हो या समिति बना कर कृषि के क्षेत्र में काम करने वाले किसानों से जुड़ी हो हर क्षेत्र में सरकार की योजनाएं चल रही हैं.

उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग किसानों को सब्सिडी पर योजनाओं का लाभ देने का काम कर रहा है. अलग -अलग योजनाओं में 50 से 90 प्रतिशत तक किसानों को सब्सिडी के आधार पर योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है. राज्य के अन्नदाता किसान कैसे मजबूत बनें इसको लेकर कदम-कदम पर सरकार खड़ी है.

कृषि मंत्री ने कहा कि आज तेजी के साथ ग्रामीण इलाकों में जमीन की बिक्री हो रही है . हमें अपनी जमीन- अपने गांव की जमीन को बचाना होगा, क्योंकि उसी से हमारी पहचान है. जल-जंगल और जमीन के संरक्षण को लेकर जागरूक रहते हुए संघर्ष को तेज करने की जरूरत है. समाज को जाति, धर्म के नाम पर बांटने और तोड़ने का चक्रव्यूह रच रहे राजनीतिक व्यापारियों से बचना होगा. अगर हम उनके चक्रव्यूह में फंस गए तो अपनी पहचान को नहीं बचा पाएंगे. जिला स्तरीय किसान मेला में लगे स्टॉल का भी कृषि मंत्री ने भ्रमण किया और विस्तार से उत्पादों की जानकारी ली. विभागीय मंत्री ने मेला में उपस्थित लोगों से स्टॉल का जरूर भ्रमण करने की अपील की. इस मौके पर परिसंपत्ति वितरण के तहत ट्रैक्टर, बाइक विथ आईस बॉक्स, केसीसी , संरक्षित फूलों की खेती , गाय वितरण, मिलेट मिशन के लाभुकों के बीच योजना का लाभ दिया.



## बोकारो थर्मल स्टेशन पर यात्रियों की जान जोखिम में, प्लेटफॉर्म से बाहर रुक रहीं ट्रेनें



**बेरमो (बोकारो), एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल के तहत बरकाकाना-गोमो मुख्य रेल मार्ग में स्थित बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। यहां खड़ी होने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें की 2-3 बोगियां प्लेटफार्म नंबर दो के क्षेत्र से आगे निकल जाती हैं, जिससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर ट्रेन से उतरने और चढ़ने को मजबूर होना पड़ता है।

प्लेटफार्म की लंबाई 350 मीटर है, जबकि 500 मीटर लंबाई की आवश्यक्ता है। जानकारी के अनुसार, एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल बोगी आगे और पीछे दोनों ओर होती है। बरकाकाना की ओर से आने वाली ट्रेनों की पिछली जनरल बोगी प्लेटफार्म से बाहर रह जाती है, जबकि गोमो की ओर से आने वाली ट्रेनों की इंजन से सटी जनरल बोगी प्लेटफार्म से आगे निकल जाती है।

प्लेटफार्म की लंबाई कम होने से यात्रियों को जमीन से लगभग चार फीट की ऊंचाई से उतरना पड़ता है। नीचे जमीन समतल नहीं होने के कारण रेलवे ट्रैक पर बिखरे पत्थरों से फिसलने और गिरने का खतरा बना रहता है। इस स्थिति में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## अनुराग सरावगी मामले में केस दर्ज, नौकरानी के बयान और कॉल डिटेल पर टिकी जांच

**रांची, एजेंसी।** हिंदपीढ़ी थाना में अनुराग सरावगी की मौत के मामले में पुलिस ने यूडी (अप्राकृतिक मृत्यु) के तहत केस दर्ज कर लिया है। केस अनुराग के भतीजा के बयान पर हुआ है। भतीजा ने पुलिस को बयान दिया है कि बालकानी में मोबाइल पर बात करने के दौरान अनुराग सरावगी का मोबाइल गिर गया होगा और उसे पकड़ने के चक्कर में अनुराग बालकोनी से गिर गए होंगे। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। हिंदपीढ़ी थानेदार ने बताया कि घटना किसी ने देखा नहीं है। आशंका के आधार पर ही प्राथमिकी हुई है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों को खंगालने की बात कह रही है। डीएसपी प्रकाश सोए ने बताया कि इस मामले में सबसे पहले अनुराग सरावगी के घर में काम करने वाली नौकरानी का बयान लिया जाएगा।

नौकरानी ने प्रारंभिक जानकारी में पुलिस को बताया है कि घटना से पहले अनुराग सरावगी फोन पर किसी से जोर जोर से चिल्लाते हुए बातचीत कर रहा था। इसी बयान को जांच का अहम बिंदु मानते हुए पुलिस अब अनुराग सरावगी के मोबाइल फोन की काल डिटेल खंगाल रही है।



पुलिस का कहना है कि काल डिटेल रिकार्ड से यह स्पष्ट किया जाएगा कि अनुराग सरावगी ने अंतिम बार किस व्यक्ति से बातचीत की थी। अंतिम काल की पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि बातचीत का विषय क्या था और क्या इसका घटना से कोई संबंध है। वहीं, अंतिम यात्रा में शामिल कुछ लोगों के बीच यह चर्चा भी सामने आई कि संभव है अनुराग सरावगी का मोबाइल फोन हाथ से गिर गया हो और उसे पकड़ने के प्रयास में वह छठे तल्ले से नीचे गिर गया हो।

पुलिस का कहना है कि घटना को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी में निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा। तकनीकी साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर ही जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# बीजेपी का सीएम हेमंत सोरेन पर हमला, बोले- व्यापारियों से नफरत, बिचौलियों और दलालों से क्यों है प्यार

**रांची, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन द्वारा धनबाद में जेएमएम स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में झारखंड के व्यापारियों पर की गई टिप्पणी पर राजनीति शुरू हो गई है. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राज्य के व्यापारियों पर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं. घाटशिला उपचुनाव में भी उन्होंने व्यापारियों के संबंध में अपमानजनक टिप्पणी की थी. प्रदेश बीजेपी ऐसे बयानों की कड़े शब्दों में निंदा करती है. वहीं इस पर झामुमो ने बीजेपी पर पलटवार किया है.

बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को व्यवसायियों, व्यापारियों से नफरत है. दूसरी ओर मुख्यमंत्री को दलालों, बिचौलियों से अपार प्रेम है, इसीलिए वे झारखंड में दलालों बिचौलियों को बढ़ावा और संरक्षण दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार को बिचौलिया और दलाल ही संचालित कर रहे हैं.

आदित्य साहू ने राज्य में दलाल बिचौलिए सक्रिय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी अभी अभी विदेश दौरे से लौटे हैं. राज्य में निवेश व्यापार को बढ़ाने की बात कर रहे हैं, वे राज्य के कुछ व्यापारियों को लेकर भी गए थे. मुख्यमंत्री जी का फिर यह दोहरा चरित्र क्यों उन्होंने कहा कि ये व्यापारी समाज ही है जो लाखों लोगों की रोजी रोटी से जुड़ा हुआ है. लाखों परिवार का पालन व्यवसायों से ही होता है, इसलिए एक संवैधानिक प्रमुख पद पर बैठकर व्यापारियों को गाली देना शोभा नहीं देता.

आदित्य साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को व्यापारियों को सम्मानित करना चाहिए जो आपका काम पूरा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री को पता है कि राज्य में अपराधियों की धमकी, फिरौती, बच्चों का अपहरण जैसे दर्द झेलकर कैसे व्यापारी वर्ग व्यवसाय कर रहे हैं इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष तीन प्रत्याशियों ने बीजेपी समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में नामांकन वापस लेने वाले पार्टी नेताओं का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं होगी और जो भी पार्टी के निर्देश का उल्लंघन करके चुनाव लड़ रहे हैं उन पर कार्रवाई निश्चित की जायेगी.

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू द्वारा लगाए गए आरोपों पर झामुमो की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि



झारखंडियों को रोजगार देने की बात करना आज भाजपा को धमकी लगने लगा है. उन्होंने कहा कि यह भाजपा की जनविरोधी और युवा विरोधी मानसिकता को उजागर करता है. भाजपा को न तो राज्य के युवाओं की चिंता है और न ही स्थानीय लोगों के भविष्य से कोई सरोकार है.

विनोद पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के युवाओं के रोजगार और भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं. उनकी सरकार ने न केवल सरकारी नौकरियों में पारदर्शी तरीके से बहालियों की प्रक्रिया शुरू की है, बल्कि निजी क्षेत्र में भी स्थानीय युवाओं को अवसर देने के लिए ठोस और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं. राज्य में चलने वाली निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों की नियुक्ति का निर्णय कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं के व्यापक हित में लिया है, ताकि झारखंड के संसाधनों पर पहला अधिकार झारखंडियों का हो. लेकिन भाजपा को रास नहीं आ रहा कि मुख्यमंत्री स्थानीय युवाओं के हक और अधिकार की बात करें.

झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह फैसला भाजपा जैसी नफरत फैलाने वाली पार्टी को समझ में नहीं आ सकता. भाजपा को जब भी स्थानीय अधिकार, रोजगार और सामाजिक न्याय की बात होती है तो वह उसे राजनीति का हथियार बनाकर भ्रम फैलाने लगती है. सच यह है कि भाजपा झारखंड के युवाओं को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करना जानती है, उनके स्थायी रोजगार और सम्मानजनक भविष्य से उसका कोई लेना-देना नहीं है.

विनोद पांडेय ने भाजपा को उसके पुराने वादों की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा केंद्र की सत्ता में यह कहकर आई थी कि हर साल करोड़ों नौकरियां दी जाएंगी और कुल मिलाकर पांच करोड़ रोजगार सृजित किए जाएंगे, लेकिन बाद में स्वयं भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इस वादे को 'जुमला' बता दिया. इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि भाजपा के लिए रोजगार कभी प्राथमिकता रहा ही नहीं. भाजपा के लिए असली एजेंडा समाज में नफरत फैलाना, लोगों को बांटना और मुद्दों से ध्यान भटकाना है.

विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को झारखंड के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए. भाजपा के शासनकाल में नियुक्तियों के नाम पर बड़े-बड़े घोटाले हुए, परीक्षाएं रद्द हुईं और युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला गया. इसके विपरीत, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में सरकारी नौकरियों की बरसात हो रही है. लगभग सभी विभागों में पारदर्शी तरीके से बहालियां की जा रही हैं और युवाओं को उनका हक मिल रहा है. विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि असल सच्चाई यह है कि भाजपा एक आदिवासी को मुख्यमंत्री के पद पर एक मिनट भी देखना नहीं चाहती.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





## लंबे वर्किंग आवर्स पर अर्जुन बिजलानी का खुलासा

टीवी की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार और रंगीन दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दबाव से भरी होती है। दर्शक रोज अपने पसंदीदा कलाकारों को टीवी स्क्रीन पर देखते हैं, लेकिन उनकी मेहनत, थकान और मानसिक तनाव से अनजान रहते हैं। घंटों शूटिंग, लगातार काम का दबाव और निजी जीवन के लिए कम समय, ये सब टीवी कलाकारों की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा है। इसी मुद्दे पर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। अर्जुन बिजलानी ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, 'कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है। शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं।'

अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है।'' उन्होंने कहा, ''शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है।''

जब उनसे पूछा कि क्या टीवी इंडस्ट्री में 8 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए, तो अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''तकनीकी रूप से यह संभव नहीं है। जब कोई शो हफ्ते में सातों दिन टेलीकास्ट होता है, तो इतने कम समय में काम पूरा करना मुश्किल हो जाता है।''

अर्जुन ने कहा, ''अगर काम के घंटे घटाकर 8 कर दिए जाएं, तो शो की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। दर्शकों तक अच्छी क्वालिटी का कंटेंट पहुंचाने के लिए कलाकारों और पूरी टीम को 12 घंटे तक काम करना पड़ता है। काम और सेहत के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है।''



# पर्दे पर 'हाउसवाइफ' का किरदार निभाएंगी आलिया भट्ट

## राजकुमार राव के साथ बनेगी जोड़ी!

**आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आईं हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा' थी, जो अक्तूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ' में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।

### मेल लीड निभाएंगे राजकुमार!

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया के साथ इस फिल्म में राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है। अगर ऐसा होता है तो आलिया और राजकुमार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त या सितंबर 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। अभिषेक पाठक 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी करने के बाद इस फिल्म को शुरू कर सकते हैं।

### आलिया-राजकुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

आलिया भट्ट आखिरी बार 'जिगरा' में नजर आई थीं। उनकी आगामी फिल्मों में यशराज के स्पाई-यूनिवर्स की एक्शन फिल्म 'अल्फा' है। इसमें उनके साथ में शरवरी वाघ और बॉबी देओल प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा, वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ काम कर रही हैं। वहीं, राजकुमार राव जल्द ही नेटफ्लिक्स की कॉमेडी फिल्म 'टोस्टर' में दिखाई देंगे। साथ ही वो एक बायोपिक ड्रामा में नजर आएंगे। जिसमें वे पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम का किरदार निभाएंगे।





## वीर दास ने कंगना को बताया 'पीढ़ी में एक बार आने वाली एक्ट्रेस'



बालीवुड एक्टर और कॉमेडियन वीर दास अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। वे 'लव आज कल', 'बदमाश कंपनी', 'देली बेली' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने कंगना रनौत के साथ भी 'रिवॉल्वर रानी' फिल्म में काम किया है। हाल ही में वीरदास ने एक इंटरव्यू में कंगना के साथ किए काम का अनुभव शेयर किया। फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' से अपनी और कंगना की एक तस्वीर पर रिएक्ट करते हुए वीर दास ने उनके साथ काम करने के अनुभव शेयर किया। वीर दास ने साथ बातचीत में कहा, 'इस फिल्म में हम दोनों ज्यादातर समय एक-दूसरे से लड़ते नजर आते हैं। यह एक डार्क और थोड़ी अलग तरह की ब्लैक कॉमेडी है। कंगना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो पीढ़ियों में एक बार पैदा होती हैं। उनके साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया।

### फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' के बारे में

फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' में कंगना रनौत ने रिवॉल्वर रानी का लीड किरदार निभाया है। वहीं वीर दास ने रोहन मेहरा का रोल किया, जो एक उभरते हुए बॉलीवुड अभिनेता हैं और जिनसे कंगना का किरदार प्यार करने लगता है। कहानी में कुछ लोग रोहन को अगवा कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें मारने का प्लान बनाते हैं। तब कंगना बंदूक उठाकर दुश्मनों से भिड़ जाती हैं और उनकी जान बचाती हैं। इस फिल्म का निर्देशन साई कबीर श्रीवास्तव ने किया था। फिल्म में पीयूष मिश्रा, जकिर हुसैन और जेशान कादरी भी अहम रोल में नजर आए थे।

### वीर दास के हालिया प्रोजेक्ट्स

वीर दास हाल ही में फिल्म 'हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस' में नजर आए थे। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस में बनी थी। इसमें मिथिला पालकर और मोना सिंह भी अहम किरदारों में थीं। वहीं इमरान खान और आमिर खान ने भी इस फिल्म में खास कैमियो किया था। इस फिल्म को क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अब वीर दास कॉमेडी वर्ल्ड टूर 'हे स्ट्रेंजर' करने वाले हैं। यह टूर 27 फरवरी से शिकागो में शुरू होगा और 23 मई को मलेशिया में खत्म होगा।

# सात साल बाद अभिनय में वापसी पर क्या बोलीं रिया चक्रवर्ती?

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपकमिंग सीरीज 'फैमिली बिजनेस' से स्क्रीन पर सात साल बाद वापसी कर रही हैं। इस प्रोजेक्ट के एलान के बाद एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने काम पर लौटने के लंबे सफर के बारे में बताया। उन्होंने पर्दे पर वापसी के लिए आभार जताया है।

### एक्टिंग में दोबारा आने पर बोली रिया?

हाल ही में रिया ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तैयार हो रही हैं। एक्टिंग में दोबारा वापसी करने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने आखिरी बार 2019 में 'चेहरे' के लिए शूटिंग की थी। रिया ने कहा, '7 साल। यह सच में बहुत अजीब है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से एक्टिंग करूंगी। यह अविश्वसनीय है क्योंकि यह एक सपने जैसा है। जब मैं 17 साल की थी, तब यह मेरा सपना था। फिर वह सब हुआ। इसके बाद मुझे काम मिलना बंद हो गया। फिर मैं वापस आ गई। हालांकि अब मैं बहुत बदल गई हूं। अब मेरा एक अलग करियर है। अब कई मायनों में यह मायने नहीं रखता। कई मायनों में यह अभी भी पहले से कहीं ज्यादा मायने रखता है।'




### कौन सा सपना लेकर आई थीं रिया?

पोस्ट के कैप्शन में रिया ने लिखा 'सेट पर गए हुए 7 साल हो गए हैं। हालांकि मैं आज भी वही लड़की हूं जो 17 साल की उम्र में एक्ट्रेस बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरा एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुका रहा और इंतजार करता रहा।

### 'फैमिली बिजनेस' की स्टारकास्ट

सीरीज 'फैमिली बिजनेस' में रिया के अलावा विजय वर्मा, अनिल कपूर, ध्रुव सहगल, नेहा धूपिया, राइमा सेन, आकाश खुराना, अपरा मेहता, नंदीश संधू, अनंत नाग, रोहन विनोद मेहरा, टीना देसाई, कंवलजीत सिंह, मधु और इनायत सूद प्रमुख भूमिकाओं में हैं।





# हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है

**इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा है कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं। अब धनुष के साथ शादी की खबरों पर मृणाल ठाकुर की ओर से प्रतिक्रिया आई है।**

सोशल मीडिया पर मृणाल ठाकुर का एक लंबा-चौड़ा स्टेटमेंट वायरल हो रहा है। इसको अभिनेत्री के फैन पेज पर शेयर किया गया, इसके बाद ये वायरल है। इस स्टेटमेंट में मृणाल ठाकुर के हवाले से कहा गया है, 'मैंने हमेशा यही माना है कि मेरा काम मेरी पहचान बने, न कि गपशप। फिर भी आज मैं खुद को ऐसी कहानियों से जुड़ा हुआ पाती हूं जो मैंने कभी नहीं लिखीं, ऐसी बातचीत जो मैंने कभी नहीं कीं और ऐसे फैसले जो मैंने कभी नहीं लिए। हाल ही में, एक तथाकथित शादी को लेकर कंट्रोवर्सी चर्चा में है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि धनुष हमेशा से मेरे लिए भाई समान रहे हैं। हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है। इससे ज्यादा कुछ नहीं। फिर भी मुझे आश्चर्य होता है कि लोग किसी महिला के निजी जीवन के बारे में कहानियां गढ़ने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं, बजाय इसके कि उसके जीवन के सफर को समझें।'

### अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं

अभिनेत्री की ओर से इस स्टेटमेंट में आगे कहा गया, 'मैं चुप रहना इसलिए नहीं चुनती क्योंकि मुझे कुछ छिपाना है। बल्कि इसलिए कि मेरा मानना है कि मेरे निजी जीवन को सार्वजनिक मंजूरी की जरूरत नहीं है। मैंने ऑडिशन, अस्वीकृति, लंबी रातों और अटूट आत्मविश्वास के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। उस सफर को अफवाह तक सीमित करना गलत है। सोशल मीडिया हर किसी को अपनी बात कहने का मौका देता है, लेकिन यह जिम्मेदारी भी मांगता है। कुछ क्लिक, लाइक और शेयर भले ही नुकसान न पहुंचाएं, लेकिन वे ऐसी कहानियां गढ़ते हैं जो असल लोगों को प्रभावित करती हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं, इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।' सोशल मीडिया पर वायरल मृणाल ठाकुर का ये स्टेटमेंट उनके किसी ऑफिशियल पेज पर नहीं है। न तो इंस्टाग्राम पर मौजूद है और न ही एक्स पर। यही नहीं इस बयान को लेकर मृणाल ठाकुर की टीम की ओर से भी ये स्पष्ट किया गया कि अभिनेत्री ने ऐसा कोई स्टेटमेंट नहीं दिया है। ये पूरी तरह से फेक है। जिससे ये स्पष्ट होता है कि धनुष को भाई बताने वाला मृणाल का ये बयान असली नहीं है, बल्कि सिर्फ फेक है। ये बयान मृणाल या उनकी टीम की ओर से नहीं दिया गया है।

### शादी की खबरों को खारिज कर चुकी हैं मृणाल

हालांकि, मृणाल ठाकुर 14 फरवरी को अपनी शादी की खबरों को कई बार खारिज कर चुकी हैं। वो कई बार इन खबरों को सिर्फ अफवाह बता चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भी जब मृणाल से धनुष के साथ शादी की खबरों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि अरे मुझे तो इनवाइट ही नहीं किया गया। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर वेडिंग डेट भी आ गई है। वो कहती हैं कि आ गई? मुझे किसी ने इनवाइट ही नहीं किया। मुझे भी बुला लेते।

### 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल

वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल ठाकुर जल्द ही आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा मृणाल की पाइपलाइन में 'डकैत' भी है, इसमें उनके साथ आदिवी शेष प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से भीषण मुठभेड़, 1 जवान शहीद

**अबूझमाड़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों



के साथ हुई एक भीषण मुठभेड़ में गढ़चिरौली पुलिस का एक सी–60 कमांडो शहीद हो गया और तीन नक्सली मारे गए हैं। शुक्रवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भामरागढ़ उपखंड के जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियों की खुफिया सूचना मिलने के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि छत्तीसगढ़ के कुछ नक्सली इस क्षेत्र में मौजूद है। सूचना मिलने के बाद गुरुवार को 14 कमांडो टीमों ने बड़े पैमाने पर नक्सल विरोधी अभियान छेड़ा। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के दो शिविरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने मौके से एक महिला नक्सली सहित कुल तीन नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। इलाके की तलाशी के दौरान घटनास्थल से एक एके–47 और एक एसएलआर राइफल भी जब्त की गई है। इस संघर्ष में अहेरी तालुका के रहने वाले 38 वर्षीय सी–60 जवान दीपक चिन्ना मडावी नक्सलियों की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें हेलीकॉप्टर के जरिए जंगल से एयरलिफ्ट कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में एक अन्य सी–60 जवान जोगा मडावी भी घायल हुए और उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़चिरौली भेजने की व्यवस्था की गई। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इलाके में अभी भी अतिरिक्त नक्सलियों की मौजूदगी की आशंका है, इसलिए जंगल में तलाशी अभियान निरंतर जारी है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की प्रक्रिया अभी चल रही है और नक्सल रोधी ऑपरेशन चल रहा है।

### चंबा का प्राचीन गिरड़ माता मंदिर जलकर खाक, चारों तरफ जमीं थी बर्फ फिर भी लग गई आग

**चंबा, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में प्रसिद्ध मां गिरड़ माता का एतिहासिक मंदिर भीषण आग की भेंट चढ़ गया है। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो में मंदिर धूं–धूं कर जलता हुआ दिखाई देता हैय़ घटना शुक्रवार दोपहर की है। पंचायत खुंदेल में स्थित यह मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जो पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने आग की भयानकता के बारे में बताया कि मंदिर के चारों तरफ बर्फ जमी थी, लेकिन फिर भी आग में जलकर नष्ट हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोगों को इसे बुझाने का भी मौका नहीं मिला। इस अग्निकांड में मंदिर में विराजमान भगवान की मूर्तियां जलकर खाक हो गईं। ऐसे में सबसे बड़ा डर मंदिर में मौजूद भगवान की मुख्य मूर्ती को लेकर था, लेकिन आशा लगाई जा रही है कि मुख्य मूर्ति नीचे गिरने के चलते सुरक्षित बच सकती है।

### नोएडा से यूपी के बड़े शहरों तक जाना हुआ आसान, बसों में मिलेगी ऑनलाइन टिकट

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा डिपो की लंबी दूरी की सभी बसें ऑनलाइन कर दी गई है। इनमें आगरा, अलीगढ़, लखनऊ, बरेली, बदायूं, कासगंज और एटा समेत अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। इन बसों में अब अधिक से अधिक ऑनलाइन टिकट बुक हो, इसके लिए यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। नोएडा डिपो में 188 बसें हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बसें हैं। डिपो की अपनी वातानुकूलित बसें नहीं हैं। अन्य डिपो की वातानुकूलित बसें नोएडा डिपो होकर निकलती हैं। इनमें लखनऊ, गोरखपुर और अन्य शहरों की बसें शामिल हैं। नोएडा डिपो के अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण रूट और स्थानीय रूटों की बसों में ऑनलाइन टिकट की सुविधा की सफलता मुश्किल है। ऐसे में इन बसों में ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था नहीं है।

# कांग्रेस ने पार्टी से निकाला तो बिफरीं नवजोत कौर सिद्धू, राहुल गांधी को कह दिया पप्पू

## जमकर निकाली भड़ास

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस ने पूर्व क्रिकेटर और पंजाब के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू को पार्टी से निकाल दिया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने अमृतसर में दी। भूपेश बघेल ने बताया कि नवजोत कौर सिद्धू पहले से ही कांग्रेस से निलंबित चल रही थीं। अब पार्टी ने उनके खिलाफ अगला कदम उठाते हुए औपचारिक रूप से निकालने की कार्रवाई कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अनुशासन सर्वोपरि है और पार्टी विरोधी गतिविधियों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही नवजोत कौर सिद्धू ने सार्वजनिक रूप से कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था। इसके बावजूद पार्टी ने संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी करते हुए उनको पार्टी से निकालने का फैसला लिया।

यह कार्रवाई अनुशासनहीनता और पार्टी लाइन के खिलाफ गतिविधियों को लेकर की गई है। वहीं, पार्टी से निकाले जाने पर नवजोत कौर ने अपने एक्स हैंडल पर कांग्रेस हाईकमान पर जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने राहुल गांधी को पप्पू तक कह दिया। उन्होंने लिखा कि पप्पू ने आखिरकार अपने नाम पर मुहर लगा ही दी। एक ऐसा नेता जो सोचता है कि वह अकेला ईमानदार और जानकार इंसान है, जिसे जमीनी हकीकत का बिल्कुल भी पता नहीं है। उसके अंदरूनी सर्कल में काम करने वाले लोग उसे दूर रखने में कामयाब हो जाते हैं और उसके कोई



भी फैसला लेने से बहुत पहले ही टिकट बेचकर जिंदगी की ऐश-मौज करते हैं। वह किसी इमरजेंसी कॉल का जवाब देने में 6 महीने से अ?धिक लगा देता है, तब तक नुकसान होना तय होता है। लोगों को अपने साथ जुड़ने के लिए कहने से पहले उसे अपने तथाकथित समर्थकों से पूछना चाहिए कि क्या वे ईमानदार रहने के लिए तैयार हैं? क्या वे ईमानदार रहने और पंजाब के लिए काम करने को तैयार हैं?

अपनी बनाई दुनिया में गुम रहते हैं राहुल

आगे राहुल गांधी पर निधाना साधते हुए नवजोत ने कहा कि उनके पास जमीनी हकीकत सुनने के लिए न तो समय है और न ही कान, क्योंकि राहुल अपनी बनाई हुई दुनिया में रहना पसंद करते हैं। आपके ज्यादातर सम?र्थक निःस्वार्थ सेवा के लिए तैयार नहीं हैं, बल्कि वे अपनी जेबें भरने में व्यस्त हैं क्योंकि वे जानते हैं कि वे वापस नहीं आने वाले हैं। अगर आपमें हिम्मत है तो उनसे मौजूदा सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कहें और तैयार रहें अपनी फाइलें खुलवाने के लिए। सच बोलना और उसका सामना करना सीखो, जो है, था और हमेशा रहेगा।

उन्होंने कहा कि एक अच्छे दोस्त के नाते सलाह है कि ज्यादा ध्यान देने वाला, समझदार, ग्रहणशील और प्रैक्टिकल बनो। आपके ज्यादातर क??थित समर्थक भाजपा में जा चुके हैं। न तो मैं आज तक किसी से मिली हूं और न ही कोई मेरे पास आया है। मैं एक फाउंडेशन के जरिए काम कर सकती हूं लेकिन मेरा समय और एनर्जी सिर्फ़ पंजाब की भलाई के लिए है। ईमानदार और मेहनती लोगों की इज्जत करना सीखिए, वरना आप राजनीति में अपना वजूद खो देंगे। ईमानदारी और सच्चाई की बात करने का कोई मतलब नहीं है, जब आपकी पार्टी में ज्यादातर भ्रष्ट नेताओं को सम्मान दिया जाता है। गुड लक। नवजोत कौर ने एक दूसरी पोस्ट में बीजेपी की भी तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि बीजेपी ने मेरे टैलेंट को पहचाना और अपने सर्वे के जरिए, जो किसी चीज से प्रभावित नहीं थे, मुझे 2012 में विधायक का टिकट दिया।

## मेट्रो स्टेशन के साथ शुरू होगा निर्माण

# गुरुग्राम के बख्तावर चौक पर बनेगा 6 लेन का अंडरपास

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित बख्तावर चौक पर अंडरपास निर्माण को लेकर गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने गुरुग्राम मेट्रो रेल



लिमिटेड (जीएमआरएल) को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। जीएमआरएल की तरफ से एकाध महीने में इस अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के पहले चरण के निर्माण में बख्तावर चौक अंडरपास आ रहा है।

अंडरपास के ऊपर सेक्टर-47 मेट्रो स्टेशन का निर्माण होना है। अंडरपास और मेट्रो स्टेशन के पिलर एक रहेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पिछले साल हुई बैठक में फैसला लिया गया था कि इस अंडरपास का निर्माण जीएमआरएल की तरफ से किया जाएगा। पिछले महीने जीएमआरएल ने इस अंडरपास के डिजाइन को जीएमडीए अधिकारियों से साझा किया था। अंडरपास निर्माण से पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का आग्रह किया था। जीएमडीए की तरफ से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।

करीब एक किलोमीटर लंबा यह अंडरपास दोनों तरफ तीन-तीन लेन का तैयार होगा। इसके दोनों तरफ दो-दो लेन की सड़क का निर्माण किया जाएगा। अंडरपास के निर्माण को लेकर जीएमआरएल की तरफ से बेरीकेडिंग कर दी जाएगी। इससे पहले वाहनों के आवागमन के लिए दो लेन का रास्ता तैयार किया जाएगा। इस अंडरपास के ऊपर यू टर्न की सुविधा भी वाहन चालकों को दी जाएगी। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो रूट पर सात अंडरपास और फ्लाईओवर तैयार होने हैं। उमंग भारद्वाज चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण एनएचएआई करवाएगा। जीएमआरएल बख्तावर चौक और कृष्णा चौक अंडरपास बनवाएगा। दोनों अंडरपास मेट्रो परियोजना के बीच में आ रहे हैं। कृष्णा चौक पर अंडरपास दूसरे चरण की मेट्रो परियोजना के बीच में आ रहा है।

## 45 मिनट में 3 घंटे का सफर अप्रैल से लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर फर्राटा भरेंगी गाड़ियां

**लखनऊ, एजेंसी।** निर्माणाधीन लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस वे पर अप्रैल से वाहन दौड़ने लगेंगे। निर्माणकार्य लगभग अपने अंतिम चरण में है, स्कूटर इंडिया के पास एलिवेटेड रोड का कुछ ही हिस्सा ही बाकी है। इस हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एक्सप्रेस वे चालू हो जाने से लखनऊ से कानपुर तक सफर तय करने में लगने वाला तीन घंटे का समय सिमट तक 45 से –60 मिनट रह जाएगा, क्योंकि एक्सप्रेस वे पर वाहन 125 किमी की रफ्तार से दौड़ सकेंगे। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया( एनएचएआई ) के रीजनल अफसर गौतम विशाल और पीडी नकुल प्रकाश वर्मा ने



मीडिया संग लखनऊ से लेकर कानपुर तक एक्सप्रेस वे का जायजा लिया। कानपुर में बन रहे आउटर रिंग रोड को भी दिखाया। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक अप्रैल के पहले हफ्ते से शुरू होगा। इसका असर जल्द ही इकॉनमी और समाज पर दिखेगा। कानपुर आउटर रिंग रोड से कानपुर में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी और ट्रैफिक तीन गुना तेज़ हो जाएगा। एक्सप्रेसवे को पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के लिए एक स्ट्रेटेजिक ग्रोथ आर्टरी के तौर पर बनाया जा रहा है, जिससे लखनऊ–उन्नाव–कानपुर बेल्ट में तेज़ लॉजिस्टिक्स, सुरक्षित यात्रा और नए इन्वेस्टमेंट के मौके मिलेंगे। पीडी ने बताया कि लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे पर 63 पैन टिल्ट ज़ूम कैमरे हैं, जो ज़मीन पर किसी हरकत की तस्वीर दिखा सकते हैं। एक्सप्रेस वे को पूरी तरह से एक्सेस–कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे के तौर पर डिज़ाइन किया गया। यह एनई–6 शुरू में छह लेन के साथ चलेगा, जिसे ट्रैफिक की मांग बढ़ने पर आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गाड़ियों को 125 किमी प्रति घंटा तक की स्पीड की इजाज़त होगी। यह लखनऊ में शहीद पथ को और कानपुर के पास आज़ाद मार्ग से जोड़ता है। इसमें लगभग 18 किमी एलिवेटेड रोड वे और 45 किमी ग्रीनफील्ड एरिया है। लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस वे पर पांच स्थानों पर टोल प्लाजा है।

# सपा नेता के पिता की हत्या को लेकर बड़ा ऐक्शन, एक इंस्पेक्टर-दो दरोगा समेत 9 लाइन हाजिर

**बहराइच, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी विवेक यादव के पिता जगदेव यादव और दो अन्य मर्डर केस का खुलासा न होने पर बड़ा ऐक्शन हुआ है। एसपी रामनयन सिंह ने शुक्रवार की रात पयागपुर थाने की पूरी स्वाट टीम को भंग कर दिया। उन्होंने इसमें शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक (इंस्पेक्टर), दो दरोगा, एक हेड कांस्टेबल और पांच कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। सपा नेता के पिता की हत्या के अलावा दो अन्य हत्याकांड का खुलासा नहीं होने, ई रिक्शा से 20 लाख के जेवरात की टप्पेबाजी समेत अन्य गम्भीर मामलों का खुलासा नहीं होने पर एसपी ने कार्रवाई की है।



एसपी के इस सख्त रूख से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसपी रामनयन सिंह ने स्वाट प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह यादव, दरोगा सर्वजीत गुप्ता, राशिद अली खान, हेड कांस्टेबल अजीत चंद्र सिंह, सिपाही राहुल वाजपेयी, अमित कुमार यादव, अंकुर यादव, विष्णु प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव, बजरंगी राय को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

दरअसल पयागपुर थाने के बघैल ताल में 13 जनवरी रात सपा लोहिया वाहिनी विधान सभाध्यक्ष विवेक यादव के पिता जगदेव यादव की नृशंस हत्या कर दी गई थी। चार दिनों पूर्व पयागपुर में ई रिक्शा सवार महिला के 20 लाख के जेवर की टप्पेबाजी, कैसरगंज इलाके में हुई चोरी और पयागपुर के ननके हत्याकांड का खुलासे में स्वाट टीम असफल रही है। इससे पूरी यूनिट भंग कर दी गई। इसके पीछे बड़ी वजह बताई जा रही है।

**सपा नेता के पिता की हत्या को लेकर अखिलेश यादव ने किया था पोस्ट:** सपा लोहिया वाहनी पयागपुर विधानसभा अध्यक्ष विवेक यादव के पिता की हत्या को लेकर पिछले महीने सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने लिखा कि बहराइच में पीडीए समाज के पूर्व पंचायत सदस्य की हत्या होने पर अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाता है जबकि इसके विपरीत दूसरे मामलों में सीधे एनकाउंटरी कार्यवाई हो जाती है, बुलडोजर बुलेट ट्रेन की स्पीड से पहुंच जाता है।

# मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के घूसखोर अफसरों पर एक्शन, सीबीआई ने रंगे हाथ 2 को किया गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पुणे के खड़की इलाके में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के 2 अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अफसरों में असिस्टेंट गैरीसन इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। यह कार्रवाई 5 फरवरी को की गई, जब सीबीआई ने जाल बिछाकर जूनियर इंजीनियर को शिकायतकर्ता से 2 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। रिश्वत की पूरी राशि उनके कार्यालय से बरामद कर ली गई। असिस्टेंट गैरीसन इंजीनियर को भी साजिश में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। यह मामला भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

सीबीआई ने 3 फरवरी को यह मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता एक निजी कंपनी के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक हैं। शिकायत के अनुसार, कार्य पूरा होने और प्रमाणपत्र जमा करने के बावजूद अधिकारियों ने भुगतान रोका हुआ था ताकि रिश्वत वसूली जा सके। शुरू में दोनों अधिकारियों ने 6 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद इसे पहले किस्त के रूप में 2 लाख रुपये पर तय किया गया। शिकायतकर्ता ने सीबीआई से संपर्क किया, जिसके बाद ट्रैप लगाया गया और आरोप सिद्ध हुए। ट्रैप के दौरान जूनियर इंजीनियर को रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद दोनों अधिकारियों के आवासीय और कार्यालयी परिसरों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में दस्तावेजों के अलावा 1 लाख 88 हजार 500 रुपये की अनएक्सप्लेन्ड नकदी बरामद हुई। यह राशि उनकी वैध आय से अधिक बताई जा रही है। सीबीआई की जांच में यह साजिश रिश्वतखोरी की व्यवस्थित प्रक्रिया का हिस्सा प्रतीत हो रही है, जहां ठेकेदारों को भुगतान के लिए मजबूर किया जाता है। ऐसे मामलों में रिश्वतखोरी सरकारी कार्यों में पारदर्शिता को प्रभावित करती है और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभागों में विश्वास को कमजोर करती है।




सीबीआई ने इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा बताया है। जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई कर रही है, जिसमें अन्य संभावित शामिल लोगों की जांच और सबूत जुटाने का काम शामिल है। यह घटना रक्षा क्षेत्र में कार्यरत ठेकेदारों के लिए चेतावनी है कि वे रिश्वत के दबाव में न आएं और सीधे एजेंसी से संपर्क करें। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे गिरफ्तारियां भ्रष्टाचार को रोकने में अहम भूमिका निभाती हैं और सरकारी तंत्र में जवाबदेही बढ़ाती हैं।

## घूसखोर पंडत पर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी, फिल्म के टाइटल को बताया शर्मनाक

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के टाइटल की तीखी आलोचना की है। शुक्रवार को एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, जहां पहले धार्मिक आधार पर विभाजन हुआ और अब जाति के आधार पर हो रहा है। साथ ही यूजीसी दिशानिर्देशों में भी भेदभाव दिख रहा है, ऐसे में इस तरह का फिल्म टाइटल जारी करना उचित नहीं है। उन्होंने इसे शर्मनाक बताया और कहा कि यह उसी समूह के खिलाफ रिवर्स लेबलिंग है, जिस पर अक्सर भेदभाव का आरोप लगता है। प्रियंका चतुर्वेदी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सामग्री की जिम्मेदारी पर जोर दिया और कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को अपनी सामग्री के लिए अधिक जवाबदेह होना चाहिए।

फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे ने विवाद के बाद माफी मांगी है और प्रचार सामग्री हटा दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है, जिसमें पंडत शब्द केवल एक काल्पनिक चरित्र का उपनाम है और यह किसी जाति, धर्म या समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करता। फिल्म में मुख्य भूमिका मनोज बाजपेयी निभा रहे हैं, जो एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाती है। निर्देशक ने कहा कि टाइटल से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके लिए वे क्षमाप्रार्थी हैं और प्रचार सामग्री हटाकर फिल्म को पूर्ण संदर्भ में देखने की अपील की है। इस बीच, लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे और उनकी टीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि टाइटल और संभावित कंटेंट से धार्मिक तथा जातिगत भावनाएं आहत हुई हैं। इससे सार्वजनिक शांति भंग हो सकती है। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों में व्यापक आक्रोश है, कुछ समूहों ने विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पुलिस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है।

# देश की सबसे ऊंची इमारत का प्रस्ताव, पर सामने यह बड़ी चुनौती

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा सरकार गुरुग्राम को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी शहरी प्रोजेक्ट साकार करने जा रही है। द्वारका एक्सप्रैस-वे के किनारे विकसित की जा रही 1003 एकड़ की 'ग्लोबल सिटी' में अब देश की सबसे ऊंची इमारत बनाने का प्रस्ताव सैद्धांतिक रूप से तय कर लिया गया है। सरकार की योजना ऐसी गगनचुंबी इमारत खड़ी करने की है, जिसकी ऊंचाई इतनी हो कि इसके शीर्ष से पूरा एन.सी.आर. एक ही नजर में दिखाई दे।

यह इमारत गुरुग्राम को दुनिया के उन चुनिंदा महानगरों की कतार में खड़ा कर देगी, जिनकी पहचान उनकी ऊंची इमारतों से होती है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार अब इस प्रोजेक्ट के लिए एडवाइजर की तलाश कर रही है। विदेशी कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टैंट्स की मदद से इस कॉन्सैप्ट को सिरे चढ़ाया जाएगा, ताकि डिजाइन, तकनीक और सुरक्षा, तीनों स्तरों पर यह इमारत वैश्विक मानकों पर खरी उतर सके। हालांकि यह योजना अभी प्रस्ताव के स्तर पर है, लेकिन सरकार सैद्धांतिक फैसला ले चुकी है। एडवाइजर की नियुक्ति, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी अध्ययन इसके अगले कदम होंगे। सरकार





का साफ संकेत है कि यह इमारत सिर्फ ऊंची नहीं होगी, बल्कि भारत की शहरी महत्वाकांक्षा का प्रतीक बनेगी। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि ग्लोबल सिटी हरियाणा के औद्योगिक और शहरी विकास का भविष्य है। देश की सबसे ऊंची इमारत का प्रस्ताव गुरुग्राम को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारा उद्देश्य केवल ऊंची इमारत बनाना नहीं, बल्कि ऐसा आइकॉनिक इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना है जो निवेश, रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा दे। सभी तकनीकी, पर्यावरणीय और एविएशन मानकों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। दुबई की बुर्ज खलीफा (828 मीटर) आज भी दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है और दुबई की ग्लोबल ब्रांडिंग का सबसे बड़ा चेहरा भी। शंघाई टॉवर (632 मीटर) चीन की आर्थिक ताकत का प्रतीक है। मक्का क्लॉक टॉवर (601 मीटर) धार्मिक और वास्तुशिल्प का अनूठा संगम है।

## ग्रेटर नोएडा में 5वीं मंजिल से कूदकर युवती ने की खुदकुशी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** गाजियाबाद में 3 नाबालिग बहनों द्वारा बिल्डिंग से कूदकर जान देने का मामला थमा नहीं था कि ग्रेटर नोएडा से एक और खबर सामने आ गई। मामला उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा का है। यहां एक युवती ने शुक्रवार रात पांचवी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। उसने सुसाइड नोट में लिखा– महादेव, मेरी जिंदगी में अब बचा ही क्या हैज. पुलिस ने बताया कि घटना ईकोटेक–3 थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव की है। उसने बताया कि युवती के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। ईकोटेक–3 थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि मूल रूप से जौनपुर निवासी बरखा सिंह( 30 ) जलपुरा गांव में ट्विंस बिल्डिंग में अपनी नानी के पास बचपन से रहती थी। युवती की मां की मौत हो चुकी थी और पिता अलग रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे युवती अपने फ्लैट की छत पर गई और वहां से कूदकर आत्महत्या कर ली। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। उसने बताया कि परिजन की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

# बीसीसीआई चैंपियन टीम को 7.5 करोड़ का इनाम देगा

**अंडर-19 वर्ल्ड कप**

## सूर्यवंशी ने भोजपुरी गाने पर डांस किया, अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम को 7.5 करोड़ की प्राइज मनी देगा। बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने शनिवार को इनामी राशि का ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'जीत के बाद पूरा देश खुश है। भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही, यह सराहनीय है। हमने वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपए के इनाम की घोषणा की है।'

भारत ने एक दिन पहले शुक्रवार को फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठी बार खिताब जीता। 175 रन की पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने जीत के बाद भोजपुरी गाने पर जमकर डांस किया। राजस्थान रॉयल्स ने इसका वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट किया। फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

**खिलाड़ियों ने 'सॉरी-सॉरी' गाने पर डांस किया-** टीम के सेलिब्रेशन के एक वीडियो क्लिप में वैभव कहते हैं कि पंजाबी गाना समझ नहीं आ रहा गाइज, अब भोजपुरी लगेगा। इसके बाद वैभव ने पवन सिंह का गाना सॉरी-सॉरी प्ले किया। इसके बाद सभी खिलाड़ी इस भोजपुरी गाने पर डांस करने लगे।

वीडियो के आखिरी में वैभव कहते हैं कि अब मेरी तरफ से आज के लिए इतना ही काफी है। आईपीएल की राजस्थान रॉयल्स ने डांस की वीडियो क्लिप पर कमेंट




भी किया और लिखा कि 'एक बिहारी सब पर भारी।

**वैभव ने अवॉर्ड सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट किया-** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में वैभव सूर्यवंशी जीत के हीरो रहे। फाइनल में 175 रन की पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा छक्के लगाने के चलते वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। उन्होंने 7 मुकाबलों में 62.71 की औसत से 439 रन बनाए, जिनमें 41 चौके और 30 छक्के शामिल थे।

प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने के बाद वैभव ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा। मैं ये अवॉर्ड पूरे सपोर्ट स्टाफ को डेडिकेट करना चाहता हूं।

**पिता बोले- वैभव की यह पारी ऐतिहासिक रही-** मीडिया से बातचीत में वैभव सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी ने टीम इंडिया के विश्व कप जीतने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वैभव समेत सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उनके मुताबिक, वैभव की यह पारी ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा, आज हम वर्ल्ड कप जीते हैं, इसके लिए हमें बहुत गर्व है। पूरा देश खुश है। बिहार और देशवासियों का आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहा है।वहीं, वैभव के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने भी खुशी जताते हुए कहा- हम और पूरे क्षेत्र के लोग बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। वैभव ने जिस तरह का खेल दिखाया है, वह काबिले-तारीफ है। हमें पूरा विश्वास है कि वह जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलेगा।

### दोहरा शतक बनाने से चूक गए

वैभव सूर्यवंशी के दादा उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह उनके परिवार के लिए बेहद खुशी का पल है। उन्होंने बताया कि वैभव ने शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि वह दोहरा शतक बनाने से चूक गए। हम शुरू



से ही कह रहे थे कि वह फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। उन्होंने आगे कहा कि 15 साल से कम उम्र का खिलाड़ी इस तरह का खेल दिखा रहा है, यह अपने आप में बड़ी बात है। भले ही वह दोहरा शतक नहीं बना पाए, लेकिन सिर्फ 80 गेंदों में 175 रन बनाना अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर दूसरे खिलाड़ियों का थोड़ा और साथ मिलता, तो वैभव और भी बड़ा स्कोर खड़ा कर सकते थे।

## वैभव सूर्यवंशी अभी सीनियर टीम इंडिया के लिए क्यों नहीं खेल सकते, उम्र बन रही बाधा




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल में 80 गेंदों पर 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी ने पूरी क्रिकेट दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 15 छक्कों से सजी इस विस्फोटक पारी के बाद फैंस के मन में एक ही सवाल है—जब वैभव इतने कम उम्र में बड़े-बड़े रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, तो फिर उन्हें सीनियर टीम इंडिया में मौका क्यों नहीं मिल रहा? इस सवाल का जवाब बीसीसीआई नहीं, बल्कि आईसीसी के नियमों में छिपा है।

### आईसीसी का उम्र से जुड़ा नियम बना सबसे बड़ी बाधा

वैभव सूर्यवंशी के सीनियर डेब्यू की राह में सबसे बड़ा रोड़ा है आईसीसी की मिनिमम एज पॉलिसी। साल 2020 में लागू इस नियम के मुताबिक, कोई भी खिलाड़ी 15 साल से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल सकता। वैभव का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ था और फरवरी 2026 में 19 वर्ल्ड कप जीतते वक्त उनकी उम्र अभी 14 साल ही थी। ऐसे में बीसीसीआई चाहकर भी उन्हें सीनियर टीम में शामिल नहीं कर सकती।

### 27 मार्च 2026 तक इंतजार करना होगा

चाहे वैभव घरेलू क्रिकेट में कितने भी शतक लगा लें या आईपीएल में गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दें, सीनियर टीम इंडिया का दरवाजा उनके लिए 27 मार्च 2026 के बाद ही खुलेगा, जब वे 15 साल के हो जाएंगे।

### हैरानी की बात: 19 करियर भी खत्म

जहां एक तरफ वैभव सीनियर टीम के लिए अभी छोटे हैं, वहीं दूसरी ओर उनका 19 करियर भी समाप्त हो चुका है। बीसीसीआई का सख्त 'वन-टूर्नामेंट रूल' कहता है कि कोई खिलाड़ी एक से ज्यादा 19 वर्ल्ड कप नहीं खेल सकता। 2026 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के बाद वैभव अब 2028 या 2030 के 19 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जबकि तब भी उनकी उम्र 19 से कम ही होगी।

## भारत को छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले हीरोज

### वैभव ने फाइनल में 15 छक्के लगाए, हेनिल-अंबरीश ने 11-11 विकेट लिए

**हरारे (एजेंसी)।** भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया। टीम ने शुक्रवार रात हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया।

इंडिया ने 4 साल बाद यह टूर्नामेंट जीता है। टीम ने पिछला टाइटल 2022 में जीता था। 2024 के सीजन में भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

इस जीत के साथ भारत ने लगातार चौथा आईसीसी टूर्नामेंट भी जीत लिया है। इंडिया ने पिछले साल विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी और 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।

भारत ने सबसे ज्यादा 6 बार यह टूर्नामेंट जीता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 4 बार (1988, 2002, 2010, 2024) खिताब अपने नाम किए हैं।

पाकिस्तान 2 बार (2004, 2006) चैंपियन बना है। इसके अलावा बांग्लादेश (2020), साउथ अफ्रीका (2014), इंग्लैंड (1998) और वेस्टइंडीज (2016) ने एक-एक बार यह टाइटल जीता है।

**वैभव सूर्यवंशी** - फाइनल मैच में 175 रन की शतकीय पारी खेली। इस पारी की बदौलत भारत 412 रन का टारगेट देने में कामयाब रहा। वैभव ने इस टूर्नामेंट के 7 मैचों में 74 के एवरेज से 444 रन बनाए। इनमें एक शतक 3 अर्धशतक शामिल रहे।

**ऑरोन जॉर्ज** - ओपनिंग करते हुए सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ 115 रन की शतकीय पारी खेली। उस मैच में भारत ने रिकॉर्ड 311 रन का टारगेट चेज किया था। ऑरोन जॉर्ज ने 5 मैचों में 170 रन बनाए।

**आयुष म्हात्रे** - फाइनल और सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारियां खेलीं। फाइनल में वैभव के साथ 90 बॉल पर 142 रन की साझेदारी की। उन्होंने 7 मैचों में 3 अर्धशतकों के सहारे 214 रन बनाए। इतना ही नहीं, 7 विकेट भी चटकाए।

**हेनिल पटेल** - भारत के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल हैं। पहले ही मैच में यूएसए के खिलाफ 5 विकेट निकले। टूर्नामेंट में खेले 7 मैचों में 11 विकेट झटके। पूरे टूर्नामेंट में किफायती गेंदबाजी की। उनकी इकोनॉमी 4.44 रही।

**आरएस अंबरीश** - फाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 3 विकेट निकाले। इनमें 115 रन बनाने वाले कालेब फॉल्कनर का विकेट भी शामिल था। टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर भारत के टॉप विकेट टेकर्स में शामिल रहे। 4.93 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की।

# नीदरलैंड्स के सामने पाकिस्तान की फजीहत होने से बची, हारते-हारते जीता

### 19वां ओवर में फहीम ने तीन छक्के लगाकर बाजी पलट दी

**कोलंबो (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 का पहला मुकाबला पाकिस्तान की टीम ने अपने नाम कर लिया है। पाकिस्तान ने इस मुकाबले को 3 विकेट जीता। पाकिस्तान की टीम यह मुकाबला लगभग हार चुकी थी, लेकिन मैच के 19वें ओवर ने सबकुछ बदल दिया। पाकिस्तान आखिरी दो ओवर में 29 रनों की जरूरत थी और उनके 7 विकेट भी गिर चुके थे, लेकिन 19वें ओवर ने नीदरलैंड्स के लिए सब काम खराब कर दिया और पाकिस्तान की टीम यह मैच जीत गई। 18वें ओवर तक नीदरलैंड का पलड़ा भारी था। 19वें ओवर की पहली बॉल पर फहीम ने छक्का लगाया, लेकिन दूसरी बॉल पर मैक्स ओडाउड से उनका कैच ड्रॉप हो गया। जीवनदान मिलने के बाद फहीम ने दो छक्के लगाकर मैच का रुख पाकिस्तान की ओर कर दिया।




### डच पारी का पतन, 127/4 से 147 रन पर ऑलआउट

नीदरलैंड्स ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की थी। माइकल लेविट (24) और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (37) ने ठोस बल्लेबाजी की, लेकिन मध्यक्रम में अबरार अहमद और मोहम्मद नवाज ने शिकंजा कस दिया। नीदरलैंड्स एक समय 170+ के स्कोर की ओर बढ़ रहा था, लेकिन आखिरी 6 विकेट मात्र 20 रनों के भीतर गिर गए। अबरार अहमद ने कॉलिन एकरमैन और स्कॉट एडवर्ड्स जैसे जमे हुए बल्लेबाजों को आउट कर नीदरलैंड्स की कमर तोड़ दी। इसके अलावा सैम अयूब ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह से पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया।

**पहली पारी का हाल**

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम ने कप्तान सलमान अली आगा के फैसले को सही साबित किया। नीदरलैंड्स की टीम, जिसने एक समय 12वें ओवर तक 100 रन बना लिए थे, पाकिस्तानी स्पिनर्स के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। एक समय इस मैच में ऐसा लग रहा था कि नीजरलैंड्स की टीम बड़ी आसानी के साथ 170 से ज्यादा रन बना लेगी, लेकिन उनकी पूरी टीम 19.5 ओवर में 147 रनों पर सिमट गई।

## जेमिमाह रोड्रिग्स का हुआ प्रोमोशन, महिला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में 8 नई खिलाड़ी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सभी फॉर्मेट की कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया है जबकि जेमिमाह रोड्रिग्स को महिला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में ग्रेड क्ब से प्रमोट किया गया है। सबसे ऊपरी कैटेगरी में एक खिलाड़ी सालाना 50 लाख रुपए कमाता है, जबकि बी और सी कैटेगरी में खिलाड़ियों को क्रमशः 30 लाख और 10 लाख रुपए का भुगतान किया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने महिला कैटेगरी में 21 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए हैं। आठ खिलाड़ी, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, श्री चरानी, ??हरलीन देओल, कश्वी गौतम, जी कमलिनी, वैष्णवी शर्मा और तेजल हसबनीस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में नए नाम हैं। यास्तिका भाटिया, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री और स्नेह राणा सभी ने अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट बरकरार रखे हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है कि रेणुका ठाकुर, शैफाली वर्मा, ऋचा घोष और स्नेह राणा सभी को ग्रेड क्ब में रखा गया है, जबकि ग्रेड ष्ट में राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, श्री चरानी, ??यास्तिका भाटिया, हरलीन देओल, कश्वी गौतम, जी कमलिनी, वैष्णवी शर्मा और तेजल शामिल हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका को झटका, स्टार तेज गेंदबाज ईशन मलिंगा पूरे टूर्नामेंट से बाहर

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका क्रिकेट टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज ईशन मलिंगा चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए




हैं। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था, जिसके बाद से ही उनके खेलने पर संशय बना हुआ था। अब आधिकारिक तौर पर उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है।

**मलिंगा की जगह प्रमोद मदुशन की एंट्री** - ईशन मलिंगा के बाहर होने के बाद प्रमोद मदुशन को श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 32 वर्षीय मदुशन करीब तीन साल बाद टी20 इंटरनेशनल में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2023 में इस फॉर्मेट में मैच खेला था। अब मदुशन, दासुन शनाका, मथीशा पथिराना और दुश्मंथा चमीरा के साथ टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा होंगे। अपने करियर में अब तक उन्होंने 8 टी-20 मैचों में 12 विकेट लिए हैं।

**आईपीएल 2025 में चमके थे ईशन मलिंगा** - ईशन मलिंगा को आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंका की सीनियर टीम में जगह मिली थी। उन्होंने 7 मैचों में 13 विकेट लेकर सभी को प्रभावित किया था। हालांकि, चोट के कारण अब वह वर्ल्ड कप में नजर नहीं आएंगे, जो टीम के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है।

### श्रीलंका का टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

श्रीलंका को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और जिम्बाब्वे से होगा।

**8 फरवरी**- आयरलैंड बनाम श्रीलंका (कोलंबो)
**12 फरवरी** - ओमान बनाम श्रीलंका
**16 फरवरी** - ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका
**19 फरवरी** - जिम्बाब्वे बनाम श्रीलंका

### श्रीलंका की टी20 वर्ल्ड कप टीम

दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कमिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चरिथ असलंका, जेनिथ लियानागे, पवन रत्नायके, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महीश तीक्षाना, दुश्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, प्रमोद मदुशन।

## बहिष्कार विवाद पर सुनील गावस्कर का पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार

● पाक बार-बार भारत से दोस्ताना पहल की उम्मीद करता है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बहिष्कार को लेकर चल रहे विवाद के बीच दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। गावस्कर का मानना है कि पाकिस्तान बार-बार भारत से दोस्ताना पहल की उम्मीद करता है, लेकिन वही रवैया कभी भारत की ओर से वापस देखने को नहीं मिला।

**आईपीएल का उदाहरण देकर पाकिस्तान पर साधा निशाना**- सुनील गावस्कर ने याद दिलाया कि साल 2008 में जब आईपीएल की शुरुआत हुई थी, तब लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी शामिल थे। इसके अलावा पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका दिया गया था। गावस्कर ने कहा, हमने पहले ही पहल की थी। 2008 में आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी थे, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से कभी वैसी कोशिश नहीं दिखी, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्ते आज जैसे खराब नहीं थे।

**सिर्फ क्रिकेट नहीं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी जिक्र**- गावस्कर ने क्रिकेट से आगे बढ़कर सांस्कृतिक रिश्तों की भी बात की। उन्होंने सवाल उठाया कि कितने भारतीय सिंगर्स या फिल्म स्टार्स को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा पहला कदम बढ़ाता है, लेकिन पाकिस्तान की ओर से ऐसा कम ही देखने को मिलता है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत किसी तरह की 'बुलींग' नहीं कर रहा, बल्कि अपने रास्ते पर चल रहा है।

**भारत-पाक मैच के बहिष्कार पर बयान**- गावस्कर की यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई है जब पाकिस्तान ने 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

# 'मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान मैच खेलने श्रीलंका आए'

### टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाक मैच को लेकर सुनील शेट्टी ने किया रिएक्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने के फैसले पर बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी का रिएक्शन सामने आया है। मुंबई में मीडिया से बातचीत के दौरान शुक्रवार को उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान का मैच होना चाहिए।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि उनकी टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगी, लेकिन 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले का बायकॉट करेगी।

इस मुद्दे पर इंडियन क्रिकेटर केएल राहुल के ससुर और एक्टर सुनील शेट्टी से जब सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, मैं चाहूंगा कि पाकिस्तान श्रीलंका में आकर खेले। न खेलने से क्या होगा? भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत जबरदस्त



राइवलरी है, जैसे एशेज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच।

### पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया

1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएल में जीवनयापन करने वोले लोगों के घर में लगेंगे निःशुल्क सोलर

**आरा**। भोजपुर जिले के कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं, विशेषकर गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले उपभोक्ताओं के घरों की छत पर 1.1 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल पूरी तरह निःशुल्क लगाया जाएगा, जिससे उनकी घरेलू बिजली जरूरतें काफी हद तक पूरी हो सकेंगी। बिहार सरकार की यह योजना बीपीएल परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। बीपीएल परिवार के उपभोक्ताओं को अब महंगे बिजली बिल की चिंता से राहत मिलेगी। सोलर पैनल से दिन के समय पंखा, लाइट, टीवी जैसे घरेलू उपकरण आसानी से चल सकेंगे, जिससे मासिक बिजली खर्च लगभग शून्य हो जाएगा। इससे गरीब परिवारों की आर्थिक बचत होगी और वे बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन सकेंगे। सरकार का उद्देश्य है कि वंचित तबके को सस्ती, सुरक्षित और स्थायी ऊर्जा उपलब्ध कराई जाए। सोलर ऊर्जा के उपयोग से न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि राज्य में हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। उपभोक्ताओं की घर लगेंगे निशुल्क सोलर पैनल योजना का लाभ लेने के लिए कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से सहमति देनी होगी। उपभोक्ता को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से एप पर रजिस्ट्रेशन कर आधार कार्ड या वोटर आईडी जैसे किसी एक पता प्रमाण पत्र के साथ घर की फोटो अपलोड करनी होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद आवेदन मान्य होगा। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आवेदन की जांच के बाद संबंधित डिस्कॉम द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयनित एजेंसी उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर पैनल की स्थापना बिना किसी शुल्क के करेगी। विद्युत आपूर्ति अंचल के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार ने कहा कि यह योजना कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और बेहतर जीवन स्तर की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने भोजपुर जिले के सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय रहते आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं। किसी भी सहायता के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत आपूर्ति कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### ईपीएफओ अंशदान हस्तांतरण में लापरवाही पर शिक्षा विभाग सख्त

**आरा**। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) ने ईपीएफओ अंशदान की राशि ईपीएफओ खाते में हस्तांतरित नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा विक्रम विकर द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (स्थापना) को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि बिहार विधान मंडल के चालू सत्र में स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों के वेतन से प्रतिमाह 1800 की कटौती के बावजूद ईपीएफओ अंशदान की राशि ईपीएफओ खाते में हस्तांतरित नहीं किए जाने से संबंधित प्रश्न उठाए जा रहे हैं, जिससे विभाग की छवि प्रभावित हो रही है। निदेशालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त कार्यरत शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों की सितंबर 2020 से अब तक ईपीएफओ अंशदान की राशि की कटौती तथा संबंधित सरकारी अंशदान की राशि ईपीएफओ खाते में हस्तांतरित हुई है या नहीं, इसकी तुरंत जांच सुनिश्चित की जाए। यदि किसी स्तर पर राशि हस्तांतरित नहीं की गई है, तो उससे संबंधित विस्तृत विवरण 24 घंटे के अंदर विभाग को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों की कटौती की गई राशि और सरकारी अंशदान को शीघ्र ईपीएफओ खाते में जमा कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा वित्तीय समस्या उत्पन्न न हो।

### 63 लाभुकों को 5.08 करोड़ की ऋण स्वीकृति व भुगतान

**बक्सर**। उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत डीएम साहिला द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र दिया गया। इस दौरान पीएमईजीपी योजना अन्तर्गत कुल 25 लाभुकों को ऋण स्वीकृति पत्र, पीएमएफएमई योजना अन्तर्गत कुल 24 लाभुकों को ऋण स्वीकृति एवं कुल 13 लाभुकों को वितरण पत्र एवं पी०एम०विश्वकर्मा योजनान्तर्गत कुल 01 लाभुक को वितरण पत्र दिया गया। इस तरह कुल 63 लाभुकों को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान किया गया। जिसमें कुल 5.08 करोड़ की राशि सन्निहित है। डीएम ने कहा कि अधिकारी और बैंकर्स यह सुनिश्चित करें कि अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो ताकि रोजगार सृजन के साथ-साथ लोगों के आर्थिक स्थिति में सुधार हो। उद्यमियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए डीएम ने कहा कि बक्सर जिला की भौगोलिक स्थिति एवं सड़क तथा रेल मार्ग की बेहतर सुविधा के कारण यहाँ पर उद्योग एवं व्यापार की असीम संभावना है। सभी लोग मिलकर समेकित रूप से बक्सर जिला को देश में उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में अपना योगदान करें। अपने साथ अन्य लोगों के लिए भी रोजगार अवसर सृजित करें तथा जिला एवं राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति के साझेदार बनें। डीएम ने कहा कि ऐसे उद्यमी जिनके पास कोई नवाचार हो वह किसी भी समय सम्पर्क कर सकते हैं तथा स्टार्टअप योजना का लाभ भी ले सकते हैं। वर्तमान समय में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उद्योगों की स्थापना हो रही है। उद्यमियों को अनावश्यक पेपर वर्क में परेशान न करें : डीएम ने सभी बैंकर्स एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया कि उद्यमियों को अनावश्यक पेपर वर्क में परेशान नहीं किया जाय एवं साप्ताहिक रूप से बैठक आयोजित कर बैठक में ही उद्यमियों के समस्याओं का निराकरण करते हुए ऋण स्वीकृति एवं वितरण करें।

### ब्रह्मपुर-बगेन मार्ग पर नाबालिग चला रहे जुगाड़ गाड़ियां, हादसे को दे हैं रहे न्योता

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर–बगेन मुख्य मार्ग पर इन दिनों नाबालिगों द्वारा जुगाड़ गाड़ियों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है, जो सड़क सुरक्षा के लिहाज से बेहद चिंताजनक स्थिति पैदा कर रहा है। बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना प्रशिक्षण और ट्रैफिक नियमों की जानकारी के कम उम्र के बच्चे खुलेआम तेज रफ्तार में जुगाड़ वाहन दौड़ाते नजर आ रहे हैं। इससे न सिर्फ उनकी जान खतरे में है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग पहले से ही अत्यंत व्यस्त रहता है। दिनभर भारी वाहनों, ऑटो, बाइक और पैदल यात्रियों की आवाजाही बनी रहती है। नाबालिग चालकों द्वारा अनियंत्रित तरीके से जुगाड़ गाड़ी चलाना किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण देने जैसा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बच्चे अचानक ब्रेक लगा देते हैं, गलत साइड से वाहन चलाते हैं और क्षमता से अधिक सामान लादकर सड़क पर निकल पड़ते हैं। इस गंभीर समस्या के बावजूद स्थानीय प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में है। न तो नियमित जांच अभियान चलाए जा रहे हैं और न ही वाहन मालिकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। नतीजतन, अभिभावकों की लापरवाही भी बढ़ती जा रही है, जो कम उम्र के बच्चों के हाथों में वाहन सौंप रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि नाबालिग चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए, जुगाड़ गाड़ियों की वैधता और फिटनेस की जांच हो तथा दोषी वाहन मालिकों और अभिभावकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना के बाद पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

### 20 मामलों की सुनवाई, 13 का समाधान

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर थाना परिसर में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर लोगों से गुलजार रहा और फरियादियों में अपनी बात सीधे रखने का उत्साह देखने को मिला। जनता दरबार में प्राप्त अधिकांश मामले भूमि विवाद, आपसी मारपीट, रास्ता विवाद तथा पारिवारिक कलह से जुड़े हुए थे। कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी थानाध्यक्ष द्वारा क्रमवार सुनवाई की गई।

# सांसद पप्पू यादव के समर्थकों का जोरदार प्रदर्शन

निज संवाददाता। आरा



पटना पुलिस ने 31 साल पुराने मामले में कोर्ट के आदेश के बाद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। जिससे समर्थकों में नाराजगी है। आरा स्टेशन परिसर के पास समर्थकों ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। पुतला फूंककर नारेबाजी की है। पप्पू यादव की गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश बताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि वर्षों पुराने मामले को लेकर अचानक की गई गिरफ्तारी लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश है। चेतावनी देते हुए कहा कि पप्पू यादव को जल्द रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**सरकार के इशारे पर कार्रवाईः** पप्पू यादव के समर्थक डॉक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि गिरफ्तारी पूरी तरह राजनीतिक साजिश का परिणाम है। कई वर्षों पुराने, लगभग खत्म हो चुके मामले को सरकार के इशारे पर दोबारा जिंदा कर पटना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इसका असली कारण यह है कि सांसद पप्पू यादव नीट घोटाले के मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक लगातार उठा रहे थे। इस मामले में बड़े पदाधिकारी और एक प्रभावशाली मंत्री के बेटे का नाम सामने आ रहा है, जिसे बचाने के लिए यह पूरा षड्यंत्र रचा गया है।

**सरकार मामले को दबाने का प्रयास कर रही हैः** ब्रजेश कुमार सिंह ने आगे कहा कि पप्पू यादव हमेशा जनता के हक में और सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ मुखर रहे हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने जनता की आवाज उठाई थी और तब भी उन्हें पुराने केस में फंसाकर एक महीने जेल में रखा गया था। आज फिर सरकार उन पर दबाव बना रही है कि वे जनहित के मुद्दे न उठाएं। वे बिहार के नेता, बिहार के बेटे और जनता के सच्चे प्रतिनिधि हैं। बिहार की बेटी से जुड़े हत्या के मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने सरकार पर लगातार दबाव बनाया और आंदोलन किया। इसी कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। एक सांसद को रात 12 बजे अपराधी की तरह गिरफ्तार करना पुलिस प्रशासन को शोभा नहीं देता। उनकी तबीयत भी खराब है, उन्हें आईजीएमएस में भर्ती कराया गया और बाद में पीएमसीएच रेफर किया गया। इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई के विरोध में पूरे बिहार सहित आरा-भोजपुर में सरकार का पुतला दहन कर विरोध जारी रहेगा।

**बेटियों की सुरक्षा और न्याय की लड़ाई लड़ी हैः** समर्थक सुजीत कुमार ने कहा कि शुक्रवार की रात करीब 12 बजे पप्पू यादव के आवास पर गिरफ्तारी के लिए पूरी पटना पुलिस को लगा दिया गया। ऐसा लग रहा था मानो किसी बड़े अपराधी की गिरफ्तारी की जा रही हो। आज पप्पू यादव की तबीयत भी खराब है। मैं पूछना चाहता हूं कि उन्होंने आखिर कौन-सा गुनाह किया है। वे तो लगातार समाज के बीच रहकर जनता की आवाज उठाते रहे हैं।

## दृष्टिहीन क्रिकेटर अनु कुमारी को 23.43 लाख रुपए का सम्मान

निज संवाददाता। बक्सर



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाली दृष्टिहीन महिला क्रिकेटर अनु कुमारी को बिहार सरकार ने 23 लाख 43 हजार 750 रुपए की सम्मान राशि प्रदान की है। सिमरी प्रखंड के मुकुंदपुर गांव की अनु आज पूरे बिहार के लिए गर्व का प्रतीक बन गई हैं। यह सम्मान राशि शुक्रवार को पटना में आयोजित एक भव्य समारोह में सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनु की संघर्षपूर्ण यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि अनु न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उनकी मेहनत और जज्बा यह साबित करता है कि हौसले बुलंद हों तो कोई भी बाधा सफलता के रास्ते में नहीं टिक सकती

**वूमेन क्रिकेट टीम की रही सदस्यः** अनु कुमारी भारतीय ब्लाइंड वूमेन क्रिकेट टीम की अहम सदस्य रही हैं। पिछले वर्ष भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय वूमेन ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराकर विश्व चैंपियन का खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक जीत में अनु की भूमिका निर्णायक रही। फाइनल मुकाबले में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 114 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने महज 12.1 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। अनु ने मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके और बल्लेबाजी में 14 गेंदों पर 24 रन बनाकर टीम की जीत की नींव रखी। दबाव भरे क्षणों में उनका संयम और आत्मविश्वास टीम के लिए गेम चेंजर साबित हुआ।

**मजबूत इरादों की मिसाल है अनुः** क्रिकेट विशेषज्ञों ने अनु के प्रदर्शन को फाइनल की सबसे बड़ी खासियतों में से एक बताया।

## पैसों के विवाद में युवक पर हमला

निज संवाददाता। आरा



आरा में पैसों के विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला हुआ है। सिर और कान के पास गंभीर चोटें आई हैं। अधमरी हालत में छोड़कर बदमाश मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान बक्सर जिले के धरौली गांव निवासी नथुनी राम के पुत्र प्रमोद कुमार(38) के तौर पर हुई है। पिछले तीन महीनों से बाजार समिति इलाके में एक होटल में काम कर रहा था। घटना नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति स्थित मुसहर टोली की है।

**पैसा देने से मना करने पर माराः** प्रमोद ने बताया कि शुक्रवार देर शाम काम खत्म होने के बाद होटल से निकला। मुसहर टोली में कुछ लोगों के साथ नशा करने गया था। जहां उसने नशा के लिए सौ रुपए दिए। इस दौरान वहां पहले से मौजूद बदमाशों ने मेरे से पैसे कि डिमांड की। इनकार करने पर मारना शुरू कर दिया। धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा। इस बीत हमलावरों ने पैकेट से 2 हजार रुपए निकाल लिए।

**युवक की हालत गंभीरः** वहीं, अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने बताया कि युवक के सिर में नुकीले हथियार से गहरी चोट लगी है। इमरजेंसी वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद सीटी स्कैन कराया जा रहा है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसः** फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

## चालान और ऑटो स्टैंड को शिफ्ट करने का विरोध

निज संवाददाता। आरा



आरा में जिला प्रशासन की दोहरी नीति के खिलाफ शनिवार को ऑटो मालिकों और चालकों का आक्रोश फूट पड़ा। स्टैंड को शिफ्ट किए जाने और बेवजह चालान काटे जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। रेलवे स्टेशन के पास त्रिभुआनी मोड़ के पास जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान चालकों ने ऑटो में सवार यात्रियों को बीच रास्ते में उतार दिया और अपनी गाड़ी को सरकारी बस स्टैंड में खड़ा कर विरोध जताया।

**यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ाः** अचानक हुए इस प्रदर्शन के कारण स्टेशन के आसपास कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खासकर स्टेशन पहुंचने और वहां से बाहर जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों को पैदल ही गंतव्य की ओर जाना पड़ा, जबकि कुछ यात्रियों ने वैकल्पिक साधनों का सहारा लिया। चालकों का कहना था कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के ऑटो स्टैंड को हटाना और आए दिन बेवजह चालान काटना प्रशासन की तानाशाही है। इससे उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है। प्रशासन से ऑटो स्टैंड को यथास्थान रखने और अनावश्यक चालान पर रोक लगाने की मांग की।

**200 रुपए कमाना भी मुश्किल हैः** बिहार राज्य ऑटो संघ के सचिव किरण राज ने बताया कि आज हम लोग हड़ताल नहीं किए हैं, लेकिन सभी मिलकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने हम लोगों को सरकारी बस स्टैंड में स्थानांतरित किया है, उसके लिए दिल से धन्यवाद देते हैं, लेकिन सरकारी बस स्टैंड सुरक्षित नहीं है। आने वाले समय में हम लोग काफी तंग होंगे। यहां लगने से कोई भी ऑटो मालिक दिन भर में 100 से 200 रुपए से ज्यादा नहीं कमा पा रहा है। रेलवे स्टेशन परिसर में जिला प्रशासन की ओर से टेंडर कर दिया गया है। वहां से ऑटो भी चलाया जा रहा है। लेकिन सैकड़ों ऑटो को सरकारी बस स्टैंड में लगवाकर उनके साथ दोहरी नीति अपनाई जा रही है। रेलवे स्टेशन परिसर से यात्री ऑटो पकड़ कर चल जा रहे हैं। जो सरकारी बस स्टैंड में लगा है, वहां तक पैसेंजर नहीं आ पा रहे हैं। इस दोहरी नीति के कारण ऑटो मालिक और चालकों में आक्रोश पैदा हो रहा है। उनका कहना है कि स्टेशन परिसर से ऑटो फूल होकर जा रहा है जबकि हमलोग लाइन में खड़े रह जा रहे हैं। जब सड़क किनारे हम लोग पैसेंजर को उतारते हैं तो वहां पर 5000 फाइन काट दी जा रही है। हमारी मांग है कि पर फाइन काटना बंद करें। जो तत्कालीन एसपी विनय तिवारी के रीजन में ऑटो के लिए रूट तय किया गया था, उसे दोबारा लागू किया जाए। रूट के साथ पुलिस कोड दिया जाए। साथ ही जहां ऑटो लगाया जाता है, वहां से अतिक्रमण हटाया जाए।

# नितिन नबीन के स्वागत को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां में जुटी भाजपा

निज संवाददाता। आरा




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद 9 फरवरी को पटना पहुंच रहे नितिन नबीन के भव्य स्वागत और अभिनंदन समारोह को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां तेज कर दी गई है। इसको लेकर रविवार को भाजपा भोजपुर जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पदाधिकारी, मोर्चा और प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, संयोजक, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष सहित प्रमुख नेता शामिल हुए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू ने कहा कि यह बिहार के लिए गौरव का क्षण है, जब राज्य की धरती से निकले एक कुशल संगठनकर्ता और अनुभवी कार्यकर्ता को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के स्वागत में भोजपुर का एक-एक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पटना पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करेगा। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि शक्ति केंद्र से लेकर मंडल और जिला स्तर तक के पदाधिकारियों को अभिनंदन समारोह में जिले के सभी वर्गों और क्षेत्रों से जुड़े लोगों को शामिल कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि भोजपुर से हजारों कार्यकर्ता पटना पहुंचेंगे और समारोह को ऐतिहासिक बनाएंगे।

**बिहार भाजपा के लिए ऐतिहासिक होने जा रहाः** शाहाबाद के क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट ने कहा कि 09 फरवरी का दिन बिहार भाजपा के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार बिहार पहुंच रहे नितिन नबीन के अभिनंदन का अवसर पूरे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। भाजपा के जिला प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन जैसे समर्पित कार्यकर्ता को राष्ट्रीय नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर बिहार का मान बढ़ाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बापू सभागार में आयोजित समारोह में शामिल होकर पटना को पाट दें। पूर्व सांसद मीना सिंह ने कहा कि 09 फरवरी को आरा से पटना तक कार्यकर्ताओं का कारवां सड़कों पर नजर आएगा। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि भाजपा ही ऐसा दल है, जहां कार्यकर्ता शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने की, जबकि संचालन महामंत्री नरेंद्र तिवारी ने किया।

## सड़क हादसे एक की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना लेवाड़ गांव के पास बस और बाइक की आमने-सामने की टक्कर से हुई। प्रत्यक्षदर्शी रवि पटेल के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुआ जब एक तेज रफ्तार बस उल्टी लेन में आ रही थी। इसी दौरान बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि नया भोजपुर के अंदर सवारी उठाने के लिए बसें अक्सर रॉन्ग साइड में चलती हैं, क्योंकि वहां कोई डायवर्सन नहीं है। इस वजह से इस क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

**पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल में करावाया भर्तीः** जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर डुमरी गांव की ओर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल सदर अस्पताल भिजवाया और बस को अपने कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। हालांकि, तीनों में से एक के पास से छट्ठू साह नाम का आधार कार्ड मिला है, जिस पर पता डुमरी गांव अंकित है। परिजनों के पहुंचने के बाद ही मृतक की सही पहचान स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## साइबर पुलिस ने तीन ठगों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



आरा साइबर पुलिस ने ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। दूसरे के नाम पर बैंक खाता खुलवाकर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक बैंक का मार्केटिंग पदाधिकारी भी शामिल है, जो कमीशन के बदले फर्जी तरीके से अकाउंट खुलवाने में साइबर ठगों की मदद करता था। आरोपियों की पहचान गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बीबीगंज निवासी रोहित कुमार, मसाढ़ के मोहित कुमार और कोईलवर थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी सुमन सौरभ चौहान के तौर पर हुई है। सुमन सौरभ चौहान एक निजी बैंक में मार्केटिंग पदाधिकारी के पद पर कार्यरत है। पुलिस ने तीन मोबाइल भी जब्त किए हैं, जिनकी जांच में साइबर ठगी से जुड़े अहम साक्ष्य मिले हैं।

**पूछताछ के बाद साइबर थाना को सौंपाः** साइबर डीएसपी स्नेह सेतू ने बताया कि इन फर्जी बैंक खातों से महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान से साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें दर्ज थी। पीड़ितों से ठगी की गई रकम इन्हीं म्यूल बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती थी। पांच फरवरी 2026 को आरा नगर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक दूसरे लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने रोहित कुमार और मोहित कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ और मोबाइल जांच में ठोस साक्ष्य मिलने के बाद दोनों को आरा साइबर थाना को सौंप दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया जरूरतमंद और भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे।

**बैंककर्मियों की संलिप्तता सामने आईः** इसके बाद पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज गिरोह के सरगना को सौंप दिए जाते थे। इन खातों का उपयोग साइबर ठगी की रकम मंगाने के लिए किया जाता था। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क में कुछ बैंक कर्मियों की संलिप्तता रही है। कमीशन के बदले फर्जी तरीके से खाते खुलवाने और उन्हें सक्रिय कराने में मदद की जाती थी। इसी कड़ी में बैंक मार्केटिंग पदाधिकारी सुमन सौरभ चौहान की भूमिका सामने आई, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साइबर पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रत्येक बैंक खाता खुलवाने पर करीब तीन हजार रुपए का लालच देते थे। अब तक 26 से 27 फर्जी बैंक खाते खुलवाए गए थे। फिलहाल पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## जीविका मेले में 256 युवाओं का ऑन-द-स्पॉट चयन

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर में जीविका द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) के तहत शुक्रवार को चौगाई प्रखंड कार्यालय के समीप खेल मैदान परिसर में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 875 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 256 को मौके पर ही नौकरी के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी बक्सर श्रीमती साहिला, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका बक्सर तथा जीविका दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सुबह से ही जिले भर के युवाओं की भारी भीड़ रोजगार पाने की उम्मीद में मेले में उमड़ पड़ी थी।

**14 कंपनियों ने लगाए अपने स्टॉलः** मेले में कुल 14 विभिन्न कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। इनमें टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, ई-कॉम एक्सप्रेस (ब्लिंकिट), पेप्सी (वरुण बेवरेजेज), कोका-कोला, उत्कर्ष स्मॉल माइक्रोफाइनेंस बैंक, एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज, एचसीएल, NIIT फाउंडेशन और टीम लीज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल थीं। इन कंपनियों ने युवाओं को प्रशिक्षण, नौकरी और स्वरोजगार से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की। पंजीकृत 875 युवाओं में से 256 का प्राथमिक रूप से ऑन-द-स्पॉट चयन किया गया। इसके अतिरिक्त, 210 अभ्यर्थियों ने रोजगार के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया। चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

**युवाओं को भी दिला रही रोजगारः** जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला ने अपने संबोधन में कहा कि जीविका केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है, ताकि महिलाएं और युवा आर्थिक व मानसिक रूप से सशक्त बन सकें। अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर प्रदान करने का एक सशक्त मंच हैं। उन्होंने बताया कि यहां प्रशिक्षण, रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होती है, जिसका युवाओं को भरपूर लाभ उठाना चाहिए।